
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार , 04 मार्च 2025

वर्ष 06, अंक 155, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

देर रात तक दुल्हन करती रही इंतजार....03

नहर विभाग की निगरानी के बावजूद लूट का खेल जारी...04

# जाति समूह मंदिरों के प्रशासन पर विशेष अधिकार का दावा नहीं कर सकते : उच्च न्यायालय मद्रास



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि विभिन्न जाति समूह किसी देवता की पूजा करने के अलग-अलग तरीकों का पालन कर सकते हैं, लेकिन किसी भी जाति समूह का सदस्य यह दावा नहीं कर सकता कि मंदिर केवल उनका है और इसलिए केवल उन्हें ही इसके प्रशासन का विशेष अधिकार है। यह अवधारणा अस्वीकार्य है कि कोई मंदिर किसी खास जाति का है। न्यायमूर्ति डी. भरत चक्रवर्ती ने कहा कि जाति के आधार पर मंदिरों को अलग करने से जातिवाद को बढ़ावा मिलेगा। न्यायमूर्ति डी. भरत चक्रवर्ती ने नमक्कल जिले के तिरुचेंगोडे तालुक के मारापराई गांव के सी. गणेशन द्वारा दायर रिट याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में दो अन्य मंदिरों के साथ संयुक्त रूप से संचालित पोंकलियाम्मन मंदिर को अलग करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने मंदिर प्रशासन को अलग करने के लिए हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती (एचआर एंड सीई) विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा की गई सिफारिश पर भरोसा किया था और एचआर एंड सीई आयुक्त को सिफारिश पर कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी। हालांकि, न्यायमूर्ति चक्रवर्ती ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपने रिट अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए न्यायालय ऐसी सिफारिश को स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, ÷जातिविहीन समाज संवैधानिक लक्ष्य है। इसलिए, जाति को कायम रखने से संबंधित किसी भी बात पर न्यायालय विचार नहीं कर सकता। न्यायाधीश ने लिखा, यह अदालत याचिकाकर्ता द्वारा दायर हलफनामे से इस बात का अंदाजा लगा सकती है कि वह किस गंभीरता से जाति नामक चीज का पीछा कर रहा है... लेकिन यह अवधारणा कि कोई विशेष मंदिर किसी विशेष जाति का है, अस्वीकार्य है। जाति के आधार पर मंदिरों को अलग करने से जातिवाद को बढ़ावा ही मिलेगा। इससे पहले, मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि वह रिट याचिकाकर्ता द्वारा दायर हलफनामे में जातिगत उन्माद देख सकते हैं और आश्चर्य व्यक्त किया कि लोग, विशेषकर तमिलनाडु के पश्चिमी क्षेत्र के लोग, जातिगत गौरव को लेकर इतने पागल क्यों हैं। यह अदालत देख सकती है कि ज़मीन पर क्या हो रहा है। हर चीज़ की एक सीमा होती है। जाति उन्माद अपनी सीमा से आगे निकल गया है और इस हद तक पहुँच गया है कि जिन माता-पिता ने बच्चों को जन्म दिया है, वे ऑनर किलिंग के नाम पर उनकी हत्या कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि जाति नाम की इस चीज़ को खत्म किया जाए, जज ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न सामाजिक समूहों के पूजा के विभिन्न तरीकों के पारंपरिक अधिकार को बरकरार रखा है। इसलिए, कोई भी ऐसे अधिकार में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। हालांकि, उन्होंने कहा कि मंदिर का प्रशासन करने के लिए किसी जाति समूह के किसी भी अधिकार को मान्यता देने वाला कोई कानून नहीं है।

## तमिलनाडु में जाति प्रमाण पत्र बड़ी समस्या प्रतीत होती है, इसमें बहुत बड़ा रैकेट चलता है : सुप्रीम कोर्ट

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में तमिलनाडु राज्य में फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के पीछे एक ÷बड़े रैकेट÷ के अस्तित्व के संबंध में प्रथम दृष्ट्या टिप्पणी की।न्यायालय ने यह टिप्पणी तमिलनाडु में हजारों लोगों को हिंदू कोंडा रेड्डी समुदाय से संबंधित होने का प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित मामलों पर सुनवाई करते हुए की।न्यायालय ने कहा, ÷जाति प्रमाण पत्र तमिलनाडु राज्य में एक बड़ी समस्या बन गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों ऐसे प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, जो लोगों को अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आने वाले हिंदू कोंडा रेड्डी समुदाय का सदस्य बताते हैं। अदालत ने कहा, फिलहाल हम कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं, लेकिन प्रथम दृष्ट्या यह एक बड़ा रैकेट प्रतीत होता है। यह बेहद खतरनाक बात है। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें कई लोगों को हिंदू कोंडा रेड्डी समुदाय का सदस्य बताते हुए प्रमाण पत्र जारी किए गए थे, जिन्हें अनुसूचित जनजाति घोषित किया गया



था।सर्वोच्च न्यायालय ने एक राज्य स्तरीय जांच समिति को प्रमाण पत्रों की वास्तविकता की जांच करने तथा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया ताकि न्यायालय इन मामलों पर निर्णय ले सके। एक मामले में प्रतिवादी ने दावा किया कि वह रेड्डी समुदाय से है और इसलिए उसने अपने बेटे के लिए जाति प्रमाण पत्र मांगा। हालांकि, राजस्व विभागीय अधिकारी (आरडीओ) द्वारा जांच किए जाने के बाद इसे अस्वीकार कर दिया गया। मद्रास उच्च न्यायालय ने प्रतिवादी की अपने बेटे को सामुदायिक प्रमाण पत्र जारी करने की याचिका को स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय जांच समिति यह जांच करेगी कि परिवार रेड्डी समुदाय से है या नहीं। इस आदेश के खिलाफ राज्य ने एसएलपी दायर की और पिछले साल अंतरिम आदेश के रूप में स्थगन दिया गया । पिछले सप्ताह न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में संशोधन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि प्रमाण-पत्रों की वास्तविकता के दावों की पुष्टि की जा सके। न्यायालय ने राज्य स्तरीय जांच समिति को इन मामलों में जारी जाति प्रमाण-पत्रों की वास्तविकता के दावों पर 6 सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट प्रस्तुत होने के बाद न्यायालय प्रत्येक याचिका पर स्वतंत्र रूप से विचार करेगा और गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेगा। कोर्ट ने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये प्रमाण पत्र असली हैं या नहीं। हम यह भी जानना चाहेंगे कि इलाके में हजारों लोगों ने किस तरह से जाति प्रमाण पत्र हासिल किए हैं।÷न्यायालय ने आगे कहा कि समिति को निष्पक्ष, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

## दर्दनाक हादसा- डंपर ने आटों रिक्शा को मारी टक्कर चार की मौत, सात गंभीर रूप से घायल

**स्वतंत्र प्रभात**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के गंगापुर बरस गांव के पास सोमवार को तेज रफ्तार डंपर ने आटों रिक्शा वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। जिसे आटों रिक्शा में सवार चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसमें सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया, जहां सभी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सुबह कस्बे के वीरा पासी चौक से सीएनजी संचालित आटों रिक्शा में चालक कस्बे के महेश नगर मोहल्ला निवासी रजनीश उर्फ मोनू शर्मा (28) पुत्र उमाशंकर सवारियां बैठाकर रायबरेली की ओर जा रहा था, तभी गंगापुर बरस गांव के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार बेकाबू डंपर ने उसके वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आटों रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक पांच साल की मासूम बिटिया समेत सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। वहां देखने वाले राहगीरों का मजमा लग गया। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। घायल सात लोगों में से पांच घायलों की ही शिनाख्त हो सकी है, जबकि मृतकों में वाहन चालक समेत खीरों के थाना क्षेत्र एकौनी गांव के रहने वाले निगम बेड़िया (23) पुत्र जयपाल के रूप में पहचान की गई है। पुलिस ने जरूरी लिखापढ़ी के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक मोनू शर्मा माता पिता का इकलौता लड़का था। बहन रजनी की शादी हो चुकी है। मां मीना देवी बहन रजनी के यहां कानपुर में इलाज करने गई थी।



वहीं पर उसे हादसे की सूचना दी गई। मृतक निगम बेड़िया सात भाइयों में तीसरे नंबर का था। हादसे के बाद परिवार में हाहाकार मच गया। परिजनों ने बताया कि वह बैंड बजाने का काम करता था। सुबह-सुबह गौरीगंज में एक कार्यक्रम में बैंड बाजा बजाने ही जा रहा था। उससे पहले ही वह हादसे का शिकार हो गया। हादसे में मारे गए दो अन्य मृतकों की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दो मृतकों की पहचान की गई है। डंपर चालक को हिरासत में लिया गया है। वाहन पुलिस के कब्जे में है। आटों रिक्शा सवार घायलों में लालगंज क्षेत्र के शोभवापुर की रहने वाली सारिका (38) पत्नी सुनील कुमार के परिवारीजनों ने बताया कि वह अपनी मां बुद्धन देवी (55) अपनी पांच वर्षीय बेटी मधु के साथ पति से चल रहे विवाद के मुकदमे की तारीख में शामिल होने जा रही थी। वहीं सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे मुन्नी सिंह मजरे बैरुआ रामपुर के रामसेवक (65) पुत्र विष्णु कुमार भी उसी आटों रिक्शा में सवार थे उनकी भी हालत गंभीर है। परिजनों ने बताया कि वह भी सिविल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की तारीख में उपस्थित होने रायबरेली जा रहे थे। वहीं सरेनी थाना क्षेत्र के छिवलहा ही रहने वाली बबली सिंह (35) पत्नी तेज प्रताप को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पछुआ हवा से फसल उत्पादन होगा प्रभावित

**सिद्धार्थनगर।** मौसम में उतार चढ़ाव एवं तेज पछुआ हवा के वजह से क्षेत्र के किसानों की खेतों में लगी रबी फसलों को नुकसान हो सकता है। किसानों की मानें तो मौसम में अचानक परिवर्तन तथा दो दिनों से चल रही तेज पछुआ हवा के कारण रबी फसलों की बढ़वार प्रभावित हो रही है। अभी कम से कम होली तक वातावरण में ठंड की जरूरत थी। तेज पछुआ हवा चल रही है। जिससे खेतो की नमी प्रभावित होगी जिसका असर सीधे फसल उत्पादन पर पड़ेगा। उसका बाजार स्थित कृषि रक्षा इकाई रानीगंज के प्रभारी रणवीर ने कहा है की पछुआ हवा से खेती की नमी काम होगी जिससे फसल उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 25वर्षीय युवक की मौत।

**बेनीगंज/हरदोई।** थाना क्षेत्र के सुखई पुरवा गांव का युवक बाजार से घर वापस आते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से लहूलुहान हो गया। ग्रामीणों की मदद से युवक को सी.एच.सी. लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जिला पर भेजा है। परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। बता दें कोतवाली बेनीगंज प्रताप नगर चौकी क्षेत्र गांव सुखई पुरवा गांव निवासी मृतक के भाई अर्पित ने बताया गांव में ही मौसी के वहां शादी समारोह कार्यक्रम था। मेरा भाई कपिल पुत्र श्रीराम 25 वर्ष आज सोमवार को मोटर साईकिल से नयागांव बाजार दोपहर करीब 12 बजे किसी काम से गया था। घर वापस आते समय घेरापुल के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से लहूलुहान हो गया। प्राथमिक उपचार हेतु कोथावां सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने भाई को मृत घोषित कर दिया। मृतक शादी शुदा नहीं। दो भाइयों में छोटा है। मृतक संडीला में प्लाईवुड फैक्ट्री में कार्य करता था। इस दुखद घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। उपरोक्त घटना पर कस्बा इंचार्ज फहीम खान ने बताया है मृतक का पंचनामा भरकर जिला पर भेज दिया गया है आगे विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जिलाधिकारी के प्रयासों से 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर केएमसी यूनिट शुरू, 7 पर काम जारी

**स्वतंत्र प्रभात**

**ब्यूरो गोंडा।** जिले में नवजात शिशुओं की देखभाल को बेहतर बनाने के लिए 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर कंगारू मदर केयर यूनिट शुरू की जा चुकी हैं, जबकि 7 सीएचसी पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है। यह यूनिट विशेष रूप से कमजोर और समय से पहले जन्मे नवजातों के लिए बनाई गई हैं, जहां मां और शिशु को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। इस पहल का उद्देश्य नवजात मृत्यु दर को कम करना, स्तनपान को बढ़ावा देना और माताओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है। गोंडा जिले में पहली बार नवजात शिशुओं को ऐसी विशेष सुविधा मिलने से माताओं को भी राहत मिलेगी, और नवजातों को सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन की बेहतर शुरुआत मिलेगी।

**पहली बार नवजात शिशुओं को मिलेगी ऐसी व्यवस्था**

गोंडा जिले में पहली बार नवजात शिशुओं



के लिए ऐसी आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक कमजोर नवजातों को केवल एनबीएसयू (Newborn Stabilization Unit) में भर्ती किया जाता था, लेकिन केएमसी यूनिट की शुरुआत से माताएं अपने शिशु की देखभाल में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। यह व्यवस्था त्वचा से त्वचा के संपर्क (Skin-to-Skin Contact) के जरिए नवजातों को ऊष्मा, पोषण और सुरक्षा प्रदान करेगी।

**मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (MNCU) की अनूठी पहल**

गोंडा जिले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा के प्रयासों से मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट की स्थापना की गई है, जिसमें मां और नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब डिलीवरी रूम, बीमार नवजातों के लिए एनबीएसयू और केएमसी यूनिट एक साथ होंगे, जिससे माताओं और नवजातों को अलग-अलग स्थानों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे चिकित्सकीय देखभाल सुचारू होगी और शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी।

**इन 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शुरू हुई सुविधा**

सीएचसी खरगूपुर,सीएचसी कर्नलगंज, सीएचसी वजीरगंज,सीएचसी मनकापुर, सीएचसी इटियाथोक,सीएचसी छपिया, सीएचसी कटरा बाजार,सीएचसी नवाबगंज, सीएचसी तरबगंज,इसके अलावा, परसपुर, हलधरमऊ, बेलसर, मुजेहना, पंडरी कृपाल, बभनजोत और काजीदेवर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में केएमसी यूनिट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इन केंद्रों पर इस महीने के अंत तक यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

**जनवरी 2025 में शुरू हुआ था निर्माण कार्य**

केएमसी यूनिट्स की स्थापना के लिए जनवरी 2025 में कार्य शुरू किया गया था। सरकार और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से इन यूनिट्स का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया गया, ताकि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जा सके।गोंडा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा, यह पहल जिले के नवजात शिशुओं और माताओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। केएमसी यूनिट से कमजोर और समय से पहले जन्मे शिशुओं को बेहतर देखभाल मिलेगी, जिससे शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। स्वास्थ्य विभाग इस योजना को जल्द पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहा है।

## तेज रफ्तार का कहर : भीषण सड़क हादसे में माँ बेटी सहित 4 लोग हुए घायल

**स्वतंत्र प्रभात**

**संग्रामपुर, अमेठी।** सोमवार को थाना संग्रामपुर क्षेत्र के प्रतापगढ़ अमेठी रोड के अम्मरपुर मोड़ पर ई - रिक्शा को पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ई-रिक्शा पर सवार चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पी आर बी टीम की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दरअसल पूरा मामला क्षेत्र के दला का पुरवा मजरे बनवीरपुर निवासी नरेंद्र यादव पुत्र माधव यादव उम्र लगभग 55 वर्ष बहन ऊषा देवी पुत्री बेनी माधव उम्र लगभग 50 वर्ष और अपनी दो पुत्री हिमांशी व मानसी के साथ ई- रिक्शा में बैठकर अमेठी रेलवे स्टेशन जा रहे। जिसके लिए उन्होंने किशुनगंज निवासी अमित मिश्रा पुत्र उमेश मिश्रा उम्र 28 वर्ष प्रतापगढ़ के ई- रिक्शा को



दला के पुरवा से अमेठी ले जाने के लिए बुक किया था। और ई - रिक्शा पर पूरा समान सहित सवारी अमेठी जा रही थी कि तभी अमेठी- प्रतापगढ़ मार्ग के अम्मरपुर मोड़ से जैसे ही अमेठी दिशा के लिए ई-रिक्शा आगे बढ़ा की अमेठी की दिशा से तेज गति से आ रही बोलेरो ने पीछे से ई- रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और साथ ही उसमें बैठी सवारी चालक सहित गंभीर रूप से घायल हो गयी वहीं राहगीरों की मदद से 112 पर फोन करके इसकी सूचना दी गई जिससे मौके पर पी आर बी टीम पहुंच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले गयी।

**लापरवाही** ग्रामीणों का आरोप....साहब! राज बदला है, रिवाज नाई, पईसा म बड़ी ताकत

# मिट्टी का खनन जोरों पर, जिम्मेदार बेखबर

**स्वतंत्र प्रभात**

**मलिहाबाद, लखनऊ।** मलिहाबाद तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है।इसे जिम्मेदारों की मिलीभगत समझी जाए या फिर लापरवाही। आपको बता दें कि मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के कई गांवों में खनन माफिया धरती का सीना चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।इस दिनों तहसील क्षेत्र अंतर्गत मिट्टी खनन का कार्य जोरों पर है। खनन माफिया धरती का सीना चीर रहे हैं। जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। इस समस्या पर लगाम लगाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी संजीदा दिखाई नहीं देते। जिससे खनन माफियाओं का अवैध धंधा खूब फल-फूल रहा है।लोगों का आरोप है कि माफिया तहसील प्रशासन और पुलिस को मोटी रकम देकर यह धंधा कर रहे हैं।




**जिम्मेदारों पर भी सवाल**

मलिहाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत बेरोकटोक खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिससे तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

**सह या अनदेखी**

शासन व प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। खनन माफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का करोबार किया जा रहा है और खनन विभाग को इसकी भनक तक भी नहीं है या यह कहे कि उनकी सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है। इस कारोबार से जहां खनन माफिया मालामाल हो रहे हैं, वहीं हर महीने सरकार को करोड़ों के राजस्व की भी हानि हो रही है। अवैध खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन का गोरखधंधा बेरोकटोक चल रहा है। कानून महज कागजों में दर्ज हैं। जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मिट्टी खनन के खेल में लिप्त माफियाओं और दबंगों से लेकर सफेदपोश हस्तियों के हाथ में है। कोई इसका विरोध नहीं कर सकता।

मलिहाबाद तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है।इसे जिम्मेदारों की मिलीभगत समझी जाए या फिर लापरवाही।

आपको बता दें कि मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के कई गांवों में खनन माफिया धरती का सीना चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।इस दिनों तहसील क्षेत्र अंतर्गत मिट्टी खनन का कार्य जोरों पर है। खनन माफिया धरती का सीना चीर रहे हैं। जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। इस समस्या पर लगाम लगाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी संजीदा दिखाई नहीं देते। जिससे खनन माफियाओं का अवैध धंधा खूब फल-फूल रहा है।लोगों का आरोप है कि माफिया तहसील प्रशासन और पुलिस को मोटी रकम देकर यह धंधा कर रहे हैं।

**जिम्मेदारों पर भी सवाल.........**

मलिहाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत बेरोकटोक खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिससे तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

**सह या अनदेखी.......**

शासन व प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। खनन माफिया द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का करोबार किया जा रहा है और खनन विभाग को इसकी भनक तक भी नहीं है या यह कहे कि उनकी सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है। इस कारोबार से जहां खनन माफिया मालामाल हो रहे हैं, वहीं हर महीने सरकार को करोड़ों के राजस्व की भी हानि हो रही है। अवैध खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन का गोरखधंधा बेरोकटोक चल रहा है। कानून महज कागजों में दर्ज हैं। जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मिट्टी खनन के खेल में लिप्त माफियाओं और दबंगों से लेकर सफेदपोश हस्तियों के हाथ में है। कोई इसका विरोध नहीं कर सकता।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर को प्लस सुरक्षा की मांग



**बस्ती।** बस्ती जिले में सोमवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी के जरिए गृह मंत्री को ज्ञापन भेजा है। इस ज्ञापन में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉक्टर अरविंद राजभर को प्लस सुरक्षा की मांग की गई है।जान से मारने की धमकीजिलाध्यक्ष मनोज राजभर ने बताया कि डॉ अरविंद राजभर को सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में मुकदमा पंजीकृत है और आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिएसुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने डॉ अरविंद राजभर को प्लस सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। यह मांग ज्ञापन के माध्यम से गृह मंत्री को भेजी गई है इस दौरान मुख्य रूप से युवा मंच जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार राजभर, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी जी, आईटी सेल जिला अध्यक्ष दीपक यादव, मन्डल महासचिव रामपाल राजभर, विधानसभा कप्तानगंज आशीष राजभर, जिला प्रमुख महासचिव राजेश राजभर, संदीप चौहान, राजू चौहान, अजय राजभर, विजय राजभर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया स्वच्छता अभियान



**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील के कार्यकर्ताओं द्वारा स्ध्वस्त्र आयाम के तहत प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है इसी के निमित आज जिला मुख्यालय पर स्थित बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और लोगों को जागरूक किया गया है अपने नगर और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए विधार्थी परिषद तहसील संयोजक शिवम राणा ने बताया कि हम जैसा युवा विधार्थी परिषद से जुड़कर ऐसे समाज हित में कार्य करते रहते हैं हम ने यह ठाना है अम्बेडकरनगर को स्वच्छ बनाना है, तहसील सह संयोजक सुर्यांश ने बताया की आज हम बाबा साहब की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाकर यह साबित किया की अगर हम सब युवा मिलकर अपने महान व्यक्तियों के व्यक्तित्व को निखारेंगे तो आज की युवा पीढ़ी भी जागरूक होगी। मुख्य रुप से आयुष,अनु गौड़,प्रियांशु, उपस्थित रहे।

## इस्माइल ट्रेन संस्था द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया



**बलरामपुर** संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में सोमवार को होंठ कटे एवं तालु कैंप का आयोजित इस्माइल ट्रेन संस्थान एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 90 बच्चो का हुआ पंजीकरण किया गया। जिसमे से कटे-फटे होंठ एवंम कटे तालू के इलाज के लिए 60 बच्चों को लखनऊ रेफर किया । जहाँ उनके इलाज, रहने ,खाने की व्यवस्था निःशुल्क की जायेगी । शेष बच्चों को भी जल्द ही भेजा जायेगा। इस मौके पर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि शिविर का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रति लोगो में जागरूकता फैलाना तथा गरीब बच्चों व परिजनों को उनके चेहरों पर नयी मुस्कान देना है । उन्होंने कहा कि शिविर में इलाज हेतु चयनित बच्चों का ऑपरेशन और सम्पूर्ण इलाज निशुल्क है और बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तमाम गरीब असहाय परिवार और बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है । उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है । कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों में जन्मजात कटे होंठ व तालू, दिल का छेद, कम सुनना, अस्थि रोग, पैर का घुमा हुआ होना जैसी करीब 42 प्रकार की जन्मजात बीमारियों का भी निःशुल्क इलाज कराया जा रहा है। मौके पर डॉ मोसिन सिद्दीक़ी डॉ अरिफ , डॉ हीरा लाल, मनु श्रीवास्तव, गंगाधर, जनार्दन प्रसाद, सोबर लाल सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं09984550786, 9235435014 के पर संपर्क कर सकते हैं।

# मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टेउट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के निर्देशानुसार मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती की अध्यक्षता में कलेक्टेउट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। उन्होने निवेशमित्र पोर्टल पर विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों को समयान्तर्गत निस्तारित करें। उन्होने बैठक में उपस्थित उद्यमियों की समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरतपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, औद्योगिक इकाईयों की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विचार की समीक्षा करते हुए उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि बैठक में दिये गये निर्देशों का अधिकारीगण शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

व्यापार बंधु की बैठक में विभिन्न व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी समस्या रखी गयी, जिस पर मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा संबधित विभागों को निर्देशित करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में व्यापारियों द्वारा जिलें में जलभराव, जर्जर सड़को व यातायात जाम तथा बंदरों की समस्या के संबध में मुख्य राजस्व अधिकारी को अवगत कराया गया, जिस पर उन्होने संबधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप एवं उपायुक्त राज्य कर उपेन्द्र यादव ने किया। इसमें प्रभारी सीडीओ राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, एलडीएम आर.एन. मौर्या, एआरटीओ पंकज कुमार, महासचिव चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इण्ड0 एच0सी0शुक्ला एवं अध्यक्ष अशोक सिंह, इण्डस्ट्रियल डेवलपमेण्ट एसोसीएशन अनिल सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं उद्यमीगण तथा जिले के प्रमुख उद्योगपति, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## आठ मार्च को किया जाएगा वृहद सम्मान समारोह का आयोजन

**चित्रकूट ब्यूरो।** आगामी आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में सोमवार को चित्रकूट स्पोर्ट क्लब के पदाधिकारियों ने अटल पार्क में बैठक का आयोजन किया। जिसमें आगामी आठ मार्च को महिलाओं को सम्मानित करने के लिए वृहद सम्मान समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक वृहद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त उच्च अधिकारियों, सम्मानित जनप्रतिनिधियों, एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को क्लब द्वारा चित्रकूट महिला रत्न-2025 सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा एवं कार्य योजना को अंतिम रूप प्रदान किया गया। साथ ही समारोह का संयोजक क्लब के संरक्षक तुषार कांत शास्त्री को बनाया गया। इस मौके पर क्लब के मुख्य संरक्षक पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक गुप्ता, संरक्षक प्रेम शंकर शुक्ला, राम मनोहर वर्मा, अशोक सेन, अशोक प्रजापति, महेश प्रजापति, साकेत बिहारी शुक्ला, गीत श्रीवास्तव, शशि भूषण सिंह, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजस्वकर्मी पर रिश्वत लेकर फर्जी आय प्रमाण पत्र बनाने का आरोप

**● ऊपर के अधिकारियों के सहयोग से राजस्व विभाग लेखपाल मनमाने पैसा वसूल रहे हैं जनता से और फर्जी कामों में लिप्त पाए जा रहे हैं लेखपाल**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तीजिले में रिश्वत की बुनियाद पर राजस्वकर्मी धड़ल्ले से फर्जी आय प्रमाण पत्र बना रहे हैं। प्रशासनिक अमला ऐसे मामलों से बेफिक्र हैं और मनमानी की परंपरा कायम हो रही है। सदर तहसील क्षेत्र के जलालपुर ग्राम पंचायत निवासी सोनू शर्मा ने जिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र में राजस्वकर्मी अनंत कुमार ने विमला देवी पत्नी उमेश चन्द्र के नाम से 40,000 रूपये वार्षिक आय का प्रमाण जारी किया है।

जबकि उनका मुबई में सिलाई का कारोबार है। हैरानी इस बात की है कि वार्षिक 40 हजार और माहवार 3300 रूपये की आमदनी से घर परिवार कैसे चल रहा है। इसमे पति की आय शामिल है। राजस्वकर्मी की रिपोर्ट के अनुसार विमला देवी के पति 180 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से साल में 150 दिन काम करते हैं। ऐसे में सबकुछ संदेहास्पद है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की जांच कर राजस्वकर्मी के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग किया है।

# उतरौला डाकघर में रेलवे टिकट रिजर्वेशन काउंटर की सुविधा बहाल करने की मांग

**उतरौला/बलरामपुर** क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही परेशानियों को देखते हुए उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने मंडल अधीक्षक डाकघर को पत्र लिखकर उतरौला डाकघर में बंद पड़ी रेलवे टिकट रिजर्वेशन काउंटर की सुविधा को पुनः चालू कराने की मांग की है। आदिल हुसैन ने बताया कि लगभग छह वर्ष पूर्व तक उतरौला डाकघर में रेलवे टिकट रिजर्वेशन की सुविधा उपलब्ध थी। लेकिन इसके बंद हो जाने से स्थानीय लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे टिकट आरक्षण के लिए अब लोगों को गोंडा, मनकापुर या जनपद मुख्यालय तक जाना पड़ता है। यह प्रक्रिया न केवल समय लेने वाली है बल्कि यात्रियों को लंबी लाइनों और अधिक खर्च का सामना भी करना पड़ता है।

उतरौला और इसके आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अन्य राज्यों में मजदूरी और कामकाज के लिए जाते हैं। इनमें से अधिकांश यात्रियों को रेलवे टिकट बुक करने में महीनों की परेशानी झेलनी पड़ती है। टिकट उपलब्ध न होने की स्थिति में लोग मजबूरन महंगे प्राइवेट बसों और अन्य यातायात साधनों का सहारा लेते हैं। इसके अलावा, धार्मिक यात्राओं के लिए तिरुपति बालाजी, अजमेर, देवभूमि उत्तराखंड, और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी आरक्षण टिकट प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। मुंबई, पुणे, गुजरात, कोलकाता, दिल्ली, सूरत जैसे प्रमुख स्थलों के यात्रियों को भी टिकट बुक करने में काफी समस्याएं हो रही हैं। विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने अपने पत्र में कहा कि इस सुविधा को बहाल करने से न केवल आम जनता को राहत मिलेगी, बल्कि स्थानीय




प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत होगा। रेलवे टिकट आरक्षण काउंटर को दोबारा शुरू करने से क्षेत्र के मजदूर वर्ग और यात्रियों की जीवनशैली को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। क्षेत्रीय जनता ने इस मांग को लेकर प्रशासन से जल्द सकारात्मक कदम उठाने की अपील की है। मंडल अधीक्षक डाकघर और रेलवे प्रशासन से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देते हुए सुविधा बहाल करने का प्रयास करें।

## शातिर चैन स्नैचर गिरफ्तार, मोटरसाइकिल और लूटी गई चेन बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** 03 मार्च 2025 अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली जलालपुर और स्वाट-सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मालीपुर-जलालपुर रोड पर शिव मंदिर मसूदपुर के पास से दो शातिर चैन स्नैचरों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, दो पीली धातु की चेन और 520 रुपये नकद बरामद किए गए।

**संदिग्धों की चालाकी नाकाम–** पुलिस ने सुबह करीब 04:50 बजे मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों को रोका। मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट काले कपड़े से ढकी हुई थी, जिससे संदेह गहरा गया। कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्तों ने खुलासा किया कि वे इस मोटरसाइकिल का इस्तेमाल छिनैती और लूट के लिए करते थे। नंबर प्लेट ढकने की चालाकी से वे पीड़ितों और पुलिस को चकमा देते थे।

**लूट की वारदातों का खुलासा–** अभियुक्तों ने कबूल किया कि लगभग एक माह पहले जलालपुर-मालीपुर रोड पर राइस मिल के पास एक महिला के गले से सोने की चेन छीनकर वे इसी मोटरसाइकिल से फरार हुए थे। इसके अलावा, 10 दिन पहले ग्राम अछती-इंदईपुर (थाना आलापुर) के पास भी एक महिला के गले से चेन लूटने की घटना को उन्होंने अंजाम दिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–** राज रतन जाटव उर्फ राजन उर्फ पिल्ले (23 वर्ष), पुत्र राम करन जाटव, निवासी आजनपारा, थाना मालीपुर, जनपद अम्बेडकरनगर। राजेश



राव उर्फ मुन्ना (26 वर्ष), पुत्र रामजीत राव, निवासी जगदीशपुर, थाना अखण्डनगर, जनपद सुल्तानपुर।

बरामद सामान दो पीली धातु की चेन , एक मोटरसाइकिल (नंबर- UP -44 BD 4934, सुपर स्प्लेंडर)

520 रुपये नकद (दो चिट बंदी में) आपराधिक इतिहास मुकदमा संख्या 46/2025, धारा 309(4)/317(2) BNS, थाना कोतवाली जलालपुर। मुकदमा संख्या 34/2025, धारा 309(4) BNS, थाना आलापुर।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका–** गिरफ्तारी में थाना कोतवाली जलालपुर की टीम के साथ-साथ स्वाट और सर्विलांस टीम ने अहम योगदान दिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक गुलाम रसूल, हेड कांस्टेबल नागेंद्र कुमार यादव, कांस्टेबल धनंजय यादव और अरुण कुमार शामिल थे। स्वाट टीम प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी और सर्विलांस सेल प्रभारी प्रभाकांत तिवारी के साथ उनकी टीम ने भी इस ऑपरेशन को सफल बनाया।

**पुलिस की प्रतिबद्धता–** पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार ने कहा कि जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस सफलता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है और अपराधियों में खौफ पैदा हुआ है।

## यूथ पार्लियामेंट आयोजन के लिए जेआरडीएसयू को किया गया चयनित

चित्रकूट। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के आयोजन के लिए जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय को चयनित किया गया है। यह आयोजन नेहरू युवा केंद्र एवं विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आगामी 10 से 17 मार्च के मध्य किया जाना प्रस्तावित है।कार्यक्रम अधिकारी एसपी मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जनपद के 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा मायभारत पोर्टल पर विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के मेगा इवेंट द्वारा निर्देशित विषय पर एक मिनट की वीडियो अपलोड करते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभा कर सकते है। पंजीकरण की अंतिम तिथि नौ मार्च निर्धारित है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने इस कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के चयनित होने पर हर्ष जताया है। चित्रकूट जनपद की जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनन्द कुमार को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिम्मेदारी प्रदान की गयी है।

# ग्राम प्रधान द्वारा बनाया गया पंचायत भवन को बनाया पार्टी हाल शामकोसजती है महफिल

**● पंचायत भवन बना पार्टी हॉल शाम होते पुलिस की गाड़ियां**

**रात्रि गस्त छोड़ पार्टी में शामिल होती क्षेत्र में भय व्याप्त**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के एक गांव में विकास के लिए बनाए गए पंचायत भवन में ग्रामीणों की समस्याएं सुलझाने के बजाय हर शाम महफिल सजती है. जैसे ही सूरज ढलता है, साहब अपनी गाड़ी में पहुंच जाते हैं, और पंचायत भवन आम ग्रामीणों के लिए प्रतिबंधित हो जाता है. रात्रि गश्त छोड़ पुलिस पार्टी में व्यस्त रहती है और ग्रामीणों का कहना है की शराब की महक से पूरा माहौल सराबोर हो जाता है. ग्रामीणों के अनुसार, रोजाना पुलिस की गाड़ियां यहां आती हैं और ग्राम प्रधान के साथ देर रात तक जश्न चलता रहता है. ग्राम प्रधान द्वारा वहां जिम्मेदारों को बुलाकर महफिल सजाते हैं जबकि पंचायत भवन बना है फरियादियों की फरियाद सुनने के लिए यह कहानी मीना से मामला चल रहा है विकास विभाग की कर्मचारी तो रहते ही हैं साथ में पुलिस की गाड़ी आ जाती है महफिल सजाने में पुलिस का भरपूर सहयोग रहता है ऐसे में जनता को कैसे वे न्याय मिलेगा जिले की जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं यह मामला मुंडेरवा थाना क्षेत्र के बनकटी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भौंरा का बताया जा रहा है।


# घर पर चढ़कर मारने पीटने, कपड़ा फाड़कर नंगा कर देने का आरोप

**● पुलिस दबंग पर कार्रवाई करने में करवाई न होने से दबंग का मनोबल बढ़ा हुआ है कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले केछावनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने टिकरिया गांव निवासी दो लोगों पर आपसी कहासुनी की बात को लेकर उसके चाचा के घर पहुंचकर मारने पीटने, बीच बचाव के लिए पहुंची उसकी मां और उसको भी मारने पीटने, उसका कपड़ा फाड़कर नंगा कर देने, जान से मारने की धमकी देते हुए भाग जाने का आरोप लगाया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि छावनी थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासी सगे भाई गोपाल सिंह, कौशिक सिहं उर्फ छोटे आपसी कहासुनी की बात को लेकर उसके चाचा के घर पहुंचे, जाति सूचक गाली और धमकी देते हुए उसके चाचा को मारने पीटने लगे। शोर सुनकर जब उसकी मां और वह चाचा को बचाने के लिए पहुंची तो दोनो आरोपियों ने गाली देते हुए उन्हे भी मारने पीटने लगे। जब आरोपियों की मारपीट से बचने के लिए वह, उसकी मां और चाचा घर के भीतर पहुंचे तो आरोपी घर में घुस गए। घर में घुसकर उसके चाचा, मां को मारा पीटा, उसका कपड़ा फाड़कर नंगा कर दिया। इस बीच पुलिस के



आने की जानकारी होने पर दोनो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। मामले में तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस, एससीएसटी एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है।

# भावपुर में युवक की पिटाई मामले में मुकदमा दर्ज, मामला गंभीर देख घायल को जिला चिकित्सालय किया गया रेफर

**● सुबह हुए मारपीट मामले में दर्ज हुआ मुकदमा, मेडिकल रिपोर्ट के लिए जिला चिकित्सालय रचौकी प्रभारी महाराजगंज और कप्तानगंज प्रभारी निरीक्षक पर राजनीतिक दल ने मुकदमा न दर्ज करने का बनाया थे**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्तीजिलेके कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर के राजस्व गांव भावपुर निवासी शैलेश कुमार सुबह लगभग 10.30 बजे बैंक से पैसा निकालने जा रहे थे। रास्ते में लल्लू तिवारी पुत्र सरजू तिवारी पुल पर बैठे थे। लल्लू तिवारी ने शैलेश कुमार को रास्ते पर जाते देखा तो बुलाया और कहा कि यह चांभी हमारे घर पहुंचा दीजिए। पीड़ित शैलेश कुमार चांभी देने के लिए लल्लू तिवारी के घर गये तो घर पर अरुण तिवारी पुत्र सरजू तिवारी थे और पीड़ित ने अरुण तिवारी को चांभी दिया तभी अरुण तिवारी बिना किसी कारण वश भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे और पीड़ित ने भद्दी-भद्दी गालियां का विरोध किया तो अरुण तिवारी ने जान से मारने की धमकी देते हुए जानलेवा हमला कर दिया और शैलेश कुमार को लाठी डंडा से मार कर अधमरा कर दिया। मारपीट में युवक शैलेश कुमार घायल हो गया था। घायल शैलेश कुमार के परिजनों ने महाराजगंज चौकी प्रभारी और कप्तानगंज थाने पर सूचना दिया था। पीड़ित परिवार ने चौकी प्रभारी महाराजगंज और प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र मिश्र पर आरोप लगाया था मारपीट मामले में दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए लीपापोती कर रही थी। सुबह 11:00 बजे से शाम 03 बजे तक कप्तानगंज पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित परिवार न्याय के लिए कप्तानगंज थाने और महाराजगंज चौकी का चक्कर लगा रहे थे। तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के अवकाश पर रहने के कारण

बस्ती पुलिस की रवैया वर्तमान समय में ठीक नहीं है यदि कप्तानगंज पुलिस ऐसे ही कार्य करती रही तो पीड़ितों को न्याय कैसे मिलेगा? जो एक जांच का विषय बना हुआ है जिसको लेकर जिले में तरह - तरह की चर्चाएं चल रही है । संबंध में कप्तानगंज प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र मिश्र ने बताया था कि मारपीट मामले की जांच



करने के लिए चौकी प्रभारी महाराजगंज को भेजा दिया है जांच पड़ताल के आधार पर मुकदमा दर्ज होगा वही चौकी प्रभारी महाराजगंज ने बताया था कि मारपीट मामले की जांच कर प्रभारी निरीक्षक को अवगत करा दिया गया है सूत्रों की माने तो मीडिया को सक्रिय देख कर कप्तानगंज आनन-फानन में घायल शैलेश कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पर मेडिकल कराने के लिए ले गई थी। शैलेश कुमार को गंभीर चोट लगने के कारण सीएचसी कप्तानगंज से डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय बस्ती के लिए रेफर कर दिया है। इस सम्बंध सीएचसी प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि सीएचसी पर उपलब्ध जांच एवं इलाज कर दिया गया है और जिसका जांच एवं इलाज किया गया है उसका मेडिकल रिपोर्ट बना दिया गया है। सीएचसी कप्तानगंज पर आवश्यक जांच उपलब्ध न होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# शान्ति और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील के साथ पीस कमेटी बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

**जलालपुर अम्बेडकरनगर,** आज कोतवाली जलालपुर में आगामी त्यौहारों-होली, रमजान माह और ईद को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 03 मार्च 2025 को थाना कोतवाली जलालपुर परिसर में एक महत्वपूर्ण शान्ति समिति (पीस कमेटी) की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री श्याम देव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

**बैठक का उद्देश्य और अपील** इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न समुदायों के बीच आपसी भाईचारा और सौहार्द को बढ़ावा देना तथा त्यौहारों के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाए रखना था। अपर पुलिस अधीक्षक श्री श्याम देव ने उपस्थित धर्मगुरुओं, सम्मानित व्यक्तियों और गणमान्य नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने समुदायों में जागरूकता फैलाएं और सभी लोग मिलजुलकर इन पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा, "होली का रंग, रमजान की पवित्रता और ईद की खुशियां तभी सच्चे मायने में पूरी होंगी, जब हम सब एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान का व्यवहार करें।"

**असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई का आश्वासन** बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त रुख अपनाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा, ÷यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।÷ उन्होंने आम नागरिकों से भी आग्रह किया कि यदि उनके संज्ञान में कोई संदिग्ध गतिविधि या ऐसा व्यक्ति आए, तो वे तत्काल नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करें।

**उपस्थित गणमान्य व्यक्ति–** इस बैठक में जलालपुर सर्किल के अंतर्गत आने वाले सभी थाना क्षेत्रों से विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु, सम्मानित नागरिक और प्रभावशाली लोग शामिल हुए। क्षेत्राधिकारी जलालपुर सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में शान्ति और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**पुलिस की तैयारियां–** पुलिस प्रशासन ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई।



सोशल मीडिया सेल अम्बेडकरनगर ने इस बैठक की जानकारी साझा करते हुए जनता से सहयोग की अपील की है।

**जनता से सहयोग की उम्मीद–** अम्बेडकरनगर पुलिस का मानना है कि जनता के सहयोग से ही त्यौहारों का आयोजन न केवल सफल होगा, बल्कि यह जिले की गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूत करेगा। इस बैठक के माध्यम से एक सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की गई है कि शान्ति और सौहार्द ही हर त्यौहार की असली पहचान है।

# जलालपुर में सोहनलाल श्रीमाली का भव्य स्वागत, जनसुनवाई और निरीक्षण के दौरान दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**जलालपुर, अंबेडकर नगर।** पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री सोहनलाल श्रीमाली ने शनिवार को जलालपुर क्षेत्र का दौरा किया। जनसुनवाई और निरीक्षण के लिए पहुंचे श्रीमाली का स्थानीय लोगों, व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। हजपुरा चौराहे पर व्यापारी प्रह्लाद वर्मा, मंडल अध्यक्ष पंकज प्रजापति और नगर महामंत्री विकास निषाद सहित कई लोगों ने फूलों की माला पहनाकर और पुष्पवर्षा के साथ उनका अभिनंदन किया। नगर के विभिन्न स्थानों पर भी भाजपाइयों और व्यापारियों ने उनका स्वागत किया।

महिला अस्पताल में निरीक्षण, सफाई के लिए सख्त निर्देश सोहनलाल श्रीमाली ने जलालपुर स्थित महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर के पीछे कूड़े का ढेर देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और अधीक्षक जयप्रकाश को फटकार लगाई। उन्होंने नगर पालिका जलालपुर के ईओ आशीष कुमार सिंह से फोन पर बात कर तीन दिनों के भीतर सफाई सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। जनसुनवाई में सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश विकास जायसवाल के निजी आवास पर पहुंचकर श्रीमाली ने जनसुनवाई की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं, जिनके निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने भी उन्हें एक ज्ञापन सौंपा, जिसे संज्ञान में लेकर श्रीमाली ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। अमृत सरोवर कुटिया में कमियां देखकर जताई नाराजगी शिवाजी तिराहे से वापस लौटते हुए श्रीमाली ने अमृत सरोवर कुटिया का निरीक्षण किया। वहां मौजूद खामियों को देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और बड़ेबाबू राम प्रकाश पांडे को जमकर फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। दौरे में ये रहे मौजूद इस अवसर पर पूर्व विधायक अनीता कमल, सहकारी बैंक डायरेक्टर कमलेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, एसडीएम पवन जायसवाल, कोतवाल संतोष कुमार सिंह, पिछड़ा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी, नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, व्यापारी मनीष सोनी, रंजीत सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सोनी, मंडल अध्यक्ष सरिता निषाद, पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, माणिकचंद सोनी, सुरेश गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, आदित्य गोयल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सोहनलाल श्रीमाली के इस दौरे से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा। उनका सख्त रवैया और त्वरित कार्रवाई का निर्देश अधिकारियों में भी हलचल मचा गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित कराने पर दिया जोर


**चित्रकूट ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद में कार्यरत समस्त नोडल अधिकारियों व प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ चतुर्थ चरण की बैठक आयोजित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा वाद, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, राजस्व वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी आरके पाठक, जिला विकास अधिकारी सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला ग्राम उद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, नेडाधीक्षक एके श्रीवास्तव, सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

### नाबालिक के साथ बलात्कार के आरोप में पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**इटियाथोक।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला द्वारा प्रार्थना दिया कि हमारे पड़ोस में रात्रि में शादी थी। सोमवार बीती रात्रि करीब 02 बजे मै शादी देखकर सोने के लिए अपने घर जाने के लिए पहले बाथरुम गई उसी समय मैने अपनी जेठानी की लड़की उम्र करीब 15 वर्ष के रोने की आवाज सुनी । तब मै उधर गयी तो देखा की पड़ोस का रहने वाला व्यक्ति बलात्कार कर रहा था, महिला द्वारा बताया गया कि मैने गलत काम करते हुए पकड़ लिया । फिर मैने उसके घर वालो को आवाज देकर बुलाया इतने मे ही आरोपी हाथ छुड़ाकर भाग निकला तथा किसी से मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके संबंध में, दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 45/2025 धारा 65(1)/ 351(3) बी0एन0एस0, 3/4(2) पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एस0 सी0/ एस0टी0 एक्ट, अंतर्गत थाना इटियाथोक गोण्डा में पंजीकृत किया गया है, प्रभारी द्वारा बताया गया कि अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है ।

### चोरी की भैंस खरीदने का विरोध करने पर घर में घुस कर किया हमला

हरदोई। संडीला थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादनगर में घर में घुसकर किए गए हमले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सात नामजद और कुछ अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।प्राप्त विवरण में रविवार को राम विलास पुत्र गंगा प्रसाद द्वारा



थाना संडीला पर तहरीर देकर बताया उसकी भैंस 27 फरवरी को चोरी हो गई थी।खोजबीन में उसे पता चला उसकी भैंस विपक्षी अमीरे की ससुराल में पाई गई।उसकी ससुराल के गांव वालों ने उसे बताया भैंस अमीरे ने बेची है।वह इस बात की तहकीकात करने विपक्षी के घर गया था।इसी बात पर क्रोधित होकर अमीरे की भाभी उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगी। मना करने पर विपक्षी दानिश पुत्र शकील निवासी ग्राम इस्लामनगर कस्बा बालामऊ थाना कछौना,नफीस, सलमान, लंबू,अमीरे, महोबा,इस्माइल और नफीस के ढाबे के कर्मचारी उसके घर हमला कर दिए।जिसमे वह और उसकी पत्नी घायल हो गए।थाना पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। संडीला पुलिस के उपनिरीक्षक रामानंद मिश्रा, पावन कुमार ने पुलिस बल के साथ उपरोक्त अभियोग से संबंधित आरोपी दानिश पुत्र शकील को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।पुलिस उक्त प्रकरण में तीन लोगों को पूर्व में न्यायालय में दाखिल।कर चुकी है।

# हवन पूजन के साथ अमन द्विवेदी द्विवेदी ने मनाया अपना जन्मदिवस

## ......जन्मदिन के दिन शुभारंभ किया अपना व्यापार

**लखनऊ।** पत्रकार अमन द्विवेदी ने अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर अखंड रामचरितमानस पाठ करवा कर एन के इंटरप्राइजेज,द्विवेदी इंटरप्राइजेज का किया शुभारंभ। आपको बता दें कि मलिहाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत महमूदनगर निवासी अमन द्विवेदी जो पेशे से पत्रकार हैं।जो क्षेत्र में निडर व निर्भीक होकर पत्रकारिता जगत में कम समय में अपना जलजला कायम करने वाले,अमन द्विवेदी ने अपने निज निवास पर अखंड रामचरितमानस पाठ के साथ अपना जन्मदिवस मनाया।जन्मदिन के साथ साथ अमन द्विवेदी ने पत्रकारिता जगत में नाम कमाने के साथ साथ एन के इंटरप्राइजेज, द्विवेदी इंटरप्राइजेज नाम से व्यापार भी अपने जन्मदिवस के दिन शुभारंभ किया। पत्रकार अमन द्विवेदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने जैसे ही केक काटा वहां मौजूद लोगों ने जन्मदिन की बधाइयां देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान मौजूद पत्रकारों ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया। सोमवार की शाम गुलजार हो




गई जब तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पत्रकार अमन द्विवेदी ने केक काटा,अमन द्विवेदी के जन्मदिन को पत्रकारों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया।पत्रकार समेत क्षेत्र के सम्मानित लोग भी जन्मदिन में शामिल होकर अमन द्विवेदी की लंबी आयु और खुशहाल जीवन के लिए ईश्वर से कामना की। क्या बोले अमन द्विवेदी. अपने जन्मदिन के मौके पर अमन द्विवेदी ने कहा कि एक पत्रकार की पहली निष्ठा जनता के प्रति होनी चाहिए। और स्वतंत्र रहना चाहिए।किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत, दलों, संगठनों के दबाव में नहीं आना चाहिए। बल्कि सच्चाई को उजागर करना चाहिए।

# देर रात तक दुल्हन करती रही इंतजार, पुलिस ने दूल्हे को खोजकर पहुंचाया बारातघर

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में शादी समारोह की खुशियां उस वक्त मायूसी में बदल गई जब हाथों में मेंहदी लगाए दुल्हान बारात का इंतजार करती रही और दूल्हा ही नहीं पहुंचा काफी इंतजार के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस दूल्हे को खोजकर बारातघर लेकर पहुंची यहां लड़का और लड़की पक्ष के बीच जमकर विवाद हो गया। आरोप है कि लड़के की यह दूसरी शादी थी और उसने दहेज में 5 लाख रुपए अतिरिक्त नहीं मिलने पर शादी तोड़ दी दोनों पक्षों के विवाद के बाद लड़की ने शादी करने से इनकार कर दिया मामला रामकोट थाना इलाके का है यहां थाना क्षेत्र की नवीन चौक निवासी विजय विनोद मिश्रा के पुत्र अभिषेक मिश्रा का विवाह 2 मार्च को राधा मिश्रा के साथ तय हुआ था बताया जाता है कि देर रात तक वर पक्ष गेस्ट हाउस में बारात लेकर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने पुलिस से शिकायत की पुलिस काफी देर बाद दूल्हे को लेकर गेस्ट हाउस पहुंची लड़की पक्ष का आरोप है कि इस दौरान दूल्हे की दूसरी शादी का पता चला जिस पर लड़का अनजान बन गया। दोनों पक्षों के बीच गेस्ट हाउस में काफी देर तक विवाद चला लड़के के पिता की टाइल्स की दुकान है लड़का भी उसी का काम देखता है



लड़की पक्ष का आरोप है कि दहेज में दूल्हे पक्ष को 10 लाख रुपए दिए गए थे लेकिन 5 लाख और डिमांड हुई जिसे पूरा न करने पर लड़का बारात लेकर नहीं पहुंचा देर रात तक चले विवाद के बाद शादी टूट गई है लड़की के पिता ने बताया- देर रात कर बारात नहीं पहुंची पता लगाया गया तो पता चला लड़का भाग गया है लड़की के फूफा दीपक ने बताया- 12 बजे तक बारात नहीं आई हम लोग फोन करके पूछ रहे थे तो वह लोग कह रहे थे कि आ रहे हैं लेकिन 12 बजे तक नहीं आए फिर हम लोगों ने पुलिस से शिकायत की दहेज में 10 लाख पहले ही दे चुके थे लड़के वालों का घर गेस्ट हाउस से 100 मीटर ही दूरी पर है वहां पर हम लोगों ने जाकर देखा तो वहां पर वो लोग थे ही नहीं उनकी माता जी से पूछा तो बताया कि लड़का भाग गया है मिल ही नहीं रहा है फिर 12 बजे लड़के को खोजकर पुलिस वाले लाए तब फिर यहां आकर 5 लाख और मांगने लगा पुलिस वाले उल्टा ही हम लोगों को धमका रहे थे इसके बाद लड़की ने ही शादी से इनकार कर दिया है पुलिस को अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है प्रभारी निरीक्षक जंग बहादुर पांडे ने बताया- दोनों पक्षों के विवाद हुआ था पुलिस गई थी शादी टूट गई है तहरीर मिलते ही आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

# स्मार्ट मीटर बदलने के दौरान गड़बड़ी, टेलर की दुकान से मिले 41 बिजली मीटर, दो कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान बड़ी गड़बड़ी सामने आई है विद्युत विभाग ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की है पोलारिस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने दो प्राइवेट कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रोजेक्ट मैनेजर अंकुर मिश्रा के अनुसार, स्मार्ट मीटर लगाने का काम बीरू बिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था कंपनी ने यह काम जेपी इंटरप्राइजेज को सौंप दिया। जेपी इंटरप्राइजेज की ओर से आलोक श्रीवास्तव और संतोष राजपूत मीटर बदलने का काम कर रहे थे 27 फरवरी को विद्युत विभाग को सूचना मिली एसडीओ नगर रवि



गौतम और एई मीटर अंकिता ने एक टेलर की दुकान पर छापेमारी की वहां से 41 बिजली मीटर बरामद हुए ।आरोप है कि दोनों कर्मचारी घरों से निकाले गए मीटरों को दुकान में रखकर उनमें छेड़छाड़ कर रहे थे प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ल ने बताया कि संतोष राजपूत और आलोक श्रीवास्तव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है मीटरों की जांच रिपोर्ट का इंतजार है जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी!!

# गंगा एक्सप्रेस वे से लोहे की प्लेटें और सोल्जर चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र में चल रहे गंगा एक्सप्रेस वे के कार्य में 2/3 की रात में ठेकेदार की लोहे की प्लेटें और सोल्जर चोरी कर लेने के मामले में थाना पुलिस ने ठेकेदार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर तीन लोगों को नगदी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में 23 फरवरी को सियाराम (ठेकेदार) पुत्र बड़ेलाल निवासी सराय तालुके वानगांव थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर द्वारा थाने पर तहरीर दी गई कि उसकी निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर पूजा कॉन्ट्रैक्टर व गोविंद निवासी जनपद लखीमपुर द्वारा उसकी लोहे की 45 प्लेटें व 7 सोल्जर चोरी कर लिए गए।इस संबंध में वादी की तहरीर पर थाना पाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश




शुरू की थी। थाना पाली के प्रभारी निरीक्षक सोमपाल गंगवार ने उपनिरीक्षक आशीष त्यागी,जयनारायण और पुलिस बल के साथ विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान नामजद आरोपी व प्रकाश में आए रोहित पुत्र चेतराम निवासी ग्राम पिथवापुर थाना खीरी और साबान पुत्र अब्दुल हफीज निवासी मुगली टोला थाना खीरी को 47,000 रुपये की नगदी के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाने को एसडीएम से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद हरदोई।** ब्लॉक शाहाबाद के ग्राम गुजुदेई में सरकारी जमीनों पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग एसडीएम से की गई है। जमीनों पर अवैध कब्जे को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से लेकर हरदोई के जिलाधिकारी तक काफी सख्ती बरत रहे हैं लेकिन तहसील शाहाबाद में सरकारी जमीनो के संरक्षण हेतु राजस्व कर्मी सँजीदा दिखाई नही दे रहे है।उन्हें सीएम और डीएम का कोई भय नहीं है जिसका नतीजा यह है कि भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हो गए हैं और अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे है। सरकारी जमीनों की कब्जेदारी का मामला तहसील क्षेत्र के गांव गुजीदेई का प्रकाश में आया है। इस गांव के रहने वाले एक ग्रामीण ने एसडीएम शाहाबाद को शिकायती पत्र देकर सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। शिकायत कर्ता ने बताया है गुजीदेई सीसाला मे गाटा संख्या 354/0.379,गाटा संख्या 583/0.0360 गाटा संख्या 579/0.1330 गाटा संख्या 607/0.0360 पर अरविन्द यादव पुत्र श्रीपालसिंह कब्जा किये हुये है। गाटा संख्या 124/0.526 पर राकेश पाठक पुत्र चंद्र सेन अतिक्रमण व कब्जा है। गाटा संख्या 178/0.153 557/0.020 रास्ता पर सत्यपाल यादव पुत्र ज्योति राम कब्जा कर लिया है। गाटा संख्या 475/0.1500 474/0.1400 पर सुनील कुमार पुत्र श्रीकान्त कब्जा किये हुये हैं।इसी प्रकार दमगढा में गाटा संख्या 176/0.164 व गाटा संख्या 62/0.126 रंजन पुत्र मनोज कुमार मिश्रा कब्जा किये हुये है। शिकायत कर्ता ने गुजीदेई ग्राम पंचायत की सभी सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

# ट्रैक्टर ट्राली पर रिफ्लेक्टर नहीं अंधेरे में बाइक टकराई,लखीमपुर के दो युवक घायल

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में शनिवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों व्यक्ति एक बाइक पर सवार होकर महोली जा रहे थे। इसी दौरान सामने जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर ना होने की वजह से बाइक ट्रॉली में घुस गई। इस हादसे में बाइक पर सवार एक व्यक्ति का पैर टूट गया जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है घटना हरगांव थाना इलाके की है यहां हरगांव मोहोली तिराहा रोड पर देर रात हुई सड़क हादसे में चीख पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार लखीमपुर जनपद के मोहल्ला गोविंद नगर निवासी सुभाष चंद्र विनोद कुमार एक अन्य साथी के 7 बाइक पर सवार होकर महोली मांगलिक



कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हरगांव थाना क्षेत्र के महोली तिराहा रोड पर सामने जा रही ट्रैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर ना होने की वजह से अंधेरे में बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी हादसे के दौरान बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांव में भर्ती कराया जहां डॉक्टर को निगरानी में उनका उपचार चल रहा है पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है!!

# बाघ ने किया मवेशी का शिकार, पिंजरे से एक किमी दूर मिले पैरों के निशान, वन विभाग के ख़िलाफ़ ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में बाघ का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है पिछले 6 महीनों से यह जंगली जानवर अलग-अलग इलाकों में दहशत फैला रहा है ताजा मामला इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र का है। रामविलास पुरवा गांव में एक मवेशी को जंगली जानवर ने अपना शिकार बना लिया खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने मवेशी का शव देखा और तुरंत पुलिस और वन विभाग को सूचित किया मौके पर मिले बड़े पैरों के निशान और मवेशी पर हमले के तरीके से ग्रामीणों का मानना है कि यह हमला बाघ ने किया है विष्णुपुरवा गांव में करीब 15 दिन पहले बाघ की मौजूदगी दर्ज की गई। थी वन विभाग ने वहां बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया



था लेकिन बाघ ने पिंजरे में रखी बकरी को नहीं छुआ इसके बजाय उसने पिंजरे से एक किलोमीटर दूर मवेशी पर हमला कर दिया वन विभाग के अधिकारी पगचिह्नों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट करने की बात कह रहे हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है वन विभाग अभी तक बाघ को पकड़ने में असफल रहा है!!

# लहरपुर में नहर पटरी फटने से किसानों और ग्रामीणों को भारी नुकसान, डूबी 20 बीघा फसल

स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर सीतापुर लहरपुर क्षेत्र में नहर की पटरी फटने से किसानों और ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है ग्राम नेवादा में लहरपुर माइनर नहर की दाहिनी पटरी गांव की तरफ फट गई नहर के पानी से सुहेल और मुकीम के घरों की निचली मंजिल में रखा सारा सामान भीग गया दोनों परिवारों को घर की छत पर रहने को मजबूर होना पड़ा है। किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है मुजम्मिल और गुड्डू के चार-चार बीघा गेहूं, नूर मोहम्मद की दो बीघा लाही, अमीन का एक बीघा गेहूं और रफीक के चार बीघे गेहूं की फसल पानी में डूब गई। इसके अलावा मैलू के तालाब से मछलियां भी बह गई अवर अभियंता शिव



प्रताप यादव के अनुसार, किसानों द्वारा सिंचाई के लिए नहर में बांध लगाकर पानी रोकने से पटरी पर दबाव बढ़ा और वह फट गई। फिलहाल नहर का पानी बंद कर दिया गया है पानी सूखने के बाद पटरी की मरम्मत कराई जाएगी यह पहली बार नहीं है जब इस स्थान पर नहर फटी है इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं!!

# 84 कोसी परिक्रमा में राम भक्तों के लिए तैयारियां देवगांव पड़ाव पर एसडीएम ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के पिसावां थाना क्षेत्र में 84 कोसी परिक्रमा के छठे पड़ाव देवगवां की तैयारियां जोरों पर हैं मिश्रिख के एसडीएम अनिल रस्तोगी ने सोमवार को देवगवां पड़ाव का दौरा किया उन्होंने राम भक्तों के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एडीओ पंचायत अमित चतुर्वेदी ने बताया कि भक्तों के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है इसमें 12 इंडिया मार्का नल और दो समरसेबल पंप लगाए गए हैं जिला पंचायत ने कई पानी की टंकियां भी लगवाई हैं। पड़ाव पर 8 अस्थायी शौचालयों के अलावा कई स्थायी और सचल शौचालय भी लगाए गए हैं रोशनी की समुचित व्यवस्था की गई है देव प्रयाग और रुद्र प्रयाग की सफाई




कराकर पानी भरवाया जा रहा है। ग्राम पंचायत ने भक्तों की सुविधा के लिए यहां बंधा और सीढ़ियां भी बनवाई हैं। रामा दल 6 मार्च की सुबह पांचवें पड़ाव साकिन गोपाल से द्रोणाचार्य घाट के रास्ते गोमती नदी पार कर देवगंवा पहुंचेगा यहां से 7 मार्च की सुबह सातवें पड़ाव मरूडुआ के लिए प्रस्थान करेगा निरीक्षण के दौरान सीओ दीपक सिंह, थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर, चौकी प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह, बीडीओ अवध प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार गिरीश चंद्र और कानूनगो गोपाल जी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे!!

# सरोजनीनगर ब्लॉक के परवर पश्चिम व भटगांव ग्राम सभा में हुई स्वच्छता आडिट की बैठक

## सड़क या गाँव के बाहर कूड़ा फेंकने पर रोक

स्वतंत्र प्रभात

**सरोजनीनगर।** राजधानी के ब्लाक सरोजनी नगर के अर्न्तगत रविवार को समस्त गांवों में स्वच्छता आडिट की बैठक की गई जिसमें बताया गया कि अब परिवार के लोग शहर की भाँति घर का गन्दा कूड़ा करकट गांव के बाहर सड़क या तालाब के अन्दर नहीं डालना होगा इसके लिए सरकार की नयी योजना को बहुत ही सरल तरीके से लागू करके उसका निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशन के तहत परवर पश्चिम के पंचायत भवन व भटगांव ग्राम सभा में स्वच्छता आंडिट की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी । उक्त बैठक को सचिव अमित कुमार सिंह , बृजेश कुमार प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि कृष्णकुमार सिंह सहित लगभग 500 ग्रामीणों ने भी अपनी उपस्थित दर्ज करायी । वहीं भटगांव ग्राम सभा में सचिव अजय चौधरी द्वारा बैठक का संचालन किया गया7 सचिवों ने गांव वालों को अपने घर का रोज निकलने वाला सूखा व गीला कूड़ा करकट अलग अलग करके देना होगा। इस सुविधा के लिए ग्राम पंचायतें मासिक शुल्क के रूप में 30 रुपये घरेलू



परिवार तथा व्यवसायिक कार्य करने वालों से 50 रुपये प्रतिमाह लिये जाने का प्रस्ताव किया गया । इसके साथ ही गाँव में गन्दगी फैलाने पर एवं कूड़ा गाड़ी को अपना कूड़ा न देने पर 500/- रुपये अर्थ दण्ड के रुप में शुल्क लगाया जाएगा । बैठक में ग्रामीणों जहाँ बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर, गाँव को स्वच्छ बनाने की शपथ ली ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**अमेठी।** संग्रामपुर क्षेत्र के खेदा मजरे पुन्नपुर में मंगलवार से होने? वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ होने से पहले आज गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति में कलशयात्रा निकाली गई।यह कलश पंडाल से निकल कर सरैया कनू, से कनू टिकरन होते हुए कालिकन धाम पहुंची।मां कालिका की पूजा-अर्चना के बाद पुनः पंडाल चली गई।कथा वाचक मुकेशानंद जी महराज से बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से भरी श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ से पहले जन जाग्रति करने के लिए किसी धार्मिक स्थलों पर कलशयात्रा निकाली जाती है इसी कड़ी में संग्रामपुर क्षेत्र के खेदा मजरे पुन्नपुर में मंगलवार से श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ होने से पहले संग्रामपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध व धार्मिक स्थल कालिकन धाम तक कलशयात्रा निकाली गई यहां विराजमान मां कालिका की पूजा अर्चना की हुई। तत्पश्चात पुनः यह यात्रा लोगों को कथा सुनने के लिए आग्रह करती हुई पंडाल पहुंच गयी। इस यात्रा में मुख्य यजमान भागवत भगवान् को सिर पर लिए पं कमलाशंकर पाण्डेय,बबलू पाण्डेय सहित भारी संख्या में महिलाओं के समूह के साथ क्षेत्र के श्रोताओं ने इस पवित्र यात्रा में शामिल हुए।

### आंगनबाड़ी केन्द्र पर हुआ बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण

**संग्रामपुर, अमेठी।** संग्रामपुर क्षेत्र के ग्राम सभा गंगापुर के आंगनबाड़ी केंद्र पर आज आर बी एस की टीम के द्वारा बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया परीक्षण में दो बच्चों में हल्का बुखार पाया गया तो वहीं तीन बच्चे फोड़ा फुंसी से पीड़ित मिले। वहीं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे डॉ बृजेश यादव ने बताया कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर प्रभारी डॉ संतोष सिंह के निर्देश पर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र गंगापुर में आर बी एस के (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) टीम के तहत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं इस केंद्र पर 47 बच्चे उपस्थित थे सभी बच्चों का क्रमानुसार स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 5 बच्चे जिसमे 2 बच्चे बुखार और? तीन बच्चे फोड़ा फुंसी से पीड़ित थे जिन्हें प्राथमिक उपचार के रूप में दवा दी? गई। इस केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम सिंह सहायिका मौजूद रहीं।

### बारात में बरातियों को लेकर जा रही वैन डीसीएम से टकराई तीन लोग हुए घायल

**महराजगंज(रायबरेली)।** महराजगंज रायबरेली रोड पर बारात में शामिल होने बारातियों को लेकर शामिल होने जा रही एक वैन डीसीएम से टकराकर हादसे का शिकार हो गई वैन पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें कि महराजगंज रायबरेली रोड पर नवोदय चौराहा स्थित पेट्रोल पंप से एक डीसीएम डीजल डलवाकर कर सड़क पर आ रही थी तभी डीसीएम मोड़ते समय ही रायबरेली की तरफ से आ रही वैन जो कि कोतवाली क्षेत्र गांव अतरेहटा में आयोजित बुद्धि राम विश्वकर्मा की बेटी की शादी के बाराती थे डीसीएम से टकराकर वैन हादसे का शिकार हो गई जिसमें सवार भदोखर थाना क्षेत्र के गांव बेहटा के रहने वाले सुरेश कुमार यादव 50 पुत्र पारसनाथ अनित शर्मा 27 पुत्र सोहनलाल सुखवीर 40 पुत्र राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं वैन के ड्राइवर पप्पू तिवारी सहित तीन अन्य बाराती घटना में बाल बाल बच गए स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी को सीएचसी लाया गया जहां सुरेश कुमार का पैर फ्रैक्चर होने के कारण डाक्टरों द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया वहीं अन्य दो लोग को मामूली चोटे आई जिनका सीएचसी में ही इलाज चल रहा है, वहीं घटना के बाद डीसीएम चालक मौके पर से फरार हो गया। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना संज्ञान में है, तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम-एसपी ने सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का जाना हाल

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने थाना लालगंज अन्तर्गत ग्राम बरस में ऑटो व डम्फर में टक्कर की दुखद सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की तथा घायल मरीजों का हाल जानने के लिए जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। दुर्घटना में घायल लोगों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। निरीक्षण के दौरान घायलों के स्थिति की जानकारी ली गई तथा उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए इलाज करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ0 प्रदीप अग्रवाल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## आई फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट के 10वें वार्षिक आयोजन पर वृद्धाश्रम गौरीगंज में भजन एवं लोकगीत का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**अमेठी।** आई फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट ने अपना 10वां वार्षिक आयोजन गौरीगंज, अमेठी में स्थित वृद्धाश्रम में किया। इस अवसर पर विशिष्ट भोजन की व्यवस्था के साथ-साथ भजन एवं लोकगीत भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में आई फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट के प्रतिनिधि ने कहा, हमारा उद्देश्य वृद्धाश्रम के निवासियों के बीच खुशी और उम्मीद आशा एवं सकारात्मक विचारों का संचार करना था। हमें उम्मीद है कि हमारे इस प्रयास से आश्रम के सभी वृद्ध जनों में सकारात्मक ऊर्जा से भर जाएंगे और जीवन के प्रति नया उत्साह दिखाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र सिंह यादव ने कहा, ÷आई फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट का यह प्रयास वाकई प्रशंसनीय है। हमें समाज में ऐसे प्रयासों की आवश्यकता है जो वृद्धाश्रम के निवासियों के जीवन में खुशी और संतुष्टि लाएं। कुलदीप सिंह, एसोसिएट डायरेक्टर, एलएनटी, लखनऊ ने कहा, आई फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट का यह कार्यक्रम वृद्धाश्रम के निवासियों के लिए एक अमृत की बूटी है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। कार्यक्रम में शामिल वृद्ध जनों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। रामदुलारी ने कहा, हमें यह कार्यक्रम बहुत पसंद आया। हमें लगता है कि यह कार्यक्रम हमारे जीवन में खुशियां लाएगा। रामस्वरूप ने कहा, हमें आई फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट का यह प्रयास बहुत पसंद आया। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम हमारे जीवन में सकारात्मक उम्मीद और आशा लाएगा। कार्यक्रम के अंत में, आई फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट के प्रतिनिधि ने सभी अतिथियों और वृद्धाश्रम के निवासियों को धन्यवाद दिया।

## नहर विभाग की निगरानी के बावजूद लूट का खेल जारी

स्वतंत्र प्रभात



**इन्हौना/अमेठी।** योगी सरकार की सख्ती के बावजूद अमेठी में मिट्टी खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है। रॉयल्टी जमा होने के बावजूद नियम ताक पर रखे जा रहे हैं। नहर विभाग की निगरानी के बावजूद सवाल उठता है। अगर सबकुछ सही ही हो रहा है, तो फिर गड़बड़झाला क्यों नहीं रुक रहा। ग्रामीण परेशान मिट्टी ढोते डंपरों से सड़कें बर्बाद ग्रामीण अवधेश त्रिपाठी, राम शंकर, पवन कुमार समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि इन्हौना रजबहा की सफाई के बाद निकाली गई मिट्टी को अवैध रूप से उठाया जा रहा है। भारी डंपरों की आवाजाही से सड़कें टूट रही हैं और धूल से लोग परेशान हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। हालत यह है कि मिट्टी ढोने वाले डंपर बिना वैध कागजातों के धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। नहर विभाग की जांच के बावजूद क्यों जारी है गड़बड़झाला । अगर नहर विभाग की निगरानी सही तरीके से हो रही है, तो फिर मिट्टी की अंधाधुंध खुदाई क्यों जारी है? क्या सिर्फ कागजी खानापूर्ति हो रही है, या फिर यह किसी मिलीभगत का नतीजा है। सरकार की सख्ती बेअसर, क्या होगी ठोस कार्रवाई? योगी सरकार ने अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, लेकिन अमेठी में इसका कोई असर नहीं दिख रहा। अब देखना होगा कि क्या प्रशासन इस खेल पर लगाम लगाएगा या फिर यह मामला सीधे मुख्यमंत्री तक जाएगा।

## नवयुवक एकता मंच के अध्यक्ष ने की अग्नि पीड़ित परिवार की मदद

स्वतंत्र प्रभात



**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के मथुरा नगर मजरे बैंती स्थित अग्नि पीड़ित परिवार के यहां पहुंचे नवयुवक एकता मंच के अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी प्रांजुल अवस्थी ने अग्नि पीड़ित परिवार को राशन, कंबल तथा नगद सहायता राशि देकर अग्नि पीड़ित परिवार की मदद की। मुसीबत की घड़ी में मदद पाकर अग्नि पीड़ित वृद्धा दुल्ला पत्नी स्वर्गीय राम आधार ने समाजसेवी प्रांजुल अवस्थी को खूब दुवाएं दी। गौरतलब हो कि मथुरा नगर की रहने वाली दुल्ला पत्नी स्वर्गीय रामआधार जिनके खरफूस के बने आशियाने में अज्ञात कारणों से आग लगने से झोपड़ी में रखी पूरी गृहस्थी, कपड़े, आनाज इत्यादि सामान जलकर खाक हो गया था। मीडिया के माध्यम से जानकारी होते ही सोमवार को पीड़ित के घर पहुंचे समाजसेवी प्राजुल अवस्थी ने पीड़ित परिवार को राशन,कंबल तथा नगर सहायता राशि देकर मदद की एवं आगे भी हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। इस मौके पर प्रांजुल अवस्थी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि हर किसी को अपनी समर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि समाज सेवा की प्रेरणा उन्हें अपनी पूंज्य दादी मां शान्ती देवी अवस्थी से मिली थी। जो हमेशा बेजुबान जीव जन्तुओं की रक्षा करने एवं जरूरतमंदों की मदद करने की शिक्षा देती थी। जिनका सेवा भाव हमेशा अनुकरणीय रहा। इस मौके पर योगेश बाजपेई आदि लोगों उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता की मंचन देख दर्शक हुए भाव विभोर

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र के महादेव गजपुर गांव में चल रहे नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ में रासलीला के आठवें दिन रविवार की रात वृन्दावन से आए बाल कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण व मित्र सुदामा के मिलन की लीला भावपूर्ण मंचन किया। मंचन देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा प्रभु व भक्त के मिलन को दर्शाया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से दर्शाया कि गुरु, मित्र, बहन, बेटी और भगवान के घर कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। सुदामा की पत्नी के बार-बार कहने पर जब सुदामा अपने बचपन के मित्र द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण के पास जाने को तैयार हुए तो सुशीला ने पड़ोस से चावल लाकर अपने पति सुदामा को दिए और कहा कि इन्हें अपने मित्र को दे देना। जब सुदामा दीन-हीन दशा में द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण भगवान के महल पहुंचे तो द्वारपालों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। सुदामा ने द्वारपालों को बताया कि वह भगवान श्रीकृष्ण के बचपन के मित्र हैं। जब श्रीकृष्ण ने यह सुना तो नंगे पैर ही दौड़कर अपने मित्र सुदामा के पास पहुंचे और उन्हें छाती से लगा लिया। श्रीकृष्ण ने मित्र सुदामा के अपने हाथों से पैर धोए। सुदामा की कांख में दबी पोटली को छीनकर उसमें दो मुट्ठी चावल खाते ही दो लोकों का राज्य सुदामा को दे दिया। सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता को देखकर उपस्थित दर्शकों की आंखें नम हो गईं। भगवान श्री कृष्ण व सुदामा चरित्र में दिखाया गया कि भगवान भक्त की अंतर्मन को जानते हैं। यही कारण है कि सुदामा के बिन मांगे ही भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें सब दे दिया। इस दौरान आचार्य दुर्गेश शुक्ल,आयोजक जगराम यादव, प्रधान श्यामसुंदर पान्डेय, संतोष गुप्ता, राजेन्द्र , जग्गी लाल , बुद्धिराम विश्वकर्मा आदि भारी संख्यां में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 25 वर्षों से लगे हरे 150 सागौन के पेड़ों को कटवा कर ईंट भट्टे पर रखने का आरोप पूर्व प्रधान ने दिया प्रार्थना पत्र

**गोण्डा ।** सागौन वृक्ष के कटान को रोकने व विविध कार्रवाई के लिए प्रभागीय वनाधिकारी को प्रार्थना देकर मांग किया गया लेकिन दो माह से अधिक बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। कौड़ियां थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत भैरमपुर निवासी पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार मिश्र पुत्र ज्वाला प्रसाद ने दो माह पहले प्रभागीय वनाधिकारी गोण्डा को पत्र देकर आरोप लगाया था कि ग्राम पंचायत में गाटा सं0-187 पर लगभग 25 वर्षों से लगे हरे सागौन वृक्ष को विपक्षी गणों के द्वारा बिना किसी प्रमीशन व प्रशासनिक आदेश के कटवा रहे है। दो दिन से लगभग विपक्षीगण ठेकेदार को बुलाकर 150 पृक्षों को कटवा कर मनीराम ईंट भ ?ट्ठा पर इकट्ठा कर लिये है। तथा प्रतिदिन लगभग अविधि पूर्वक 50 बहुमूल्य वृक्षों की मानक के विपरीत कटाई करवा रहे है। जिससे पर्यावरण, जलवायु, प्राणिजगत व भौतिक स्तर पर काफी नुकसान हो रहा है। जिसे तत्काल प्रभाव से रोका जाना आवश्यक है। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई ।श्री मिश्र ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली उदासीनता होने के कारण सौगन के वृक्षों को काट कर उठा ले गए और कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई तथा क्षेत्रीय विधायक के द्वारा वन मंत्री को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग भी किया जा चुका है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## इयरफोन व ध्वनि प्रदूषण ही लोगों को बना रहा है बहरा : डाक्टर संतोष सिंह

स्वतंत्र प्रभात



**संग्रामपुर, अमेठी।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में विश्व श्रवण दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से लगातार लोगों के सुनने या बहरा होने की संख्या में इजाफा हो रहा है,उनके कानों से सुनने की क्षमता को बरकरार रखने के लिए यह रैली निकाली गई।इस रैली में कानों से सुनने की क्षमता को बरकरार रखने के लिए गुण बताए गए। वहीं इस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर प्रभारी डॉ संतोष सिंह ने बताया कि आज विश्व श्रवण दिवस दिवस है।इस अवसर पर अस्पताल में तैनात सभी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कानों से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा गया। उन्होंने बताया कि बच्चों में सुनने की क्षमता बीमारी होने का कारण बच्चों में अधिक देखने को मिलता है इसका मुख्य कारण मां द्वारा बच्चों के स्तनपान कराते समय ध्यान न देना वै बच्चे को स्तनपान कराते समय ध्यान नहीं दे पाती जिससे दूध बहकर बच्चों के कान में जाता है जिसके कारण बच्चा बहरा हो जाता है। आज इस समय सबसे बड़ा कारण इयरफोन है जो कानों में लगाकर चलते हैं इसके कारण सुनने की क्षमता कम होती है। वही शादी ब्याह जैसे कार्यक्रमों में डीजे की भयानक आवाज से कान से सुनने की क्षमता कम हो जाती है। उन्होंने सलाह के रूप में बताया कि इयरफोन व ध्वनि प्रदूषण से बचकर रहें तभी आप और आपके सुनने की क्षमता बरकरार रहेगी। इस अवसर एआर ओ संतोष यादव,मुकेश कुशवाहा, तीर्थराज यादव, कमलेश सिंह, सहित आशा बहू आदि मौजूद रही।

## ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व लेखपाल पर गांव की जमीन को बेचने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** तिलोई तहसील के भदैया महमूदपुर गांव के लोग सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर पहुंचे जिला कलेक्ट्रेट। वहीं कलेक्ट्रेट पहुंचकर ग्रामीणों ने लेखपाल और ग्राम प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप। ग्रामीणों का आरोप है की ग्राम प्रधान और लेखपाल ने ग्राम सभा की बेशकीमती जमीन को भूमिधारी को दिया। ग्राम सभा की जमीन को ग्राम प्रधान और लेखपाल मिलकर बेच दे रहे हैं। और सरकार के धन का बंदरबांट कर रहे हैं। वहीं तीन दिनों से किसान व ग्रामीण अपनी शिकायत को लेकर यहां वहां भटक रहे हैं। वहीं आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर कर पूरे मामले को लेकर एसडीएम से शिकायत की। वहीं पूरा मामला तिलोई तहसील के भदैया महमूदपुर गांव का है।

## महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में प्रतिदिन तेज रफ्तार की कहर का लोग हो रहे शिकार

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/रायबरेली:** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर थंभने का नाम नहीं ले रहा है, प्रतिदिन तेज रफ्तार की कहर का लोग शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें ऑटो पर चढ़ रही एक 6 वर्षीय बालिका को तेज रफ्तार बाइक सवारने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका पैर फैक्चर हो गया।आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति को नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, सीएचसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली क्षेत्र के कैर चौराहे पर लगभग 12:00 बजे की है। गोनवा पहनासा थाना बछरावां की रहने वाली अंशिका (06) पुत्री अजय यादव अपनी मां के साथ ननिहाल कटरा मजरे कैर थाना महराजगंज आई हुई थी। यहां से आज सोमवार को अपने घर गोनवा पहनाशा के लिए कैर चौराहे पर ऑटो पर बैठने जा रही थी, तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने आकर पीछे से अंशिका को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे 6 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया हैं पीके श्रीवास्तव ने बताया कि, 6 वर्षीय बालिका का पैर फैक्चर हो जाने की वजह से बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि, मामला संज्ञान में आया है यदि घर वालों ने तहरीर दी तो अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** लोटन बाजार विकास खण्ड के ग्राम पंचायत महथावल के तुरकौलिया में आयोजित नौ दिवसीय माता पल्टा परम ज्योति शतचण्डी महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं, कन्याएं और श्रद्धालु भाग लिए। श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गय।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सुबह यज्ञ स्थल पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुषों की भीड़ एकत्र हो गई। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य यज्ञाचार्य श्याम सुंदर तिवारी ने यज्ञ के मुख्य यजमानों को यज्ञ का संकल्प दिलाने के साथ विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद कन्याओं एवं महिलाओं ने यज्ञ मंडप से कलश उठाया। गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा यज्ञ स्थल से आरंभ होकर ग्राम लकडी, लकड़ा होते हुए ग्राम महथावल के पास कूड़ा नदी के तट पर पहुंची। यहां कन्याओं के साथ महिलाओं ने कलश में जल भरा। पुनः कलश यात्रा ग्राम महथावल होते हुए यज्ञस्थल पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखने बन रहा था। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा, ग्राम प्रधान केदारनाथ गुप्ता, कुबेर शर्मा, अनिल गुप्ता, रामकेश, रामबृक्ष, राहुल गुप्ता, बृजेश चौधरी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## जन्म योजना तैयार करना जरूरी : डॉक्टर शैलेंद्र मणि ओझा

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉक्टर शैलेन्द्र मणि ओझा की अगुवाई में सोमवार को आशा बहुओं को ग्राम स्वास्थ्य सूचकांक रजिस्टर के विषय में प्रशिक्षित किया गया । डॉ ओझा ने कहा कि आशा बहुएं गॉव में सभी घर पर जाकर हेड काउंट सर्वे करे तथा 15 वर्ष से 49 वर्ष की शादीशुदा जोड़ो , गर्भवती एवं शून्य से 5 वर्ष उम्र के बच्चों के सर्वे पर विशेष ध्यान देने की बात की गई , जिससे स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की सही कार्य योजना बनाई जा सके । उन्होंने बताया कि आशा के द्वारा गर्भवती महिलाओं का जन्म योजना तैयार करना बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि एएनएम के द्वारा जन्म योजना की समीक्षा करते हुए जन्म योजना की जानकारी घर के अन्य सदस्यों से जरूर साझा किया जाए , जिससे संस्थागत प्रसव के माध्यम से जच्चा व बच्चा को सुरक्षित किया जा सके । बीओसी सुषमा द्विवेदी एवं एचईओ राजीव त्रिपाठी ने 6 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आशा बहुओं से आयरन फोलिक एसिड वितरण पर ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान बीसीपीएम मेराज अहमद , ध्रुव चंद्र , रेशमा , मालती , सुमन आदि मौजूद रहे ।

## पुलिस चौकी आर्यनगर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर सोमवार को पुलिस चौकी आर्यनगर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया । आगामी त्यौहार होली एवं रमजान एवं ईद उल फितर को शांतिपूर्वक सकुशल संपन्न कराने के लिए कौड़ियां थाना क्षेत्र अन्तर्गत आर्य नगर चौकी परिसर में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह व आर्य नगर चौकी प्रभारीअवनीश शुक्ला के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया।जिसमें क्षेत्र के सभी मस्जिदों के मौलवी, धर्म गुरु एवं ग्राम प्रधान सहित संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से कहा कि सभी लोग भाईचारा बनाए रखें तथा शांति पूर्वक त्यौहारों को मनाए। त्यौहारों पर शोहदों व मनचलों तथा उपद्रवियों को सबक सिखाया जाएगा तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे।इस अवसर पर कृष्ण कुमार चतुर्वेदी,रामकरन चौबे, राजेश सोनी, लवकुश मौर्य ,पुनीत सिंह मौजूद थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दो बार रहे पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**निघासन खीरी** दो बार सपा विधायक रहे कृष्ण गोपाल पटेल की पुण्यतिथि पर शनिवार को उनके पुत्र सपा नेता हिमांशु पटेल के निघासन आवास पर श्रद्धांजलि सभा की गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूलमालाएं चढ़ाकर याद किया। पार्टी कार्यकर्ता राकेश बाथम ने कहा कि केजी पटेल ने कभी भेदभाव की राजनीति नहीं की। उन्होंने समान व्यवहार करते हुए सबका काम किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को हमेशा अपना परिवार समझा। कार्यक्रम को हिमांशु पटेल, विधानसभा अध्यक्ष भण्डारी यादव, ज्वाला गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान आरिफ खान, लल्लू चतुर्वेदी, विकास पटेल, पूर्व प्रधान दृगपाल सिंह, मनोज पाण्डेय, बनारस कश्यप, रमेश कुमार मौर्य, राजेश वर्मा, भुट्टू शाह, शुभम वर्मा,रामनरायन वर्मा, नाजिम खान, अय्युब अंसारी, मशरूर अली, दिलीप यादव, मोबीन अहमद, तिलकराम यादव, कांग्रेस नेता राहुल वर्मा, विनोद वर्मा प्रधान, हरनाम वर्मा, हर्षित वर्मा, संदीप यादव, पवन वर्मा, मनोज वर्मा, विनीत वर्मा, शुभम वर्मा, पूर्व प्रधान सूरत वर्मा आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत भोजपुर मे विकास के नाम पर खानापूर्ति के आरोप

**लखीमपुर खीरी** आपको बता दें जिला लखीमपुर खीरी के ब्लाक नकहा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भोजपुर में कराये जा रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में घटिया क्वालिटी की सामग्री से निर्माण कराया जा रहा हैपीला ईट और घटिया क्वालिटी की सीमेंट लगाई जा रही हैप्रधान व सेक्रेटरी के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा हैसूत्र बताते है विकास खण्ड नकहा के कई ग्राम पंचायतों में खुले आम हो रहा भ्रष्टाचारऔर जिम्मेदार को इसकी भनक तक नहीं जबकि एक तरफ सरकार द्वारा चलाया जा रहा भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान वहीं दुसरी तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला सरकार के अभियान की पोल खोलने को काफ़ी नजर आ रहा है लोगो का आरोप है प्रधान और सचिव की कमीशन खोरी साफ़ दिखाई देती है।इससे सरकार के दावे फेल होते हुए नजर आ रहे हैं जनता त्रस्त अधिकारी मस्त की कहावत चरितार्थ होते दिख रही है कम से कम आधा दर्जन हैंडपंप सालों से बंद पड़े हैं ग्रामीण लोगों को स्वच्छ पानी वंचित किया जा रहा है प्रधान और सचिव मिलकर लाखों रुपए डकार रहे हैं ग्राम पंचायत में मनरेगा में भी फर्जी तरीके से निकले लाखों रुपए हो गए हज़म कुछ प्रधान तेजतर्रार खंड विकास अधिकारी प्रदीप चौधरी की छवि कर रहे धूमिल ऐसे आरोप चर्चा का विषय बने है अब देखना यह होगा कि जांच के बाद क्या कार्रवाई होगी।

### किसानों ने छुट्टा पशुओं की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के दिशा निर्देशन पर गोला गोकर्णनाथ तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा की अगुआई में क्षेत्र के छुट्टा घूम रहे आवारा पशुओं को लेकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता को सौंपा गया ज्ञापन।सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि दिन-रात की रखवाली के बावजूद छुट्टा पशु फसलों को चर रहे हैं। इससे उन्हें फसल को लेकर काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए इन आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला के हवाले किया जाए। किसानों को हो रही परेशानी को लेकर अनुराग मिश्रा ने कहा कि छुट्टा पशुओं के चलते अब हम किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए तहसील में ज्ञापन सोपा गया। वहीं दूसरी ओर अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग गोला को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम बहेरा में विद्युत बिजली की सप्लाई गोला -मोहम्मदी फीडर से संचालित है। जिससे आए दिन बिजली की समस्या बनी रहती है। ज्ञापन में मांग की गई कि बहेरा की बिजली सप्लाई गोला फीडर से जोड़ी जाए। जिससे आये दिन हो रही बिजली समस्या का समाधान हो सके।इस मौके पर किसान अनिल वर्मा, राजेश शुक्ला देवेश कुमार, बृज बिहारी, एहैतसाम आदि लोग मौजूद रहे।

# नजूल की जमीन को फ्री होल्ड कराये अवैध तरीके से हो रहा निर्माण प्रशासन साधे मौन

● नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष व रसुखदारो के आगे तहसील प्रशासन नतमस्तक।




स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला नई बस्ती में हो रहा अवैध निर्माण ।ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है आए दिन नगर पालिका के बाबू और सदर लेखपाल व नक्शा विभाग की मिली भगत से बड़ी-बड़ी इमारतें बनकर तैयार हो जाती है वहीं दूसरी तरफ किसी गरीब का पट्टा निरस्त हो जाता है तो वह निर्माण करता है तो नगर पालिका के बाबू पता नहीं कहां से प्रकट होकर इसका निर्माण तत्काल रुकवा देते है और नोटिस पकड़ा देते हैं लेकिन पिछले कई सालों से कुछ इमारतें बन गई है जिनका कोई पुरसा हाल नहीं है।बताते चले कि

मोहल्ला नई बस्ती में कई जगह पर नजूल की जमीन पर करवाया जा रहा हैअवैध निर्माण ।सदर लेखपाल और एक नगर पालिका के बाबू की मिली भगत से निर्माण कराये जानें की चर्चा आम हो रही है लोगो नें तो यहाँ तक कहना शुरू कर दिया है कि सारे नियम क्या गरीबों के लिए बने हैं अमीरो के लिए सरकारी विभागों के द्वाराअवैध कब्ज़ा व निर्माण की खुली छूट दी जा रही है और दबंग दबंगई से कर रहे हैं नजूल की ज़मीन पर अवैध भवन निर्माण। ऐसा ही एक मामला स्थानीय शहर लखीमपुर स्थित नई बस्ती मे जिला अस्पताल के सामने आशा पैथोलॉजी वाली बिल्डिंग का अवैध तरीके से निर्माण कराया जाना चर्चा का विषय बना है नजूल की जमीन पर आशा पैथोलॉजी की मालिक वर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका लखीमपुर डॉक्टर इरा श्रीवास्तव के साथ उनके सजातीय एक रसूखदार सचिन श्रीवास्तव द्वारा अवैध तरीके से ज़मीन को बिना फ्रीहोल्ड कराये और बगैर विनियमित क्षेत्र से नक्शा पास कराये निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। नियमानुसार किसी भी नजूल की ज़मीन पर बनी बिल्डिंग को तोड़ने से पहले ध्वस्तिकरण और मलवा निस्तारण आदेश लेना होता है वही सरकार नें हाल ही में पट्टा निरस्त कर दिये और इन पर निर्माण पर रोक लगा देने की जानकारी मिली है मिली जानकारी के अनुसार नजूल की ज़मीन को लेने से पहले या यू कहे निर्माण से पहले इस ज़मीन को फ्रीहोल्ड कराना होता है उसके बाद नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र से नक्सा पास कराना होता है सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उक्त जमीन पुरुषोत्तम के नाम पट्टा थी जो उन्होने नगर पालिका चेयरमैन डॉक्टर इरा श्रीवास्तव के हाथ बिक्री कर दी उक्त ज़मीन पर डॉक्टर इरा श्रीवास्तव नें पद का दुरुपयोग करते हुए ज़मीन को फ्रीहोल्ड कराये बगैर व नक्शा पास कराये बिना ही जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण शुरू करवा दिया गया इनको देखते हुए इनके चहेते सजातीय नीरज श्रीवास्तव नें भी नियम कानून को ताक पर रखकर अवैध तरीके से निर्माण कार्य बगैर फ्रीहोल्ड कराये शुरू करवा दिया तीसरे मामले पर गौर तो मोहल्ला नई बस्ती मे कुछ दिन पहले लकड़ी का खोखा रखा था जो आज तहसील और नगर पालिका प्रशासन के रहमोंकाराम से पक्की दुकान मे बदल गया तहसील प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन की मिली भगत से मोहल्ला नई बस्ती में अवैध कब्जा हुआ अवैध निर्माण कुछ नामी ग्रामीण लोग करवाने में लगे देखे जा सकते हैं जिनके आगे नगर पालिका प्रशासन और तहसील प्रशासन सहित राजस्व विभाग के जिम्मेदार उच्च अधिकारी भी नतमस्तक होते दिखाई पड़ रहे हैं राजस्व विभाग नगर पालिका लखीमपुर नगर पालिका के एक बाबू और एक लेखपाल के मिली भगत से कई जगह अब निर्माण करवाया जा रहा है अवैध कब्जा व निर्माण नगर पालिका तहसील प्रशासन पहले अवैध कब्जा व निर्माण करवाता है जब वही मामला सोशल मीडिया या अखबारी सुर्खियां बनता है मामला उजागर होने पर तो आनंद आनंद में कादरी कार्रवाई का जाल बुन दिया जाता है और प्रशासन की आंखों में धूल धोकर पब्लिक को गुमराह करते हुए मनमानी रकम वसूलकर अंदर खाने में निर्माण करवाया जाता है ऐसा लोगों का आरोप है।

जिसकी बानगी आप नई बस्ती मे डॉक्टर इरा श्रीवास्तव के द्वारा कराये जा रहे अवैध निर्माण को देखकर आसानी से प्रशासन की मिलीभगत साफ नजर आती हैं यह सब अधिशासी अधिकारी व तहसील प्रशासन के जिम्मेदारो को दिखाई नहीं पडता हैं या फिर सब कुछ जानने के बाद भी अनजान बन रहे हैं और अवैध कब्ज़ा व निर्माण होते देख रहे हैं।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार-** वर्ल्ड में जब अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जानकारी चाहिए तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में मेरे कार्यालय से बेनीवाल क्षेत्र अधिकारी को पत्र जारी कर दिया गया है और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर को भी भेज दिया गया है मौके पर काम रुकवा दिया गया है।

## स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद उत्तर प्रदेश की बैठक होटल आशीर्वाद में संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होटल आशीर्वाद में संपन्न हुआ। इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों ने भाग लिया।बैठक में नगर पालिका अध्यक्षों की कार्यक्षमता और उनके अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ कि 15 वें वित्त आयोग द्वारा आवंटित बोर्ड फंड में अब से जिला प्रशासन का हस्तक्षेप बंद किया जाए। यह निर्णय इस उद्देश्य से लिया गया कि नगर पालिका परिषद अपने फंड का सही तरीके से उपयोग कर सके और बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के विकास कार्यों को तेज़ी से अंजाम दे सके।इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, नगर पालिका परिषद गोला के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, पलिया नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी, दधौरहरा नगर पंचायत अध्यक्ष नफीस खान, खीरी नगर पंचायत अध्यक्ष फहीम सहित अन्य कई महत्वपूर्ण सदस्य उपस्थित रहे।आयोजित बैठक में मुख्य रूप से चार विषय उठाए गए जिसमें नगर पालिका अध्यक्षों की पावर और अधिकारों की समीक्षा के साथ स्थानीय निकायों के अधिकारों को मजबूत करने के लिए चर्चा की गई। विशेष रूप से नगर पालिका अध्यक्षों के अधिकारों और उनकी कार्यक्षमता में सुधार पर जोर दिया गया, ताकि वे अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्रभावी रूप से चला सकें।15वें वित्त आयोग द्वारा आवंटित बोर्ड फंड में जिला प्रशासन का हस्तक्षेप बंद कराने हेतु परिषद ने विशेष ध्यान दिया और सभी सदस्यों ने एक स्वर से सहमति व्यक्त की कि 15 वें वित्त आयोग द्वारा मिलने वाले बोर्ड फंड में जिला प्रशासन का हस्तक्षेप अब बंद किया जाए। इसका उद्देश्य यह है कि नगर पालिका अध्यक्ष अपने क्षेत्र के विकास के लिए स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें और उनके द्वारा तय किए गए कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। स्थानीय निकायों की स्वायत्तता बढ़ाने के उपाय

बैठक में यह भी तय किया गया कि भविष्य में स्थानीय निकायों की स्वायत्तता को बढ़ाने के लिए पहल की जाएगी। इसके तहत अधिकारियों द्वारा किया गया अवरोध कम किया जाएगा और शासन प्रशासन के स्तर पर सुधार लाने की कोशिश की जाएगी। विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं के अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो की जानकारी देते हुए निर्णय लिया गया कि नगरपालिकाओं को अधिक वित्तीय स्वतंत्रता व अधिकार दिए जाएंगे ताकि वे अपनी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर सकें।

## एसडी सीओ ने होली पर शांति व्यवस्था के तहत भ ऊवा बाजार में बैठ की



स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**नवाबगंज एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकार हर्ष मोदी ने विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत भगवा बाजार में पहुंचकर क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह के साथ दोनों समुदायों के लोगों के साथ बैठकर समीक्षा बैठक की क्योंकि इस ग्राम पंचायत में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग बड़ी मात्रा में है कई बार इस गांव में होली पर विवाद उत्पन्न हुआ था जिससे बचने के लिए प्रशासन द्वारा गांव में बैठक की गई। और कड़ी निर्देश दिए गए यदि होली पर किसी ने भी लक्ष्मण रेखा पार करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी उसके साथ कोई भी रिहायत नहीं होगी और इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा विशेष बात यह है कि इस बार जुम्मे की नमाज और होली का जुलूस एक ही दिन निकलेगा इस पर शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्रमुखता है। इसके लिए उन्होंने बैठक कर ग्रामीणों को सख्त निर्देश जारी किया और कहा जो सीमा निर्धारित है उसे तोड़ने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अवश्य की जाएगी वह चाहे कितना ही पहुंच वाला क्यों ना हो इसलिए होली का पर्व जुम्मे की नमाज शांति व्यवस्था के तहत संपन्न करना प्रशासन की जिम्मेदारी है इसमें किसी को भी मनमानी करने की छूट नहीं दी जाएगी। यहां पर उपस्थित एसडीम अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकार हर्ष मोदी प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया जितेंद्र कुमार सिंह अन्य पुलिस बल मौजूद था यहां पर ग्राम प्रधान समेत गांव के संबंध व्यक्ति मौजूद थे इसके बाद अधिकारियों ने गांव में पैदल भ्रमण किया और शांति व्यवस्था तोड़ने पर कार्रवाई करने का पैगाम दिया।

## जेब काटकर 15 हजार रुपए की नकदी उड़ाई

**पुवायां शाहजहांपुर/** सोमवार की दोपहर समय अज्ञात जेब कतरे ने एक बुजुर्ग व्यक्ति की जेब काटी और 15 हजार रुपए किए गायब हो गया अज्ञात व्यक्ति ने पुवायां के राजीव चौक तक लिफ्ट मांगी थी और 15 हजार रु. की नकदी को उड़ा लिया। पीड़ित व्यक्ति तेजराम संग्रह अमीन है जो पुवायां के बड़ागांव के निवासी है ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। बुजुर्ग ने बताया कि वह पुवायां के खुटार रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीम पर वह अपनी स्कूटी से गए। जहां तेजराम ने अपने खाते से 15 हजार रुपए नकदी निकाले और वहां से चल दिए तभी रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति ने पुवायां के राजीव चौक तक लिफ्ट मांगी बुजुर्ग व्यक्ति ने उस अज्ञात व्यक्ति को अपनी स्कूटी पर बैठा लिया। वह अज्ञात व्यक्ति दलजीत पेट्रोल पंप के पास उतर गया और तेजराम भी चले आए। तभी पुवायां शाहजहांपुर रोड स्थित प्रेम हार्डवेयर की दुकान पर कुछ सामान खरीदने के लिए जेब में हाथ डाला तो उन्हें अपनी जेब कटी मिली और 15 हजार रुपए भी गायब मिले तब उन्हें इस बात का पता चला कि उसी अज्ञात व्यक्ति जेब कतरे ने उनकी जेब काटली है इस बात की जानकारी थाना प्रभारी हरिपाल सिंह बालियान को मिली तो उन्होंने पुलिस कर्मियों को घटना स्थल पर जांच करने के लिए भेजा।

## पडरा गांव ने अहमदाबाद को भी छोड़ दिया पीछे विकास कार्यों में आई रौनक





स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**नवाबगंज विकासखंड के गांव पड़रा से इस बार ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद इस गांव की किस्मत जाग गई यहां की ब्लॉक कर प्रज्ञा गंगवार बन गई जिनका कार्य भार माया अस्पताल के संचालक उनके जेठ डॉक्टर आशुतोष कुमार गंगवार के नेतृत्व में नवाबगंज विकासखंड का विकास कार्य संचालित हो रहा है जिसके तहत उनके निजी गांव पड़रा की किस्मत ही बदल गई। हर गली में सीसी रोड एवं पक्की नालियां गांव की साफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं से सुशोभित इस गांव के कायाकल्प होने से ग्रामीण गदगद हैं यहीं पर एक भव्य मंदिर का भी आयोजन किया गया जो अपने आप में एक आस्था और सुंदरता का प्रतीक है यहां पर शिक्षा के लिए इंटर कॉलेज पूजा पाठ के लिए भव्य मंदिर रहने के लिए शुद्ध वातावरण गंदगी मुक्त नालियां रास्ते सीसी रोड से सुशोभित ग्रामीणों द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया हमारे गांव का तो नक्शा ही बदल गया है।

जिसे हमने कभी सोचा नहीं था उससे भी अधिक विकास यहां की ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार के प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष कुमार गंगवार द्वारा किया गया है निकलने के लिए पक्के रास्ते पानी बहाव के लिए पक्की नालियां साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद यह सब होने के बाद ग्रामीण अपने को बेहतर महसूस कर रहे हैं जब के नवाबगंज विकासखंड के ग्रामों में कभी अहमदाबाद गांव का नाम हुआ करता था। जब के इस गांव से भगवत शरण गंगवार मंत्री उषा गंगवार जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गंगवार विधायक स्वर्गीय केसर सिंह गंगवार एमएलसी एवं विधायक हुआ करते थे तब इस ग्राम का विकास खंड में प्रथम स्थान था इसके बाद भी इस गांव में दलितों की गली में कीचड़ रहती थी परंतु ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार के गांव में किसी भी तरह का भेदभाव न होने पर प्रतिनिधि बतौर डॉक्टर आशुतोष कुमार गंगवार ने निष्पक्ष विकास कार्य करा कर पूरे गांव का नक्शा ही बदल दिया जिससे ग्रामीण गदगद हैं और वह इसके लिए डॉक्टर आशुतोष कुमार गंगवार बधाई का पत्र हैं।

## शाहजहांपुर जनपद में 3 मार्च से 30 अप्रैल तक धारा 163 लागू

**शाहजहांपुर/**जिला मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने रमजान शरीफ, ईद- उल-फितर, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की वार्षिक परीक्षाएं, होली, छोटे व बड़े लाड साहब जुलूस, रामनवमी, महावीर जयंती व भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती के दृष्टिगत जनपद में धारा 163 लोक व्यवस्था/शांति व्यवस्था एवं जन सुरक्षा हेतु 3 मार्च से 30 अप्रैल 2025 तक संपूर्ण जनपद में लागू की है। जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 बी0एन0एस0एस0 में निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था/शान्ति व्यवस्था/जन सुरक्षा एवं जनजीवन को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की सम्पूर्ण सीमा में इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु निम्नलिखित निषेधाज्ञाएं पारित की है। कोई भी व्यक्ति सक्षम सतर से अनुमति प्राप्त किये बिना कोई भी आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, लाठी अथवा अन्य कोई घातक अस्त्र-शस्त्र आदि या विस्फोटक सामग्री अपने साथ लेकर नहीं चलेगा। सरकारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियो एव कर्मचारियों तथा ऐसे व्यक्तियों (विकलांग अथवा वृद्धजन) पर लागू नहीं होगा जो लाठी अथवा डण्डे/छड़ी के सहारे चलते हो। कोई भी व्यक्ति सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किये बिना किसी भी ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करेगा।

यह प्रतिबन्ध परम्परागत धार्मिक आयोजनों और अपरिहार्य सामाजिक आयोजन (विवाह आदि) पर लागू नहीं होगा किन्तु ध्वनि की तीव्रता मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित मानक से अधिक नहीं होगी तथा कोई भी व्यक्ति रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक किसी भी तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति अपने मकान की छत या दीवार या किसी अन्य स्थान पर बिना किसी प्रयोजन के कंकड पत्थर इंट के टुकडे, काँच की सामग्री, विस्फोटक सामग्री अथवा ऐसी कोई वस्तु एकत्र नहीं करेगा जिससे किसी व्यक्ति को क्षति पहुंचायी जा सके। किसी एक स्थान पर 05 से अधिक व्यक्ति एकत्र नहीं होगे, यह प्रतिबन्ध धार्मिक आयोजनों पर लागू नहीं होगा। किसी भी प्रकार कोई धरना / प्रदर्शन अथवा कोई धर्मिक आयोजन बिना सक्षम स्थानीय मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के नहीं किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह किसी प्रकार के राजनैतिक, जातीय, धार्मिक व सामाजिक भावनाओं को बिगाडनें वाले किसी प्रकार के नारे आदि नही लगाएगा तथा सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार करेगा। ऐसा कोई कार्य लिखकर बोलकर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नहीं करेगा जिससे किसी धर्म, मजहब, सम्प्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग की भावना आहत हो या उससे विभिन्न वर्गो / दलों/व्यक्तियों के मध्य कटुता फैले और उससे समाज में तनाव का माहौल उत्पन्न हो। यह आदेश दिनांक 03, मार्च-2025 से 30 अप्रैल-2025 तक जनपद शाहजहाँपुर के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रभावी रहेगा।

## चेकिंग अभियान में 118 दोपहिया वाहनों का चालान



**शाहजहांपुर/**जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस और परिवहन विभाग का सख्त रुख देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार, जिलाधिकारी और पुलिस उपमहानिरीक्षक के पर्यवेक्षण में विकास भवन के सामने बड़ा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 118 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया, जिसमें सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 60 राजकीय कर्मचारी भी शामिल हैं जिनका चालान काटा गया है सीओ ट्रैफिक संजय सिंह ने लोगों से अपील की कि सड़क पर अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और दोपहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट पहनना सुनिश्चित करें। चेकिंग अभियान के दौरान पीटीओ आरिफ खान और प्रभारी यातायात विनय कुमार पांडेय के नेतृत्व में यह अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया।

## नगर पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा जिम्मेदार मौन

● अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिंगाही नें जारी की नोटिस

नगर पंचायत सिंगाही की जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकाने



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** नगर पंचायत सिंगही के वार्ड नंबर 13 मेंकथित भूमाफियाओं द्वारा नगर पंचायत सिंगाही की भूमि पर पुनःअवैध कब्जा पक्का निर्माण कर चार दुकान बनाई गई है। बीते 1 वर्ष पहले जनवरी माह में तहसील निघासन प्रशासन के द्वारा बुलडोजर की कार्यवाही करते हुए कथित भू माफियाओं से नगर पंचायत सिंगाही मेन मार्केट की भूमि पर अवैध कब्जा खाली कराया गया था। और नगर पंचायत सिंगाही के सक्षम अधिकारी के द्वारा नगर पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में कथित भूमाफियाओं को खाली करने के लिए नोटिस जारी की गई थी लेकिन नगर पंचायत प्रशासन की मिली भगत से पुनः रसूखदार कथित भू माफियाओं के द्वारा पक्का निर्माण कर लिया गया नगर पंचायत की भूमि पर मेन मार्केट में बनाई गई चार दुकानों की जगह नगर पंचायत सिंगाही की है जिसकी कीमत करोड़ों में है जिस पर प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है प्रशासनिक अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।योगी सरकार में बेखौफ होकर कथित भू माफियाओं के द्वारा किया गया अवैध कब्जा बुलडोजर की कार्रवाई हुई हवा हवाई।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकानों में नगर पंचायत की भूमि 5 मीटर बताई जा रही है।

## कार ने मारी बाइक सवार को जोरदार टक्कर बाइक सवार की मौके पर ही मौत, एक घायल



**निघासन खीरी।** तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के बेलरायां में चौधरी मोटर साइकिल एजेंसी के आगे मोटर साइकिल सवार को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक लोग गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के बेलरायां चौकी के अंतर्गत ग्राम कुसाही बेलरायां निवासी उमाकांत श्रीवास्तव उम्र करीब बयालीस वर्ष जोकि कुसाही बाजार से अपनी मोटर साइकिल से घर वापस लौट रहे थे शाम को करीब साढ़े आठ बजे चौधरी मोटर साइकिल एजेंसी के आगे तेज रफ्तार से आ रही कार ने मोटर साइकिल सवार उमाकांत श्रीवास्तव को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल सवार उमाकांत श्रीवास्तव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पैदल जा रहे जग्गू निवासी बाजार पुरवा बेलरायां गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। कार चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आस पास लगे सीसी टीवी कैमरे चेक कर रही हैं जिससे पता चल साके कौन सी कार ने टक्कर मारी है। पुलिस हर एंगल से जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं। वही मृतक उमाकांत श्रीवास्तव के परिजनों को सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। अचानक हुए हादसे से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बेलरायां चौकी प्रभारी ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर खीरी भेजते हुए पुलिस आगे की जॉच पड़ताल में जुट गई है।

## बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों की फोटो एवं वीडियो ग्राफी कराने के निर्देश: डीएम



**शाहजहांपुर/**जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक राजेश एस, नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार के साथ शुक्र बाजार शिफ्ट करने के लिए मिशन फील्ड एवं महमानशाह स्थित पुराना छोटी लाइन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण का किया। जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों स्थानों का अच्छे से व्यवस्थाओं का अध्ययन कर लिया जाए तथा शुक्र बाजार लगाने हेतु उपयुक्त व्यवस्थाएं होने पर स्थानांतरण की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कोतवाली प्रभारी को निर्देश दिए कि शुक्र बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों की फोटो एवं वीडियोग्राफी कराकर उनका सत्यापन कराया जाए। उन्होंने कहा कि सत्यापन उपरांत दुकानदारों की सूची उपलब्ध कराई जाए। तत्पश्चा जिलाधिकारी ने जिला आबकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिला आबकारी कार्यालय में शराब की दुकानों के ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन हेतु चल रहे आवेदन सत्यापन के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने आवेदनकर्ताओं के आवेदन में पैन कार्ड, शपथ पत्र, आयकर रिटर्न, दुकान का नाम आदि के संबंध में मिलान कार्यों को परखा। जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि दुकान आवंटन के कार्यों में पूरी पारदर्शिता से कार्य कराया जाए।

## कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के साथ सेवा आयोग के सदस्य ने गौशाला का किया निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**उत्तर प्रदेश सरकार में गौ सेवा आयोग के सदस्य दर्जा राज्यमंत्री रमाकांत उपाध्याय ने किया गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया व कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक सोमवार को शाहजहांपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के गौ सेवा आयोग के सदस्य दर्जा राज्य मंत्री रमाकांत उपाध्याय ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया तत्पश्चात कान्हा गौशाला और नंदी गौशाला का औचक निरीक्षण किया जहां व्यवस्थाओं को और चुस्त दुरुस्त बनाए जाने को लेकर सीबीओ राजेंद्र गंगवार को दिशा निर्देश दिए उसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों खंड विकास अधिकारीयो ब्लॉक प्रमुखो अधिशासी अधिकारीयो एडीओ पंचायत के अलावा गौ सेवक और पशुपालकों के साथ बैठक की जिसमें सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत गोपालकों को गाय से मिलने वाले फायदे के बारे में बताया और सरकार की योजना को किसानों तक पहुंचाये जाने के लिए समस्त उपस्थित लोगों से अपील की उन्होंने गांव में किसानों के घर-घर बायोगैस प्लांट लगाए जाने और गाय के गोबर और मूत्र और गाय का महत्व समझाते हुए केंद्र सरकार की योजना के तहत अधिक से अधिक बायोगैस प्लांट लगाए जाने और उन पर मिलने वाली सब्सिडी का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाये जाने के लिए उपस्थित लोगों से कहा उन्होंने गाय की गुणवत्ता और उसके महत्व को समझाते हुए बताया कि जब तक गाय किसान के खूंटे पर नहीं बांधी जाएगी जब तक गाय सड़कों पर दिखाई देगी इसलिए गाय को किसानों के खूंटे पर बांधने के लिए गाय के महत्व को समझना होगा गाय के मूत्र और गोबर से बनने वाले उत्पादों और दवाओ की जानकारी होने के बाद लोग गाय को पालेंगे और उसका महत्व समझेंगे बायोगैस में गाय के गोबर का प्रयोग होगा जिससे गैस और खाद मिलेगी और हमें शुद्ध सब्जियां और खाने की अन्य चीजे मिलेगी उपस्थित सभी ने मार्च माह में ब्लॉक स्तर पर बैठकर अधिक से अधिक बायोगैस लगवाए जाने को लेकर आश्वासन दिया। इस मौके पर सीबीओ राजेंद्र गंगवार" संजय उपाध्याय" सभी ब्लॉक प्रमुख" खंड विकास अधिकारी" अधिशासी अधिकारी" ए डी ओ पंचायत सहित संबंधित गोपालक और पशुपालक एवं संघ के पदाधिकारी दिलीप शर्मा" संतोष उपाध्याय " राजवीर सिंह" आलोक अग्रवाल " अंकित सिंह" ममता पाठक" गौरव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सीडीओ ने विकासखंड कार्यालय औराई का किया आकस्मिक निरीक्षण



**भदोही** 03 मार्च 2025/ मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी द्वारा शायं 4 बजे आकस्मिक रूप से विकासखंड कार्यालय औराई का निरीक्षण किया गया द्ध निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी दिलीप कुमार अपने अधीनस्थों के साथ विकासखंड पर उपस्थित पाए गए द्ध मौके पर गोवंशों की सुपुर्दगी, राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त के अंतर्गत उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार व्यय करने, निर्माणाधीन खाद्यान्न गोदाम,पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, आर आर सी सेंटर को समय अंतर्गत पूर्ण कराए जाने,जीरो पॉवर्टी के अंतर्गत एक्सेल शीट पर विवरण भरे जाने, प्रधानमंत्री आवास के सर्वे की प्रगति बढ़ाने तथा निर्माणाधीन आवासों को अतिशीघ्र पूर्ण कराने, सोशल सेक्टर के अंतर्गत लंबित आवेदनों का निस्तारण कराने तथा ग्रांट रजिस्टर के अनुसार उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार सदुपयोग कराए जाने हेतु खंड विकास अधिकारी औराई को निर्देशित किया गया

### "मिशन शक्ति अभियान फेज-5" के तहत भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान



कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे ÷मिशन शक्ति अभियान फेज-05÷ के अंतर्गत अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक-03.03.2025 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

### एक वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ढेढ़ी गांव से पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किसी मुकदमे न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद न्यायालय में हाजिर नही होने पर ढेढ़ी गांव निवासी वारंटी गोठई को एसआई जिउतबंधन यादव ने उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद सरोज ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में वारंटी गोठई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### पेयजल आपूर्ति विस्तार योजना का शुभारंभ



**चुनार, मीरजापुर।** क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह ने रविवार को नगर के बहरामगंज मोहल्ला में 52 लाख के लागत से पेयजल आपूर्ति हेतु नये पाइप लाइन के विस्तार कार्य का विधि-विधान पूर्वक पूजन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा, अधिशासी अधिकारी राजपति बैश, विधायक सहयोगी आलोक सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगरु साहनी, विजय बहादुर सिंह, चंद्रहास गुप्ता, अभिलाश राय, ब्रह्मानंद कुशवाहा, सभासद अशोक पाल पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह, जगदीश गुप्ता, सहित भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# संदीप कुमार "बालाजी" की पुस्तक "लाल परिंदे" का हुआ विमोचन

स्वतंत्र प्रभात



**सुरियावां।** ग्राम पूरेबदल, पोस्ट साण्डा (सुरियावां), जनपद भदोही में डॉ संदीप कुमार "बालाजी" द्वारा लिखित लाल परिंदे (बाल कहानियाँ) का 'श्री तेरसनाथ मनभावती देवी आवास' पर भव्य विमोचन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री कर्मराज यादव 'किसलय' जी ने हार्दिक बधाई और आशीर्वाद दिया तो मुख्य अतिथि रहे हिंदी श्री प्रकाशन के संस्थापक श्री आनंद 'अमित' जी ने कहानियों की भूरि भूरि प्रशंसा किया और कहा कि बालाजी की कविताएं और कहानियाँ दोनों ही अत्यंत प्रेरक और साहित्य की कसौटी पर उम्दा हैं आपकी कविताओं की भांति ही कहानियाँ भी बिंबो, प्रतीकों में गति पाती हैं। हिंदी श्री पब्लिकेशन ने उक्त अवसर पर श्री संदीप कुमार 'बालाजी' को बाल साहित्य के क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए हिंदी श्री बाल साहित्य सम्मान प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्रम देकर विभूषित किया।और विमोचन कर्ता श्री भोलानाथ कुशवाहा जी ने कहा कि संदीप कुमार "बालाजी" की कहानियाँ कथा साहित्य की कसौटी पर अत्यंत खरी उतरती हैं। उद्देश्य परक होने के साथ-साथ रोचक और भारतीय संस्कृति को समेटे हुए होती हैं। आयोजक श्री विनोद कुमार सरोज (सीनियर ऑडिटर) ने कहा कि कहानी और कविताएं केवल मनोरंजन का साधन नहीं होती अपितु देश और समाज के लिए दिशा निर्देश का कार्य करती हैं।

पूर्व प्रधानाचार्य श्री नरेंद्र बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य श्री रमेश चंद्र दुबे ने बालाजी को आशीर्वाद एवं बधाई दिया साथ ही उनकी कहानी और कविताओं पर प्रकाश डाला। संयोजक श्री योगेंद्र प्रताप श्रीवास्तव ने बालाजी को बधाई दिया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार श्री नरेंद्र बहादुर सिंह पंकज जी का जन्मदिन भी मनाया गया। संलग्न काव्य-पाठ कार्यक्रम में श्री नरेंद्र बहादुर सिंह 'पंकज', अजय विश्वकर्मा 'शान', अरुण यादव 'आदित्य', श्रीमती सुमति श्रीवास्तव, श्री गंगाधर मिश्र बेखबर सत्येंद्र शुक्ला सजग, डॉ विनोद स्वामी, श्री राम सागर सरस, श्री इंद्रजीत सिंह वियोगी, आनंद गुप्ता गांधी, शेख सलीम सचिन सरोज, वंदना मौर्य, जैसे रचनाकारों ने सुंदर काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त किया। अतिबल सरोज, गुलाबचंद सरोज, पंडित रामचंद्र दुबे, समरजीत सरोज, प्रोफेसर रविशंकर गौतम, श्री लालचंद दुबे, चंद्रमा प्रसाद उपाध्याय, भोलानाथ सरोज, दिनेश यादव, सुनील तिवारी, हंसराज राम शिरोमणि सरोज शिवप्रसाद सरोज, दिनेश सरोज, सूर्यमणि सरोज जैसे लोगों की गरिमा में उपस्थित बनी रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजक श्री विनोद कुमार सरोज सीनियर ऑडिटर ने सबका आभार व्यक्त किया और श्री योगेंद्र प्रताप श्रीवास्तव एवं श्री रमेश चंद्र दुबे जी ने रचनाकारों को श्री विनोद लक्ष्मी साहित्य सम्मान से विभूषित किया।

## पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा 182 ग्राम चौकीदारों (ग्राम प्रहरी) को किया गया साईकिल का वितरण

**● पुलिस लाईन ज्ञानपुर में ग्राम प्रहरियों के सम्मान हेतु आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**साईकिल पाकर खिल उठे ग्राम चौकीदारों के चेहरे**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** आज दिनांक-03.03.2025 को पुलिस लाईन ज्ञानपुर में ग्राम प्रहरियों (ग्राम चौकीदार) के सम्मान हेतु 'ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में आर.पी. सिंह, पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर व अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा ग्राम प्रहरियों को कर्त्तव्य पालन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कार्यरत 182 ग्राम चौकीदारों को साईकिल का वितरण किया गया। साईकिल पाकर ग्राम चौकीदारों द्वारा पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल व पुलिस अधीक्षक, भदोही का हृदय से धन्यवाद दिया गया।

पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि चौकीदार हमारे पुलिस विभाग की सबसे प्रथम कड़ी हैं। पुलिस विभाग से ग्राम प्रहरियों को जोडने एवं प्रोत्साहन हेतु संवाद स्थापित कर उन्हें सम्मानित किया गया ताकि भविष्य में ग्रामीण क्षेत्र में घटित कोई भी छोटी से छोटी घटना की सूचना ग्राम प्रहरियों( चौकीदोरों) के माध्यम से जनपदीय पुलिस को तत्काल प्राप्त हो सके। जिससे जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किया जा सके। उक्त कार्यक्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन ज्ञानपुर, सम्मानित मीडियाबंधु व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## संदीप कुमार "बालाजी" की पुस्तक "लाल परिंदे" का हुआ विमोचन

**● कवि गोष्ठी में रोचक रचनाओं का हुआ पाठ, वसंतोत्सव पर हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** ग्राम पूरेबदल, पोस्ट साण्डा (सुरियावां), जनपद भदोही में डॉ संदीप कुमार ÷बालाजी÷ द्वारा लिखित *लाल परिंदे* (बाल कहानियाँ) का 'श्री तेरसनाथ मनभावती देवी आवास' पर भव्य विमोचन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री कर्मराज यादव 'किसलय' जी ने हार्दिक बधाई और आशीर्वाद दिया तो मुख्य अतिथि रहे हिंदी प्रकाशन के संस्थापक आनंद 'अमित' जी ने कहानियों की भूरि भूरि प्रशंसा किया और कहा कि बालाजी की कविताएं और कहानियाँ दोनों ही अत्यंत प्रेरक और साहित्य की कसौटी पर उम्दा हैं आपकी कविताओं की भांति ही कहानियाँ भी बिंबो, प्रतीकों में गति पाती हैं। हिंदी श्री पब्लिकेशन ने उक्त अवसर पर संदीप कुमार 'बालाजी' को बाल साहित्य के क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए हिंदी श्री बाल साहित्य सम्मान प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्रम देकर विभूषित किया।और विमोचन कर्ता भोलानाथ कुशवाहा जी ने कहा कि संदीप कुमार ÷बालाजी÷ की कहानियाँ कथा साहित्य की कसौटी पर अत्यंत खरी उतरती हैं। उद्देश्य परक होने के साथ-साथ रोचक और भारतीय संस्कृति को समेटे हुए होती हैं। आयोजक विनोद कुमार सरोज (सीनियर ऑडिटर) ने कहा कि कहानी और कविताएं केवल मनोरंजन का साधन नहीं होती अपितु देश और समाज के लिए दिशा निर्देश का कार्य करती हैं। पूर्व प्रधानाचार्य नरेंद्र बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य रमेश चंद्र दुबे ने बालाजी को आशीर्वाद एवं बधाई दिया साथ ही उनकी कहानी और कविताओं पर प्रकाश डाला। संयोजक योगेंद्र प्रताप श्रीवास्तव ने बालाजी को बधाई दिया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ साहित्यक नरेंद्र बहादुर सिंह पंकज जी का जन्मदिन भी मनाया गया। संलग्न काव्य-पाठ कार्यक्रम में नरेंद्र बहादुर सिंह 'पंकज', अजय विश्वकर्मा 'शान', अरुण यादव 'आदित्य', सुमति श्रीवास्तव, गंगाधर मिश्र बेखबर सत्येंद्र शुक्ला सजग, डॉ विनोद स्वामी, राम सागर सरस, इंद्रजीत सिंह वियोगी, आनंद गुप्ता गांधी, शेख सलीम सचिन सरोज, वंदना मौर्य, जैसे रचनाकारों ने सुंदर काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त किया। अतिबल सरोज, गुलाबचंद सरोज, पंडित रामचंद्र दुबे, समरजीत सरोज, प्रोफेसर रविशंकर गौतम, लालचंद दुबे, चंद्रमा प्रसाद उपाध्याय, भोलानाथ सरोज, दिनेश यादव, सुनील तिवारी, हंसराज राम शिरोमणि सरोज शिवप्रसाद सरोज, दिनेश सरोज, सूर्यमणि सरोज जैसे लोगों की गरिमा में उपस्थित बनी रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजन विनोद कुमार सरोज सीनियर ऑडिटर ने सबका आभार व्यक्त किया और योगेंद्र प्रताप श्रीवास्तव एवं रमेश चंद्र दुबे जी ने रचनाकारों को विनोद लक्ष्मी साहित्य सम्मान से विभूषित किया।

## आगामी पर्वो एवं जनपद में कानून व शांति व्यवस्था सहित अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर महोदय द्वारा की गई समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात



आज दिनांक 03.03.2025 को आर.पी. सिंह, पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर,द्वारा आगामी पर्वो एवं जनपद में शांति व कानून व्यवस्था सहित अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक के दौरान अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही सहित समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी व थाना/शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। आगामी पर्वो- होली, होलिका दहन व ईद-उल-फ़ितर को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र अंतर्गत अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही, आगामी पर्वो की संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। आगामी होली पर्व के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों का पूर्वाभ्यास करायाज जाए। सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिसकर्मियों को मोटरसाइकिल व कलस्टर मोबाइल के साथ ड्यूटी लगाकर लगातार भ्रमणशील रखा जाए। ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से अपने साथ बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट व डंडा इत्यादि दंगा नियंत्रण उपकरणों को रखने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। पीआरवी वाहनों पर अधिक से अधिक पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जाए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया। सभी पुलिस वाहनों पर लाउड हेलर व पब्लिक एड्रेस सिस्टम को सक्रिय करते हुए त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने हेतु आमजन से अपील की जाए। लम्बित विवेचनाओं व प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध कराया जाए। सोशल मीडिया टीम द्वारा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मो पर सतत निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक/भ्रामक पोस्टों के प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को संज्ञानित करते हुए तत्काल प्रभाव से उसका खंडन किया जाए। सम्भ्रांत व्यक्तियों के बीच में आपसी सौहार्द बनाये रखने के सम्बन्ध में बैठक करके समन्वय स्थापित करें। आमजनमानस के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न किया जाय सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## छत पर सोलर पैनल लगवाने के लिए पालिका और नेडा लगायेगी बारह स्थानों पर कैंप

स्वतंत्र प्रभात




**मीरजापुर।** पीएम मोदी के महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक "पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" के अंतर्गत छत पर सोलर पैनल लगवाने के लिए नगर पालिका परिषद मीरजापुर एवं नेडा( यू.पी. नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विकास अभिकरण)की संयुक्त टीम नगर के बारह स्थानों पर कैंप लगाकर योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करेगी।ईओ जी लाल ने बताया है कि आगामी चार मार्च से यूपी नेडा एवं पालिका के कर्मचारी संयुक्त रूप से कैंप लगाकर विभिन्न वार्डो में इस योजना के लाभ के लिए लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करेंगे।चार मार्च को विंध्याचल के बरतर,पांच को इमामबाड़ा के यूसुफ इमाम स्कूल,छः मार्च को नारघाट स्थित शहीद उद्यान पार्क,सात मार्च को जोहरी धर्मशाला,दस मार्च को सिटी कोतवाली के सामने,ग्यारह मार्च को घंटाघर मैदान,बारह मार्च को महुवरिया के ठाकुर लॉन,सत्रह मार्च को अनगढ़ के सुरेश उत्सव लॉन,अठारह मार्च को अंबेकर पार्क घुरहूपट्टी,उन्नीस मार्च को आवास विकास पानी टंकी के पास,बीस मार्च को सुंदर मुंदर स्कूल बाजीराव कटरा,इक्कीस मार्च को बथुआ के भैरव मंदिर के पास कैंप लगाया जायेगा। इस योजनान्तर्गत छत पर सोलर पैनल लगवाने पर एक किलों वॉट पर तीस हजार,दो किलो वॉट साठ हजार एवं तीन किलो वॉट या उससे अधिक पर अठहत्तर हजार तक की सब्सिडी दी जाती है।इसके साथ ही आप सूर्यघर मोबाइल ऐप अपने मोबाइल में डाउनलोड कर आसानी से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को भी कर सकते है।

## होली का पर्व शान्ति एवं सौहार्द पूर्वक मनाएं जाने के दृष्टिगत रखते हुए बैठक आहुत की गई

स्वतंत्र प्रभात



**सीखड़, मीरजापुर।** सोमवार को चुनार थाना प्रभारी की अध्यक्षता में अदलपुरा पुलिस चौकी पर होली का पर्व शान्ति एवं सौहार्द पूर्वक मनाएं जाने के दृष्टिगत रखते हुए बैठक आहुत की गई। बैठक में चौकी क्षेत्र के ग्राम प्रधान व डीजे संचालकों के साथ साथ होलिका दहन समिति के लोग भी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी रविन्द्र भूषण मौर्य ने कहा कि होली का पर्व शान्ति व सौहार्द पूर्वक मनाएं।किसी भी प्रकार के अवांक्षित तत्वों द्वारा किसी प्रकार की उपद्रता की जाती है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। वहीं बैठक में आयें डीजे संचालकों को बताया कि डीजे में सिर्फ दो साउंड बाक्स प्रयोग करेंगे तथा प्रत्येक डीजे संचालक परमिसन प्राप्त करके डीजे बजाएंगे डीजे बजाने का समय सीमा सुबह 6.बजे से रात्रि 10बजें तक ही होगा। निर्धारित समय सीमा के पश्चात कोई डीजे का संचालन नहीं होगा।निर्देश का पालन न करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उक्त अवसर पर चौकी प्रभारी सुरेश सिंह, सहित ग्राम प्रधान व अन्य लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत राज अधिकारी ने आरसीसी सेंटर का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**जिगना।** जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने रविवार को विकास खण्ड विजयपुर क्षेत्र के पंचायत नगवासी गांव पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान पूर्व से प्रस्तावित अंत्येष्टि स्थल का निर्माण अधूरा पाया गया। जिसपर नाराजगी जताते हुए तत्कालीन सचिव व ग्राम प्रधान के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित को निर्देशित किया। पंचायत भवन नहीं होने से पंचायत का कार्य ग्राम प्रधान के घर से संचालित किया जा रहा है। जिसके लिए निर्देशित किया की तत्काल सामुदायिक भवन में ग्राम पंचायत का कार्य संचालित कराया जाय। इस दौरान सामने आया की सामुदायिक भवन में गांव के ही शिव शंकर नाम के व्यक्ति का कब्जा है। नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि किसी भी हाल मे चार दिन के अन्दर खाली कराकर ग्राम पंचायत का कार्य सामुदायिक भवन से ही पंचायत सचिवालय संचालित करने को लेकर प्रधान व सचिव को निर्देशित किया। पंचायत भवन को लेकर पूर्व से चल रहे विवाद को उप जिलाधिकारी सदर को अवगत करा दिया गया । निरिक्षण के दौरान आरआरसी सेंटर अधुरा पाया गया। आदेशित करते हुए तीन दिन के अन्दर पुर्ण कराने की हिदायत दी। निरीक्षण दौरान सामुदायिक शौचालय सही पाया गया, बिजली कनेक्शन ना होने के कारण पानी की समस्या रही। इस दौरान तत्काल विद्युत कनेक्शन कराने का सचिव व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया।

## धर्मगुरुओं, गणमान्य व्यक्तियों के साथ की गयी पीस कमेटी की बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" के निर्देशन में आगामी त्यौहार होली एवं रमजान माह पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 03.03.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान गोष्ठी में उपस्थित सभी संप्रदाय वर्गो के धर्मगुरु, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, डी0जे0 संचालकों, नगर पंचायत विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण से वार्ता कर उपरोक्त त्यौहार को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें । इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

## स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर, अदलहाट।** ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल गरौंडी अदलहाट में सोमवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक अनेश कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच ज्ञान का विकास करना है। बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए बच्चों के बीच प्रतियोगिता जरूरी होता है इससे बच्चों में निर्भिक/ प्रोत्साहित होकर पढने की क्षमता बढ़ती है। प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने बताया कि सामान्य ज्ञान का आयोजन प्रत्येक महीने में आयोजित करवाया जाता है। प्रतियोगिता में कक्षा 2 से कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 80 छात्र,छात्रा में से 75 छात्र, छात्रा उपस्थित रहे। विद्यालय के डायरेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि ज्ञान उन्नति का आधार ही है ज्ञानोदय , ज्ञानोदय का उद्देश्य है छात्र/छात्राओ का शैक्षणिक उन्नयन करना है। इसमें अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन कर्ता में ज्योति गिरी, शिल्पा सिंह, संजू देवी, स्वर्णलता, रेखा पांडेय, खुशी पांडेय ,निराला मौर्य व स्वेता कुमारी ने सहयोग किया

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की मौत,पीएम को भेजा शव

**जिगना।** थाना क्षेत्र के जिगना गांव के में बस्ती से दूर डेरे पर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने से 58 वर्षीय महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 58 वर्षीया शिवकुमारी देवी सिंह पत्नी सभाजीत सिंह के पड़ोस में रविवार को प्रयागराज बारात गई थी। बेटा रवि व राहुल भी गया था। पति सभाजीत सिंह बगल गांव से सुल्तानपुर जिले में बारात में गए थे। घर पर मृतका के अलावा बहु थी। शाम को खाना खाने के बाद शिवकुमारी घर से दूर खेत की सिंचाई के लिए लगे पंपसेट वाले डेरे पर चली गई। रात्रि दो बजे बेटा रवि सिंह बारात से घर आया तो मां की खोजबीन में जुट गया। जब डेरे पर पहुंचा तो कमरा बन्द था। रोशनदान से देखा तो साड़ी के फंदे से शव लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम जांच पड़ताल दौरान पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुट गई। उप निरीक्षक सुशील त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की मा0 सदस्य 05 मार्च को जनपद में सुनेगी महिलाओं की जन समस्याएं

**मीरजापुर।** डा0 अर्चना मजूमदार, मा0 सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली की अध्यक्षता में दिनांक 05.03.2025 को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से जिला पंचायत सभागार, मीरजापुर में ''राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार'' विषय पर महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होना है। उक्त जन सुनवाई कार्यक्रम में कोई भी महिला या बालिका, जो किसी प्रकार की हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य उत्पीड़न से पीड़ित हो या उन्हे किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है, तो वे महिला/बालिकायें आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में मा0 सदस्य के समक्ष उपस्थिति होकर अपने प्रकरण का निस्तारण करा सकती है। अधिक जानकारी के लिये जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, मीरजापुर या वन स्टॉप सेन्टर, मीरजापुर से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गोरखपुर में सड़क हादसा, स्कूटी सवार युवती घायल

**गोरखपुर,** 3 मार्च गोरखपुर के एम्स थाना क्षेत्र में आज सोमवार को 2,50 पर एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक स्कूटी सवार युवती डिवाइडर में टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा एनएच 28 पर स्थित सोनबरसा बेलवा के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, युवती अपनी स्कूटी से जा रही थी, तभी अचानक उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क और खून पसर गया, खून से लथपथ हाल में उसे जिलाअस्पताल भेज दिया गया, मौके पर हालत गम्भीर था, पुलिस गाड़ी में मिले पेपर के आधार पर परिजन को सूचित कर दिए खबर लिखे जाने तक महिला का नाम पता स्पस्ट नही था फिरहाल घटना की सूचना मिलते ही एम्स थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवती को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि घायल युवती माड़ापार की रहने वाली है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### 148 गुमशुदा मोबाईल किया गया सुपुर्द

**देवरिया।** जनपद की सर्विलांस सेल द्वारा गुमशुदा मोबाईल फोन के संबन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं मोबाईल की बरामदगी हेतु किये गए प्रयास के परिणामस्वरूप 148 आवेदकगणों के गुमशुदा मोबाईल फोन जिनकी कीमत लगभग़ 16 लाख रूपये थी बरामद करते हुए उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने बताया कि साइबर अपराध के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं और ऐसे अपराधों में शामिल होने से बचने के लिए नागरिकों को सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। साइबर अपराधी सोशल मीडिया, फर्जी कॉल्स, ई-मेल और ऑनलाइन ठगी जैसे विभिन्न माध्यमों से लोगों को ठगते हैं। उन्होंने आगंतुकों को सलाह दी कि वे अपने व्यक्तिगत जानकारी को कभी भी अनजान व्यक्तियों से साझा न करें और इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें। उन्होंने मोबाइल ऐप्स और वेबसाइटों के जरिए होने वाले ऑनलाइन धोखाधड़ी पर ध्यान केंद्रित करते हुए नागरिकों को सूचित किया कि वे किसी भी अनजानी लिंक या ऐप्स से दूर रहें। साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 1930 भी जारी किया गया है। किसी भी संदेहास्पद गतिविधि के बारे में तुरंत पुलिस को या 112 पर सूचित करें।

### 2 अभियुक्तों पर 25 हजार रूपये के इनाम घोषित

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने अपराध नियंत्रण और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के क्रम में, 2 अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है । ये अभियुक्त गंभीर आपराधिक मामले में वांछित है। रविन्द्र यादव पुत्र नथूनी यादव ग्राम सुन्दरपुर थाना बघौचघाट, देवरिया कोतवाली थाने में वांछित है मु0अ0सं0-1146/2024 धारा 2(क्क)(द्वद्व)/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द अधिनियम में लंबे समय से फरार है व 25 हजार रूपये का इनामिया है। दूसरा निखिल साहनी पुत्र नारायण साहनी ग्राम रतनपुरा थाना लार जनपद देवरिया मु0अ0सं0-292/2023 धारा 376डी/504/506 भादवि0 व 5/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त है और लंबे समय से फरार है। इस पर भी 25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है। देवरिया पुलिस ने आम जनता से अपील किया कि यदि कोई इन अभियुक्तों को पकड़ेगा या पकड़वाने के लिए पुलिस को सही सूचना देगा तो उसे इन अपराधियों के साथ अंकित ईनामी धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

### ऑटो में टप्पेबाजों ने पार किया महिला का जेवर से भरा बैग

**चित्रकूट।** टप्पेबाजी का शिकार हुए पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। बांदा जिले के अतर्रा तहसील के महुटा गांव के निवासी विष्णुशंकर पाण्डेय ने बताया कि वह बीती 28 फरवरी को अपनी बहन राजोल कुमारी के साथ दोपहर के समय एक सीएनजी ऑटो में बैठकर मानिकपुर जा रहे थे। जिसमें उनकी बहन का जेवर से भरा बैग ऑटो चालक ने पीछे रखवा दिया था। इस दौरान रास्ते में बैग को काटकर अंदर रखा गहनों वाला बैग चोरी कर लिया गया। इसके बाद मानिकपुर में उन लोगों को उतारकर चालक ऑटो लेकर वापस लौट गया। गाड़ी से उतरने के बाद उन्हें पता चला कि गहनों से भरा बैग चोरी हो चुका है। जिसकी सूचना उन्होंने कर्वी कोतवाली एवं मानिकपुर थाने में की है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है।

# जीर्ण शीर्ण अवस्था मे पड़ा गोपालपुर से धुरियापार सड़क मार्ग का कब होगा जीर्णोद्धार

● सड़क मार्ग से सफर करना बना टेढ़ा खीर



स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र में गोला उरुवा सड़क मार्ग पर स्थित गोपालपुर से धुरियापार जाने वाले लगभग साढ़े ग्यारह किमी जीर्ण शीर्ण अवस्था मे सड़क अपनी बदहाली हालात पर रोना रोते दिख रहा है।इस सड़क मार्ग से सफर करने वाले लोग सूबे की सरकार को कोसते नजर आ रहे है। लोगो का कहना है कि विकास की कड़ी में क्या इस साढ़े ग्यारह किमी सड़क मार्ग का नाम सूची से बाहर हो गया है।

आखिर इस सड़क मार्ग पर शासन व प्रशासन की निगाह क्यों नही पड़ रहा है यह एक यक्ष प्रश्न खड़ा पड़ा है। बताते चले कि वर्तमान में गोला तहसील क्षेत्र चिल्लूपार विधान सभा क्षेत्र के नाम से पहचाना जा रहा है। इसके पूर्व बर्ष 2012 तक धुरियापार विधान सभा के नाम से प्रसिद्ध रहा है।। वर्ष 2007 से 2012 तक धुरियापार विधान सभा क्षेत्र के विधायक राजेन्द्र सिंह थे।2012 में नए परसीमन में धुरियापार विधान सभा क्षेत्र का नाम समाप्त कर चिल्लूपार विधान सभा बना।बर्ष 2007 से 2012 तक पुराने चिल्लूपार व वर्ष 2012 से 2017 नए चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी बने। 2017 से 2022 तक नए चिल्लूपार विधान सभा के विधायक विनय शंकर तिवारी बने। बर्ष 2022 में पुनः चिल्लूपार विधान सभा क्षेत्र की जनता ने अपने ज़न प्रतिनिधि के रूप में राजेश त्रिपाठी को चुन कर विधान सभा मे भेजा।

जो वर्तमान में विधायक रूप में प्रतिनिधित्व कर रहे है। सूत्रों के अनुसाररुबर्ष 1997 में धुरियापार विधान सभा क्षेत्र के विधायक रहे स्व मार्कण्डेय चंद द्वारा गोपालपुर से धुरियापार जाने वाली साढ़े ग्यारह किमी सड़क को पिच कराकर बिकास को एक नया गति दिया गया था।वर्ष 2007 में धुरियापार विधान सभा के सपा विधायक स्व राजेन्द्र सिंह उर्फ पहलवान सिंह द्वारा इस सड़क का जीर्णोद्धार कराया गया । भारी वाहनों के संचलन से इस सड़क मार्ग की स्थिति बदहाली हालत में पहुच चुकी है। इस सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले लोग शासन व प्रशासन को कोसते नजर आ रहे है।क्षेत्र के लोगो का कहना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सूबे की सरकार में विकास की सूची से सम्भवतः इस सड़क मार्ग का नाम ही हटा दिया गया है। क्योंकि शासन ,प्रशासन व जनप्रतिनिधि की निगाहें दूर दिखाई दे रही है। क्षेत्र के लोगो ने सूबे के मुखिया से मांग किया है कि विकास की गति में गोपालपुर से धुरियापार साढ़े ग्यारह किमी सड़क जो बदहाली हालात से गुजर रही है इस पर भी बिकास की एक किरण पहुचाना जनहित में जरूरी है।जिससे इस सड़क मार्ग से सफर करने वाले लोग भी बिकास के किरण का लाभ उठा सके।

## आखिर कब मयस्सर होगा जनपद के दक्षिणाचल में स्थित गोला तहसील मुख्यालय को इलेक्ट्रिक बस सेवा

● दक्षिणांचल के लोगो की निगाहें शासन के आदेश पर टिकी पड़ी सरकारी साधन के अभाव में क्षेत्र की जनता है परेशानमूकदर्शक बने जिम्मेदार



स्वतंत्र प्रभात

**गोला बाजार गोरखपुर।** जनपद के दक्षिणाचल में स्थित गोला तहसील के लोग आज भी यात्रा के निमित्त सरकारी बस सेवा के लिए तरसते नजर आ रहे है। गोला तहसील मुख्यालय से जनपद मुख्यालय पर जाने के लिए गोला से उरुवा होते गोरखपुर, गोला से कौड़ीराम व गोला से बड़हलगंज सड़क मार्ग यह तीनों सड़के सरकारी बस के लिए आज भी तरसते नजर आ रही है।इतना ही नही जनपद मुख्यालय से खजनी तहसील व बांसगांव तहसील के लिए इलेक्ट्रिक बस शासन द्वारा उपलब्ध करा दिया गया लेकिन गोला तहसील मुख्यालय के लिए क्षेत्र के जनता की मांग के बाद भी मयस्सर नही हुआ। आखिर ऐसा क्यों। यह एक यक्ष प्रश्न खड़ा पड़ा है। आखिर गोला तहसील की जनता के साथ यह सौतेला ब्यवहार क्यों किया जा रहा है। जबकि विधायक संसद एम एल सी सत्ता पक्ष के ही है। जिनको क्षेत्र की जनता ने चुनकर सदन में भेजा है। उसके बाद भी जनहित से जुड़े समस्याओं से निजाद नही मिल पा रहा है। जिससे क्षेत्र के ज़ह मानस में असंतोष ब्याप्त है। क्षेत्र के लोगो ने सूबे के मुखिया से मांग किया है कि इलेक्ट्रिक बस जनपद मुख्यालय से गोला तहसील मुख्यालय तक चलवाया जाय। जिससे क्षेत्र की जनता सुगमता से उचित किराया पर सुरक्षित रूप से यात्रा कर सके।

## गोरखपुर- रील का जुनून, रिश्ते में दरार, फिर पुलिस स्टेशन में प्यार की गुहार!

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर** का एक जोड़ा, सोशल मीडिया के जादू में ऐसा फंसा कि उनके रिश्ते में दरार आ गई। पत्नी को रील बनाने का ऐसा चस्का लगा कि पति परेशान हो गया। दिन-रात रील बनाती पत्नी से तंग आकर पति ने तलाक की मांग कर डाली। प्यार की जगह तकरार में मामला ख़जनी थाने पहुंचा। पति का कहना था कि पत्नी के लगातार रील बनाने से रिश्तेदार और दोस्त उनका मजाक उड़ाते हैं, जिससे उन्हें शर्मिंदगी महसूस होती है। वहीं, पत्नी ने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका अपनी बहन के साथ नाजायज संबंध है और वह शराब पीकर उसे पीटता भी है।

**पुलिस स्टेशन में खुला राज-** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पति को थाने बुलाया। शुरुआत में आनाकानी करने के बाद, सख्ती करने पर पति ने सारी सच्चाई बयां कर दी। उसने बताया कि पहले वह खुद पत्नी की रील बनाने में मदद करता था, लेकिन जब रिश्तेदारों ने ताना मारना शुरू किया, तो उससे बर्दाश्त नहीं हुआ। पत्नी ने सोशल मीडिया पर अपना ब्लॉग बना लिया और रोजाना रील पोस्ट करने लगी, जिससे उसकी बदनामी होने लगी।

**फिर हुआ प्यार का अहसास-** हालांकि, पुलिस ने दो छोटे बच्चों का हवाला देते हुए दोनों को समझाया। उन्हें अहसास दिलाया कि कैसे उनकी नाराजगी उनके बच्चों को प्रभावित कर सकती है। पति को अपनी गलती का अहसास हुआ और पत्नी को भी समझ आया कि सोशल मीडिया की लत उनके रिश्ते को कमजोर कर रही है। दोनों ने एक-दूसरे से माफी मांगी और फिर से प्यार के बंधन में बंध गए। पुलिस ने उन्हें समझाया कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल सीमित मात्रा में करें और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दें।

### पुलिस ने चलाया जांच अभियान



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सभी थाना की पुलिस टीमों ने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक, वित्तीय संस्थानों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक में सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया तथा ड्यूटि में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया गया तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। अभियान के दौरान बैंक परिसर में मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर किया गया।

## गोरखपुर में शराब की दुकानों के लिए 6 मार्च को ई-लॉटरी, 580 दुकानों के लिए 15342 आवेदन

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर** में आबकारी नीति 2025-26 के तहत शराब की 580 दुकानों के आवंटन के लिए 6 मार्च को दोपहर 2 बजे से ई-लॉटरी आयोजित की जाएगी। इस प्रक्रिया में कुल 15342 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 9146 व्यक्तियों ने भाग लिया है। ई-लॉटरी तिथि- 6 मार्च, दोपहर 2:00 बजे कुल दुकानें- 580 , कुल आवेदन- 15342,आवेदकों की संख्या- 9146 प्रति व्यक्ति आवंटन- अधिकतम 2 दुकानें, राजस्व लक्ष्य- प्रदेश के लिए 55000 करोड़ रुपये आवेदन विवरण- देसी शराब की 322 दुकानों के लिए 8191 आवेदन, कंपोजिट दुकानों की 211 दुकानों के लिए 6540 आवेदन , मॉडल शॉप की 13 दुकानों के लिए 547 आवेदन, भांग की 14 दुकानों के लिए 64 आवेदन प्रमुख स्थानों पर आवेदनों की संख्या- धूसड़ चौराहा (देसी शराब)- 160 तरकुलहा रोड (कंपोजिट)- 190 , प्रशासनिक तैयारी- एसीएस मुख्यमंत्री एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था की गई है। गोरखपुर के जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि ई-लॉटरी प्रक्रिया दोपहर 2 बजे से 3:45 बजे के बीच पूरी हो जाएगी। यह ई-लॉटरी प्रक्रिया पारदर्शिता सुनिश्चित करने और निष्पक्ष आवंटन के लिए आयोजित की जा रही है।

## ग्राम सभा मदरिया मे स्थित अमृतसरोवर का अस्तित्व खतरे में पड़ा, अमृत सरोवर से जोड़ा जा रहा है घरेलू नाबदान

स्वतंत्र प्रभात



**गोला बाजार गोरखपुर 3 मार्च।** गोला ब्लॉक के ग्राम सभा मदरिया मे लाखो रुपये सरकारी धन खर्च कर बने अमृत सरोवर में ग्राम सभा के जबाबदार लोगो द्वारा आवादी से सटे पिच रोड की पटरी को जे सी बी से खुदाई कर घरेलू नाबदान के गंदे पानी को गिरवा दिया गया। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश ब्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि क्या अमृतसरोवर का निर्माण नाबदान के गंदे पानी को गिराने के लिए ही बना है। जबकि अमृतसरोवर के किनारे टहलने के लिए पटरियां व बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सियां बनी हुई है। नाबदान का गंदा पानी गिरने से अमृत सरोवर का जल दूषित होकर भयंकर बीमारियों को जन्म देगा।

जब इस प्रकरण पर खण्ड बिकास अधिकारी गोला दिवाकर सिंह से पूछा गया कि क्या शासन द्वारा लाखो का धन ब्यय कर गावो में बनवाये गए अमृत सरोवर में घरेलू नाबदान का पानी नाला बनवाकर गिराया जा सकता है।उन्होंने कहा कि अमृतसरोवर में नाबदान का पानी नही गिरेगा। अगर नाला बनवाकर गिराया गया है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## चीनी मिल का बंद होना किसानों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया।** बैतालपुर चीनी मिल चलाने हेतु चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के संयोजन में कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों का धरना 115 वें दिन जारी रहा। समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एक स्वर से कहा बैतालपुर चीनी मिल का बंद होना जिले के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बंद होने के बाद भी इसका पुनरुद्धार ना होना और अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। 2008 में बंद हुई चीनी मिल को नवीनीकरण का झांसा देकर फैक्ट्री बेच दी गई। मिल चलाने के लिए समिति का गठन कर 2017 से अनवरत संघर्ष जारी है । इसी बीच मुख्यमंत्री द्वारा चार-चार बार देवरिया जिले की जनसभा में बैतालपुर मिल चलाने की घोषणा करना हवा हवाई रह गया।

जब तक बैतालपुर चीनी मिल चालू नहीं होगा तब तक धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। इस अवसर पर विकास दुबे, राम प्रकाश सिंह, पंडित वेद प्रकाश, बरकत अली, बजरंगी दास, रामनिवास पांडे, राम बहादुर सिंह, विशाल सिंह, दीपक, हीरा प्रसाद, नरसिंह यादव, अशोक मालवीय, सुभाष गौड़ ,शाहिद ख्वाजा मंसूरी, एम लाल साहब, रामसागर, श्रीकांत, राम आशीष, विजय शंकर कर्मयोगी, कोमल यादव, चंद्रभूषण मणि, इंद्रधर मणि त्रिपाठी, राकेश सिंह, प्रेमचंद, तारकेश्वर मणि, राघवेंद्र प्रताप शाही इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर निवासी गिरजाशंकर पाण्डेय पुत्र जितेन्द्र नाथ ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर रही महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए वीडीओ प्रसारित कर सनातन धर्म को अपमानित करने वाले सोनौली कोतवाली क्षेत्र के एक युवक की लाबी से जान से मारने की लगातार धमकी दी जा रही है जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र मे लिखा है कि सोनौली कोतवाली क्षेत्र के कुंसेरवा निवासी पप्पू खान उर्फ एजाजउल हक पुत्र सोहबत अली ने 20 फरवरी 2025 को महाकुंभ में स्नान कर रही महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए एक वीडीओ पोस्ट किया था जिस पर मेरे द्वारा शिकायत करने पर सोनौली पुलिस ने आरोपी पर 299 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट की कार्रवाई की थी। यह भी लिखा है कि आरोपी कुख्यात अपराधी है जिसके ऊपर 1998, 99,2005 व 2007 में हत्या सहित तमाम गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। इसके साथ ही गैंगस्टर भी पंजीकृत है। पीड़ित गिरजाशंकर पाण्डेय ने लिखा है आरोपी की लाबी से मुझे जान से मारने की धमकी भरा पत्र लगातार भेजा जा रहा है और मेरे घर के दरवाजे पर भी फेका गया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग किया है।

## 100 मीटर दौड़ में आर्यस व 200 मीटर दौड़ में मनीष अव्वल

स्वतंत्र प्रभात

**भाटपार रानी, देवरिया।** तहसील क्षेत्र के भोपतपुरा गांव स्थित खेल के मैदान में आजाद दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ,जिसमें कई स्कूलों के कुल पांच दर्जन बच्चों ने भाग लिया।इस दौरान कक्षा 5 के बच्चों के बीच हुई सौ मीटर की दौड़ में के0एल0 आइडियल कम्पेटिशन स्कूल बिंदवलिया बलुआ अफगान के आर्यस यादव ने प्रथम, शंकर भुवनेश्वर नाथ जूनियर हाईस्कूल भवानी छापर के अमन गुप्ता ने द्वितीय व विवेक साहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 8 के बच्चों के बीच हुई 200 मीटर दौड़ में शंकर भुवनेश्वर नाथ जूनियर हाईस्कूल भवानी छापर के मनीष भारती ने प्रथम व इसी स्कूल के राजन कुमार पासवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। के0एल0 आइडियल कम्पेटिशन स्कूल बिंदवलिया बलुआ अफगान के आदित्य यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भाजपा नेता व समाजसेवी अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ -साथ खेल भी बेहद जरूरी है।इससे छात्रों का शारीरिक विकास होता है।

भाजपा के गोरखपुर मण्डल के क्षेत्रीय मंत्री व सिद्धार्थनगर के जिला प्रभारी हरिचरन कुशवाहा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।बतौर विशिष्ट अतिथि जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष व साहित्यकार डॉ वैद्यनाथ मिश्र ने कहा कि खेल से पढ़ाई के लिए विशेष ऊर्जा मिलती है।उन्होंने अल्लामा इकबाल द्वारा रचित सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा--को संस्कृत भाषा में पेशकर वाहवाही बटोरी। पटना हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पारसनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि खेल हमें मनोरंजन प्रदान करने के साथ -साथ चिंता व तनाव से भी राहत देता है।

अध्यक्षता करते हुए बापू कृषक इण्टर कॉलेज कड़सरवा बुजुर्ग के पूर्व प्रधानाचार्य व साहित्यकार पं0 आद्या प्रसाद मिश्र ने कहा कि छात्रों में आज अच्छे शिक्षा के साथ ही अच्छे खेल व संस्कार को विकसित करने की जरूरत है।कार्यक्रम में कवि व शायर मक़सूद अहमद भोपतपुरी,आचार्य सुरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, जियाउल्लाह अंसारी, सुभाष यादव,विनीत मिश्र अंकित ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत किया।निर्णायक प्रमोद चौधरी रहे। इस दौरान संयोजक वेदप्रकाश मिश्र, गुरु प्रसाद मिश्र, प्रबन्धक वीरेश सिंह, अजय यादव, राजेश गुप्ता, चिंताहरण मिश्र,अनवत कुशवाहा, रामायण कुशवाहा,नन्हें मिश्र, गुड्डन मिश्र, अमरेन्द्र मिश्र, अमर मिश्र, राज सिंह, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## पहाड़ी में आयोजित हुआ "हमारा आंगन हमारे बच्चे" कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण में बुनियादी एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन हेतु ब्लाक स्तरीय "हमारा आंगन हमारे बच्चे" कार्यक्रम का आयोजन चित्रकूट के पहाड़ी ब्लाक स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र में किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के प्रमुख अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और प्रदेश सरकार की शिक्षा में सुधार की दिशा में उठाए गए कदमों पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी, संजय कुमार पाण्डेय एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, शशांक शेखर शुक्ला ने कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों ने लर्निंग कार्नर और टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों के शिक्षा के प्रति बढ़ती रुचि एवं शैक्षिक सामग्री के उपयोग पर प्रशंसा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी, राजेश कुमार ने की। इस दौरान शिक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने प्री-प्राइमरी शिक्षा में राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी दी। वहीं शिक्षक मयंक पटेरिया ने पूर्व प्राथमिक स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे बाल वाटिका, माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम और स्कूल रेडीनेस के संदर्भ में विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी अपनी रचनात्मक कक्षा शिक्षण की प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग प्रभावित हुए। इस अवसर पर विकास खण्ड पहाड़ी के सभी को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं बाल वाटिका हेतु नामित नोडल शिक्षक/शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में प्रत्येक संकुल से पांच-पांच निपुण बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन उच्च प्राथमिक विद्यालय ओरा के प्रधानाध्यापक सर्वजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर एआरपी पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, प्रमोद कुमार, कमलेश परिहार, शिव प्रेम याज्ञिक, कार्यालय सहायक प्रयाग नारायण मिश्र, संदीप जायसवाल, ईएमआईएस महेन्द्र कुमार, नवनीत मिश्र, राजेन्द्र कुमार, दलवीर सिंह, संतोष कुमार सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में पांच आरोपियों को पांच-पांच वर्ष की कैद

**चित्रकूट ब्यूरो।** गैर इरातदन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने पिता, तीन पुत्रों समेत पांच लोगों को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 5500-5500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। साथ ही मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष के दो आरोपियों को छह-छह माह कारावास के साथ 500-500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि कर्वी कोवाली में बरवारा गांव के निवासी श्यामचरण ने रिपार्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि बीती 28 मई 2012 को सवेरे लगभग आठ बजे उसके चाचा अपने जानवर लेकर नदी की ओर जा रहे थे। इस दौरान उनके कुछ जानवर एक चरही में चारा खाने लगे। इस पर गांव के ही मन्ना, बुटुवा तथा बुटुवा के बेटे बारेलाल, परदेशी व राकेश ने उन पर हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर वह अपने चाचा को बचाने के लिए दौडे तो उनको भी लाठी-डंडों से पीटा गया। इसके चलते डर से वह लोग भाग आए। बाद में इलाज के दौरान उनके चाचा की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद दोष सिद्ध होने पर सोमवार को विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी बरवारा निवासी मन्ना, बुटुवा तथा बुटुवा के पुत्र बारेलाल, परेदशी एवं राकेश को दोष सिद्ध होने पर पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक आरोपी को 5,500-5,500 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। साथ ही इस मामले में दूसरे पक्ष के मुन्ना ने श्यामबरन यादव और बाला प्रसाद के विरुद्ध मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें दोष सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को छह-छह माह कारावास के साथ 500-500 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### उपायुक्त ने मत्स्य विभाग कार्यालय का किया निरीक्षण



**साहेबगंज–** उपायुक्त हेमंत सती ने जिला मत्स्य विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न कक्षों, परिसर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसर में स्थित तालाब का जायजा लिया। तालाब में किए जा रहे मत्स्य पालन, बतख पालन एवं तालाब के किनारे तालाब की उपजाऊ मिट्टी पर की गई अरहर की खेती को देखकर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग की यह पहल स्वरोजगार और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक है। साथ ही उन्होंने मत्स्य उत्पादन को और अधिक बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार विन्हा सहित विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने मत्स्य विभाग को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयास तेज करने और किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर विशेष जोर देने को कहा।

### विद्युत आपूर्ति योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित



**साहेबगंज** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही विद्युत आपूर्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जिले के अविद्युतीकृत गांव और टोलों को मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना के तहत जल्द से जल्द आच्छादित कर विद्युतीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में जिला विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पदाधिकारी शंभू नाथ चौधरी एवं नगर प्रशासक, नगर परिषद साहिबगंज अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान बिजली आपूर्ति में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।

### आगामी आठ मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक संख्या में पक्षकारों को लाभ पहुंचाने को लेकर पीडीजे ने की अहम बैठक



**पाकुड़ संवाददात/**अजीत ठाकुर नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर आगामी 8 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में भूमि अधिग्रहण, राजस्व मामलों से संबंधित अधिकारियों के साथ पीडीजे कक्ष में अहम बैठक की गई। उक्त बैठक में उपस्थित विभागों के अधिकारियों को संबंधित मामलों में अधिक संख्या में पक्षकारों को लाभ पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दी गई साथ ही मामलों को अधिक संख्या में निष्पादन करने को लेकर कई पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया, संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पाकुड़िया प्रखण्ड के तीन परीक्षा केन्द्रों में कुल, 1074 मे 950 परीक्षार्थियों ने दी, मैट्रिक बोर्ड परीक्षा




**पाकुड़िया/पाकुड़िया** प्रखण्ड के तीन परीक्षा केन्द्रों उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौकी साल, +टू उच्च विद्यालय व उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय पाकुड़िया में,कुल 1074 में 950 परीक्षार्थियों ने 3 मार्च को शांत माहोल में कदाचार मुक्त मैट्रिक परीक्षा दी।इस अवसर पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर दण्डाधिकारी एवम पुलिस अधिकारी व पुलिस बल तैनात रहे।परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सोमनाथ मुखर्जी करते रहे।

# हेमंत सरकार ने पेश किया 1.45 लाख करोड़ का अबुआ बजट

**● वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा में रखा बजट, विभिन्न योजनाओं के लिए बड़े आवंटन**



स्वतंत्र प्रभात

**रांची–** झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट है, जिसे अबुआ बजट नाम दिया गया है। इस बजट में कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। बजट में 200 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली के लिए 5005.09 करोड़ रुपये का प्रावधान, ऊर्जा विभाग के लिए 9894.35 करोड़ रुपये का आवंटन, मुख्यमंत्री उज्वल झारखंड योजना के तहत 500 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित, ग्रामीण विकास के लिए 9841.41 करोड़ रुपये का बजट, ग्रामीण कार्य विभाग को 4576.30 करोड़ रुपये आवंटित, लट निर्माण विभाग के लिए 5900.89 करोड़ रुपये, वन विभाग के लिए 1381.99 करोड़ रुपये, पंचायती राज व्यवस्था के लिए 2144.78 करोड़ रुपये का प्रावधान, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के लिए 4587.66 करोड़ रुपये का बजट, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 350 करोड़ रुपये, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत 4 लाख किसानों का 200,000 रुपये तक का ऋण माफ, झारखंड राज्य मिलेट मिशन के तहत 1 लाख किसानों को अनुदान देने के लिए 24.50 करोड़ रुपये का बजट, दाल और नमक वितरण के लिए 720 करोड़ रुपये का प्रावधान, 118 नए गोदामों के निर्माण पर 259.52 करोड़ रुपये का बजट, प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 15,198.35 करोड़ रुपये, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए 2409.20 करोड़ रुपये, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के लिए 1085.74 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 7470.50 करोड़ रुपये, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 4710.02 करोड़ रुपये का बजट, महिलाओं, बच्चों और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए 22,023.33 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत 3,850.66 करोड़ रुपये, जिससे 34 लाख लाभार्थी लाभान्वित होंगे। धोती-साड़ी-लूंगी वितरण योजना के लिए 600 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 13,363.35 करोड़ रुपये का आवंटन, 2500 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण का लक्ष्य, उद्योग विभाग के लिए 450 करोड़ रुपये का आवंटन, मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 486.31 करोड़ रुपये का बजट, मनरेगा के तहत 12 करोड़ मानव दिवस रोजगार सृजन का लक्ष्य, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए 2257.45 करोड़ रुपये, जल संसाधन विकास के लिए 779.20 करोड़ रुपये शामिल हैं। वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 7.5त्न रहने का अनुमान, वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 के बजट में 16,500 करोड़ रुपये की वृद्धि, राजकोषीय घाटा 27.3त्न रहने का अनुमान, 61,056.12 करोड़ रुपये की राजस्व आय का अनुमान, सिंकिंग फंड में अब तक 2283 करोड़ रुपये का निवेश, जिससे ऋण भुगतान किया जाएगा। बजट सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायकों से अपने-अपने क्षेत्रों की भौगोलिक संरचना को ध्यान में रखकर पंचायतों के पुनर्गठन का सुझाव देने को कहा। सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# डीएफओ ने फॉसिल पार्क में जागरूकता कार्यशाला और भ्रमण का किया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**मंडरो–** सोमवार को साहेबगंज जिला के मंडरो में स्थित विश्व विख्यात फॉसिल्स पार्क में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और वन प्रमंडल के तत्वाधान में एक जागरूकता कार्यशाला और शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएफओ प्रबल गर्ग ने की। कार्यशाला के दौरान कन्या हाई स्कूल और तेतरिया हाई स्कूल, मंडरो के छात्र-छात्राओं को राजमहल पहाड़ियों में पाए जाने वाले जीवाश्मों की उत्पत्ति, उनके प्रकार, उपयोगिता, उपलब्धता और संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों को वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से जीवाश्म विज्ञान की विशेष जानकारी दी गई, जिससे वे इस विषय को और गहराई से समझ सके। कार्यक्रम के अगले चरण में छात्रों को फॉसिल्स पार्क का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने विभिन्न प्रकार के जीवाश्मों को नजदीक से देखा और उनकी विशेषताओं के बारे में विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएफओ प्रबल गर्ग ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ पर्यावरण और प्राकृतिक धरोहरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने छात्रों को जीवाश्मों के संरक्षण का महत्व समझाते हुए कहा कि यह धरोहर भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी संजोकर रखी जानी चाहिए। इस दौरान डॉ रणजीत कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं ने जीवाश्मों के महत्व और उनके संरक्षण को लेकर संबोधन में कहा फॉसिल विश्व धरोहर है वो पृथ्वी वनस्पति जीव जंतु जीवन में करोड़ों साल के इतिहास भू वैज्ञानिक घटना को चट्टानों में सहेज कर रखा है उसे नष्ट न करें, आने वाले पीढ़ी को में यह प्रकृति संपत्ति को छोड़ कर जाए। वहीं छात्र छात्राओं में जीवाश्म को लेकर काफी गहरी जिज्ञासा व्यक्त की और विशेषज्ञों से विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के सफल आयोजन से छात्रों में जीवाश्म विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी और उन्होंने इसे आगे अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त की। इस कार्यक्रम में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से अंजलि पॉल और सौरव पॉल, राजमहल मॉडल कॉलेज के प्राचार्य सह भू वैज्ञानिक प्रोफेसर डॉ. रणजीत कुमार सिंह, नमामि गंगे के डीपीओ अमित मिश्रा, वनपाल राणा रंजीत चौधरी, वन रक्षी अंकित झा, फैलिसिटस हांसदा सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे।

# अबुआ सरकार का बबुआ बजट, ठगा महसूस कर रहें हैं बेरोजगार युवा- रंजन चौधरी

स्वतंत्र प्रभात



**हज़ारीबाग–** झारखंड के हेमंत सरकार के लगातार दूसरे कार्यकाल के पहले बजट से झारखंडवासियों को काफी आशाएं थी लेकिन सोमवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड विधानसभा में झारखंड सरकार के साल 2025-26 के लिए जब बजट पेश किया तो झारखंडियों को खुद पर ठगा महसूस होने लगा। झारखंड के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की यह अबुआ सरकार का बबुआ बजट है जो दिशाहीन एवं आधारहीन है जिसमें सिर्फ़ और सिर्फ़ जुमलेबाजी करके झारखंडियों को ठगा गया है। रंजन चौधरी ने बताया की चुनाव के पूर्व झारखंड की गठबंधन की सरकार ने जो वादे राज्य के बेरोजगार युवाओं से किए थे उस दिशा में पहल नहीं करके युवाओं को ठगा गया है। 10 लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने का इनका वादा अब वादा ही रह जाएगा ऐसा इस बजट से प्रतीत हो रहा है।

महिला, किसानो, युवा और निम्न वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग और उच्च किसी को भी इस बजट से राहत मिलता प्रतीत नहीं हो रहा है। रंजन चौधरी ने बताया की झारखंड में गठबंधन की हेमंत सरकार की अपने पहले कार्यकाल में घोषणाओं पर अमल नहीं करके राज्य वासियों को ठगने के बाद दोबारा मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाकर सत्ता में तो आई लेकिन दूसरे कार्यकाल के अपने पहले बजट में भी झारखंड वासियों को निराश करके अपने मंसूबे को जता दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बजट से सबसे अधिक ठगा हुआ झारखंड के बेरोजगार युवा महसूस कर रहें हैं।

# झारखंड बजट पर भाजपा नेता टोनी जैन की प्रतिक्रिया- कहा किसानों की हुई उपेक्षा

**● राज्य के किसानों और व्यापारियों के लिए नहीं है फायदेमंद- टोनी जैन**

**हजारीबाग–** झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि यह झारखंड के किसानों, व्यापारियों और आम जनता की जरूरतों को पूरा करने में असफल रहा है। टोनी जैन ने कहा कि सरकार ने इस बजट में किसानों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड के किसान पहले से ही कर्ज, महंगाई और खराब बाजार व्यवस्था से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार ने उनके लिए कोई राहत देने की योजना नहीं बनाई। कहा राज्य सरकार बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन हकीकत यह है कि किसान आज भी बिचौलियों और खराब बाजार व्यवस्था के कारण भारी नुकसान उठा रहे हैं। टोनी जैन ने कहा कि राज्य के छोटे और मध्यम व्यापारियों को भी इस बजट से कोई फायदा नहीं होने वाला है। झारखंड में व्यापार करना आसान नहीं रह गया है। सरकार को व्यापारियों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए था, लेकिन इस बजट में उनके लिए कोई ठोस नीति नहीं है। भाजपा नेता ने बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने रोजगार बढ़ाने और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले से ही बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है, लेकिन बजट में इससे निपटने के लिए कोई विशेष योजना नहीं दी गई। कहा कि अगर सरकार इसी तरह काम करती रही, तो आने वाले समय में झारखंड की अर्थव्यवस्था और कमजोर हो जाएगी। सरकार को जमीनी हकीकत को समझना चाहिए और बजट में आम जनता की भलाई को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# घोर निराशाजनक बजट, चुनावी वादे पर नहीं किया कोई अमल- मनीष जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात



**हज़ारीबाग–** सोमवार को झारखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 का एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट पेश हुआ। बजट झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया। इस बजट को घोर निराशाजनक बजट बताते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह बजट अबुआ सरकार का राग अलापने वाली गठबंधन सरकार का झारखंड कि जनता को बबुआ बनाने वाला बजट है और इस बजट से झारखंडियों का कोई भला नहीं होना वाला है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार जिस चुनावी वादे के साथ सरकार में आई थी उससे झारखंड की जनता में इस बजट को लेकर एक आस जगी थी और लोगों को उम्मीद था कि बजट में चुनावी घोषणा पर सरकार अमल करेगी लेकिन इस बजट में बेरोजगार युवाओं के सपने को चकनाचूर कर दिया। इस सरकार ने 10 लाख युवाओं को रोज़गार देने का वादा किया था। मईया सम्मान की बात कहकर सरकार ने जो बजट का प्रावधान इस योजना के लिए किया है, उसमें राज्य की आधी महिलाओं को भी यह लाभ नहीं मिल पाएगा। ऐसे ही विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन की राशि ढाई हज़ार करने की बात कहकर उनका भी बजट में कोई बढ़ाने का प्रावधान न करके उन्हें भी छला गया है। इस बजट से ना तो झारखंड का कोई हित होगा और ना ही झारखंडियों का ही कोई भला होगा। यह पुरी तरह दिशाहीन और झारखंड के हर वर्ग को ठगने वाला बजट है।

# सहरसा में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े युवक को मारी गोली, मौके पर मौत... इलाके में दहशत

स्वतंत्र प्रभात






**सहरसा–** दरभंगा मुख्य मार्ग स्थित बलुआहा पुल पर दिनदहाड़े अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। मृतक की पहचान जिले के सदर थाना क्षेत्र के सिमराहा निवासी विनोद कुमार यादव के रूप में हुई है।

**शादी से लौट रहा था युवक, रास्ते में बना अपराधियों का शिकार**

जानकारी के अनुसार, विनोद कुमार यादव नारायणपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सोमवार को वह बारात से लौट रहा था। बताया जा रहा है कि बारात चारपहिया वाहन से गई थी, लेकिन वापस लौटते समय विनोद ने बलुआहा के पास वाहन से उतरकर अपनी बाइक से सहरसा जाने का फैसला किया। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार अपराधियों ने उसे निशाना बनाते हुए गोली मार दी। गोली उसके सीने और गाल पर लगी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए।

# सातवीं बार बीसीआई अध्यक्ष के पद पर मनन कुमार मिश्र हुए निर्वाचित,मोहनीश कुमार शाही ने दी बधाई

स्वतंत्र प्रभात



**गोपालगंज (बिहार)–** सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता वो राज्य सभा सदस्य सांसद मनन कुमार मिश्रा को एक बार फिर बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन निर्वाचित होने पर जदयू लॉ सेल के प्रदेश सचिव वो अधिवक्ता मोहनीश कुमार शाही ने अपार हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मनन कुमार मिश्रा भैया भारत के इतिहास में रिकॉर्ड दर्ज कराते हुए सातवीं बार इस पद पर निर्वाचित हुए हैं. ये अपने आप में अनोखा रिकॉर्ड हैं, क्योंकि वे एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने बीसीआई के अध्यक्ष के रूप में इतनी बार इस पद को सुशोभित किया है. उनके निर्वाचन पर प्रदेश सचिव मोहनीश कुमार शाही ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने एक बार पुनः बिहार को गौरवान्वित किया है। जदयू बिहार प्रदेश के वरिष्ठ नेता मोहनीश शाही ने मनन मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि हमें बेहद खुशी हो रही है कि वे सातवीं बार बीसीआई अध्यक्ष के रुप में निर्वाचित हुए हैं. उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व, ईमानदार प्रयास और अथक परिश्रम की बदौलत यह मंजिल हासिल किया है तथा जो इतिहास मनन कुमार मिश्रा ने जो रचा है, उसे अब शायद ही कोई दोहरा पाएगा।

# इंटर गणित एवं जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र देखकर परीक्षार्थियों के खिले चेहरे

स्वतंत्र प्रभात





**फिरोजाबाद–** जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद, धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में जनपद फिरोजाबाद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं के चतुर्थ कार्य दिवस पर प्रथम पाली में हाई स्कूल की संस्कृत एवं इंटरमीडिएट के गणित एवं जीव विज्ञान की परीक्षा एवं सांय कालीन द्वितीय पाली में हाई स्कूल की संगीत वादन एवं इंटरमीडिएट की आलेखन, प्राविधिक, रंजन कला की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार के साथ बीएसए आशीष कुमार पाण्डेय, रविन्द्र कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक, रामपाल सिंह, अशोक कुमार एवं डॉ सुनील यादव के उड़नदस्तों द्वारा जनपद के विभिन्न केन्द्रों पर सघन चेकिंग की गई।

डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार द्वारा प्रथम पाली में आर के इंटर कॉलेज, कोटला, छोटेलाल इंटर कॉलेज इटहारी, श्री जंग सिंह इंटर कॉलेज, कौरारी सरहद, श्री अमर सिंह इंटर कॉलेज गहरी, श्री आछेलाल इंटर कॉलेज जेड़ाझाल, महर्षि परशुराम शिक्षण संस्थान एका, ग्रामोदय इंटर कॉलेज एका एवं श्री मुंशीलाल इंटर कॉलेज मोर्चा कैलई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण एवं सांय की पाली में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसराना, एल आर इंटर कॉलेज, जसराना, श्री रसाल सिंह इंटर कॉलेज, बनवारा, श्री रामचंद्र कुन्दनलाल, इंटर कॉलेज, पुरातन विद्या मंदिर, शिकोहाबाद आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम के मीडिया प्रभारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि सोमवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल की संस्कृत विषय की परीक्षा में 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जिसमें बालक 12 एवं बालिकायें 13 सम्मिलित हैं । इसी के साथ इंटरमीडिएट की गणित एवं जीव विज्ञान की परीक्षा में 2273 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमें 1821 बालक एवं 452 बालिकाएं सम्मिलित हैं। सांय कालीन द्वितीय पाली में हाई स्कूल की संगीत वादन के 45 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 04 परीक्षार्थी अनुपस्थित एवं 41 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, इसके साथ ही इंटरमीडिएट के आलेखन, प्राविधिक, रंजन कला में 7309 पंजीकृत परीक्षार्थियों मे 606 परीक्षार्थी अनुपस्थित एवं 6703 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। कंट्रोल रूम में संजीव कुमार यादव, रंजना सहाय, पुष्पेन्द्र सोलंकी, प्रेमचंद निमेष, रामवीर सिंह एवं समस्त कार्यरत प्रत्येक केन्द्र की निगरानी कर रहे हैं।

# युवाओं के चतुर्दिक विकास का माध्यम है रासेयो-रत्नेश

**● -शिविर का समापन**




**रूद्रपुर, देवरिया।** राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर युवाओं के चतुर्दिक विकास का सशक्त माध्यम है। उक्त बातें पी एस टी एलिमेंट्री स्कूल के प्रबंधक व महाविद्यालय के पूर्व प्रवक्ता रत्नेश त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर रक्षा राव राजनाथ राव महाविद्यालय नारायणपुर में कही। उन्होंने कहा कि सात दिन के शिविर में साथ-साथ रहकर स्वयंसेवक सामाजिक बुराइयों से लड़ने तथा अपने अंदर विभिन्न प्रकार के नैतिक गुणों का विकास करते हैं। कार्यक्रम अधिकारियों का साथ और बौद्धिक कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर संबोधन से युवा व्यक्तित्व विकास करते हैं। इसके पूर्व सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार बी ए सेकेण्ड सेमेस्टर के छात्र रंजय साहनी को दिया गया। वहीं योग शिक्षक सुख सागर को शुक्ला को अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत नेहा यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया। समारोह को कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर अविनाश सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर विपुल सिंह, अश्विनी द्विवेदी, आदि ने भी संबोधित किया। संचालन के एम उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर नितिन कुमार, शालिनी पांडे,सुशील सिंह ,अमित चंद, जवाहर राव सहित हरिनंदन जायसवाल,अशोक यादव, हिमांशु पांडे, मुस्कान,साबिया, आशिया, रागिनी यादव, अंकिता यादव आदि शिविरार्थी मौजूद रहे। वहीं उपनगर स्थित पं श्रीकृष्ण उपाध्याय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के समापन अवसर पर पूर्व प्राचार्य डा अजय मिश्र व डा संतोष यादव मौजूद रहे। उन्होंने रासेयो को युवाओं में सेवा भाव बढ़ाने वाला बताया। इस अवसर पर डा शारदा राय, तुषार कान्त पाठक,मदन उपाध्याय, ऋषिकेश यादव सहित शिविरार्थी मौजूद रहे।

# हिंदी विरोध को बनाना चाहते हैं सत्ता बचाने का हथियार

देश में नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉर्मूले को लेकर तमिलनाडु के नेता जिस प्रकार का बयान दे रहे हैं, वह सिर्फ भड़?काऊ होने के साथ ही राजनीतिक स्वार्थ से ओत-प्रोत है। भाषा को लेकर संकीर्ण सोच से ऊपर उठने के बजाय राज्य के नेता इस मुद्दे पर राजनीति चमकाने में जुटे हैं, इसके पीछे उनका सिर्फ एक ही मकसद है वोट बैंक की राजनीति। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस विवाद को बड़ा फलक देते हुए यहां तक कह दिया है कि तमिलनाडु %एक और भाषा युद्ध% के लिए तैयार है। उनके अनुसार केंद्र अगर तमिलनाडु में नई शिक्षा नीति लागू करता है, तो उसे 2000 करोड़ रुपये मिलेंगे। लेकिन 2000 करोड़ क्या अगर केंद्र 10000 करोड़ रुपये भी देती है, तो हम नई शिक्षा नीति नहीं लागू करेंगे। राज्य सरकार हिंदी को लागू करने की अनुमति नहीं देगी और तमिल भाषा और संस्कृति की रक्षा करेगी। डीएमके सरकार का दावा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा फॉर्मूले के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश की जा रही है। साथ ही स्टालिन ने आरोप लगाया कि 25 से अधिक उत्तर भारतीय भाषाओं को हिंदी और संस्कृत के प्रभुत्व के कारण नुकसान हुआ है। उनका दावा है कि यदि तमिलनाडु तीन-भाषा नीति को स्वीकार कर लेता है, तो तमिल को नजरअंदाज कर दिया जाएगा और भविष्य में संस्कृत का दबदबा रहेगा। हालांकि, केंद्र सरकार ने इन आरोपों को खारिज किया है। सीएम स्टालिन ने अपने पत्र में कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी जैसी भाषाओं को हिंदी के प्रभुत्व ने खत्म कर दिया है। केंद्र का कहना है कि एनईपी के जरिये किसी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जा रही है। किसी भी राज्य या समुदाय पर कोई भी भाषा थोपने का सवाल ही नहीं उठता। एनईपी 2020 भाषायी स्वतंत्रता के सिद्धांत को कायम रखता है और यह सुनिशित करता है कि छात्र अपनी पसंद की भाषा में सीखना जारी रखें। भाषा को लेकर संकीर्ण सोच से ऊपर उठने के बजाय राज्य के नेता इस मुद्दे पर राजनीति चमकाने में जुटे हैं। तमिलनाडु में हिंदी विरोध का लंबा इतिहास है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने दक्षिण भारत में वर्ष 1918 में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। वे हिंदी को भारतीयों को एकजुट करने वाली भाषा मानते थे। तब ही तमिलनाडु में हिंदी विरोध शुरू हो गया था। ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में तमिलनाडु को मद्रास प्रेसिडेंसी कहा जाता था। तब 1937 में सी. राजगोपालाचारी की सरकार ने स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य किया, तो तमिलनाडु में इसके खिलाफ तीन साल तक आंदोलन चला। फैसला वापस लेने पर आंदोलन तो खत्म हो गया, पर इसने राज्य में हिंदी विरोध के जो बीज बोए थे, वे जब-तब अंकुरित होने लगते हैं। क्षेत्रीय पार्टियां राजनीतिक फायदे के लिए इन्हें खाद-पानी मुहैया कराती रहती हैं। तमिलनाडु के स्कूलों में 1967 से दो-भाषा फॉर्मूले (तमिल और अंग्रेजी) का पालन किया जा रहा है। त्रिभाषा फॉर्मूले के तहत हिंदी वहां क्षेत्रीय पार्टियों के लिए आंख की किरकिरी बनी हुई है। शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने के इस नीति के मकसद के बावजूद ये पार्टियां पुराना राग नहीं छोड़ना चाहतीं। द्रमुक की मौजूदा सरकार पर केंद्र की यह चेतावनी भी बेअसर रही कि जब तक तमिलनाडु एनईपी को पूरी तरह लागू नहीं करेगा, उसे समग्र शिक्षा निधि की 2952 करोड़ रुपए की राशि जारी नहीं की जाएगी। तमिलनाडु सरकार हिंदी के पठन-पाठन के दरवाजे इसलिए बंद रखना चाहती है, क्योंकि उसे लगता है कि एक बार दरवाजे खुले तो राजनीति का रंग-रोगन बदल जाएगा। नई शिक्षा नीति हिंदी थोपने के बजाय विद्यार्थियों को एक अतिरिक्त भाषा सीखने का अवसर दे रही है। हकिकत यह है कि नई शिक्षा नीति में हमने क्षेत्रीय भाषाओं को महत्व दिया है। यह हर क्षेत्रीय भाषा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नई शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा के उपयोग की सिफारिश को लागू किया गया है। इसमें मातृभाषा, स्थानीय भाषा या क्षेत्रीय भाषा का विकल्प भी दिया गया है। भाषा नीति का मूल आधार त्रिभाषा फार्मूला





है, जिसके अनुसार स्कूली विद्यार्थियों को तीन भाषाओं का ज्ञान अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसके साथ ही तमिल, तेलगू, कनड़, फारसी, संस्कृत और शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन पर जोर दिया गया है। शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी की वकालत करने वाला तबका जिसमें देश भर में कुकुरमुत्तों की तरह फैले अंग्रेजी माध्यम के स्कूल भी हैं, शिक्षा नीति के उस प्रावधान का विरोध करता नजर आया, जिसमें प्राथमिक शिक्षा के लिए पढ़ाई का माध्यम मातृभाषा या स्थानीय भाषा में कराने की बात कही गई है। दुनिया भर के शिक्षाविद यह मानते हैं कि बच्चे का सर्वाधिक प्रारंभिक विकास और सौखने की प्रवृत्ति उसी भाषा में बढ़ती है, जो उसके घर में बोली जाने वाली भाषा होती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी मानना था कि मातृभाषा का स्थान कोई दूसरी भाषा नहीं ले सकती, उनके अनुसार 'गाय का दूध भी मां का दूध नहीं हो सकता।' केंद्र सरकार भी मातृ भाषा को ज्यादा महत्व दे रही है, मगर जिस प्रकार से हिंदी का विरोध किया जा रहा है, वह अनावश्यक है। ये हकीकत है कि तमिलनाडु की राजनीति हिंदी विरोध के आसपास घूमती रहती थी है।

ये बहुत ही सस्ता और इंस्टेंट रिफ्रेशिंग पॉलिटिक्स है। मगर, दूसरे समाज की तरह तमिलनाडु के नौजवानों के लिए भाषा से ज्यादा जरूरत रोजी-रोजगार की है। शायद सत्ताधारी पार्टी के पास उसे लेकर कोई मजबूत ब्लूप्रिंट नहीं है। लिहाजा, भावनात्मक मुद्दों के सहारे 2026 का चुनाव साधने की कोशिशों में जुटी है। सभी भाषाओं को बराबरी का दर्जा देकर ही हम देश की सांस्कृतिक एकता मजबूत कर सकते हैं। हिंदी बोलने वाले लोग देश के हर कोने में मिल जाते हैं। कोई राज्य अगर अपनी मातृभाषा को महत्व देता है, तो उसकी भावना का सम्मान किया जाना चाहिए। मगर किसी राज्य विशेष का नागरिक दूसरे राज्यों में जाता है, तो हिंदी के बिना उसका काम नहीं चलता। भाषाएं तो एक दूसरे से जुड़ कर ही आगे बढ़ती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले को लेकर चल रही सियासी बयानबाजी के बीच स्टालिन का विरोध नाहक ही है कि हिंदी से उनकी मातृभाषा नष्ट हो सकती है। दरअसल, उन्होंने अपने स्वर तीखे करते हुए साफ कर दिया है कि वे उन्हीं पुराने आंदोलनों के वशंज है, जिसमें हिंदी को लेकर उपेक्षा का गहरा भाव है। स्टालिन यह भूल गए हैं कि हिंदी दिलों को जोड़ने की भाषा है। यह आज भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में समझी और बोली जाती है। इसलिए इस मुद्दे पर राजनीति की बजाय गंभीरता से विचार होना जरूरी है। क्योंकि यह मसला राजनीति से बहुत बड़ा है। आखिरकार यहां सवाल हमारे भविष्य का है, हमारी अगली पीढ़ी का है। और सवाल व्यक्तिगत पसंद नापसंद का भी है। बच्चों को भाषा चुनने की आजादी मिलनी चाहिए। लेकिन हमारे राजनीतिक लोगों को रोटी सेकने के लिए मुद्दे की तलाश रहती है फिर चाहे राष्ट्रभाषा हिंदी का विरोध करना ही क्यों न हो। लेकिन यह मानसिकता ठीक नहीं है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## प्रह्लाद पटेल सठियाये हैं या बौरा गए हैं?



एक लोक कहावत हैं कि -' साठ ,सो पाठा। लेकिन इस कहावत पर अब मुझे यकीन नहीं रहा, क्योंकि मैंने चार साल पहले साठ हुए भाजपा के एक वरिष्ठ नेता और मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल को बौराते हुए देखा हैं। वे भाजपा के पहले ऐसे निर्मल ह्रदय नेता हैं जिन्होंने सार्वजनिक रूप से जनता को भिखमंगा कहा हैं। उनके इस कथन के लिए उनका सम्मान किया जाये या निंदा या सामाजिक बहिष्कार ये अभी तय नहीं हुआ। पटेल अपने इस उद्घोष से सुर्ख़ियों में जरूर आ गए हैं।

प्रह्लाद पटेल हम उम्र हैं। उन्हें दूर रहकर भी बाखूबी जानता हूँ , मेरे मन में उनके प्रति सम्मान भी बहुत था। ईश्वर ने उन्हें अच्छी कद-काठी भी दी थी। उनकी रसना पर सरस्वती भी विराजती थी ,लेकिन अब लगता हैं कि मेरी धारणा गलत थी। वे दूसरे शाखामृगों की भांति ही कूप मंडूक और अक्ल से पैदल हैं। उन्हें जनता-जानार्दन का सम्मान करना संघ की शाखाओं में सिखाया ही नहीं गया। पता नहीं कैसे पटेल को ये आत्मानुभूति हुई कि वे 'दाता 'और जनता' भिखारी' हैं। तीर, कमान से निकले और बोल, जबान से निकलने के बाद वापस नहीं आता,इसलिए मुमकिन हैं कि प्रह्लाद चौतरफा हो रही लानत-मलानत के बाद कहें कि उनके बायां को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया हैं उनका मकसद जनता का अपमान करना नहीं था।

पटेल कोई नौसीखिया नहीं है। पांच बार के संसद है। केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं लेकिन पार्टी ने उन्हें पहली बार विधयनसभा चुनाव क्या लड़वा दिया,वे बौरा गए और सुठालिया की सभा में अपने 'मन की बात' कह बैठे। पटेल दरअसल जनता द्वारा मंत्रियों को 'टुकना' भर ज्ञापन देने से आजिज आ गए है। उन्होंने उत्तेजना में कहा कि जनता को भीख मांगने की आदत से बाज आना चाहिए। जनता जनार्दन हैं लेकिन कमजोर है। बीमार हैं, इसलिए पटेल से प्रतिप्रश्न नहीं कर सकती। नहीं पूछ सकती कि देश की जनता को पिछले एक दशक में भिखारी बनाया किसने? जनता ये सवाल भी नहीं कर सकती कि समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन देना भीख मांगना नहीं बल्कि जन प्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारी के प्रति आगाह करना भी हैं।

भारत में कहने के लिए जनता जनार्दन हैं लेकिन हकीकत ये है कि हमारी सरकार ने देश की 80 करोड़ जनता को पहले ही 2028 तक के लिए भिखमंगा बना दिया हैं ,और अब पटेल जैसे जन प्रतिनिधियों को लगने लगा हैं कि जनता उनसे भीख मांगने आती हैं ,जबकि असली और मुकम्मल भिखारी तो पटेल जैसे नेता ही हैं ,जो हर पांच साल में अपनी झोली फैलाते हुए जनता-जनार्दन से वोटों की भीख मांगने आते है। जात-पांत देखे बिना जनता के पैरों में गिर जाते हैं ,लेकिन जनता ने कभी नहीं कहा कि- नेताओं को भीख मांगना छोड़ देना चाहिए ?

प्रह्लाद भाजपा के युवा तुर्क लगते थे, लेकिन हैं नही। वे 1999 से चुनाव लड़ते आ रहे है। बुंदेलखंडी हैं ,इसलिए मुझे प्रिय है। उन्हें हमारे शहर के माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कोयला मंत्री भी बनाया था लेकिन वे अपने व्यक्तित्व से चिरकुटपन और सामंती मानसिकता को दूर नहीं कर पाए।

तीन बच्चों के पिता प्रह्लाद पटेल करोड़पति भी हैं इसलिए उन्हें जनता अब भिखमंगी लगने लगी हैं। पटेल 1982 से युवा मोर्चा के जरिये राजनीति करते हुए जहां तक पहुंचे हैं ,वहां तक पार्टी के बहुत कम लोग पहुँच पाते हैं ,यहां तक की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भांजे अनूपमिश्रा तक को हाशिये पर खड़ा कर दिया गया हैं लेकिन प्रह्लाद पटेल जितने अटल जी के समय में महत्वपूर्ण थे उतने ही मोदी जी के समय में भी महत्वपूर्ण हैं। लेकिन मुझे लगता हैं कि अब पार्टी को उन्हें घर बैठा देना चाहिए,क्योंकि उन्होंने जनता को भिखमंगा तब कहा हैं जब माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी पार्टी के जन प्रतिनिधियों को चार दिन पहले ही भोपाल में जमीन पर रहने की सीख देकर गए थे।प्रह्लाद पटेल ने भी मोदीजी की क्लास अटेंड की थी लेकिन सबक कुछ नहीं सीखा,रहे पटेल के पटेल।

आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के साथ भाजपा से बगावत कर चुके प्रह्लाद सिंह पटेल को भाजप्पा एक बार माफ़ कर चुकी हैं, लेकिन इस बार सार्वजनिक रूप से जनता जनार्दन के अपमान के बाद भी उन्हें पार्टी महत्व देती रहेगी इसमें मुझे संदेह हैं। प्रह्लाद पटेल सच्चे सनातनी हिन्दू है। नर्मदा परिक्रमा कर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की नकल भी की। लेकिन मुझे लगता हैं कि प्रदेश का मुख्यमंत्री न बन पाने की कसक प्रह्लाद के मन में भी कहीं रह गयी और शायद यही कुंठा अब उनके बयानों से झलकने लगी हैं। कोई संघमित्र प्रह्लाद को समझाये कि जनता जनार्दन कभी भिखमंगी नहीं होती,असली भिखमंगे तो नेता होते हैं। जनता पर फ्रीविज के जरिये सरकारी खजाना खाली करने के दोषी तो सरकार हैं।

यदि जनता टोकना भर कर मंत्रियों को ज्ञापन देती हैं तो इसका मतलब हैं कि प्रदेश में डॉ मोहन यादव की सरकार ढंग से काम नहीं कर रही।तो क्या ये मान लिया जाये कि पटेल साहब आपने ही मुख्यमंत्री की सरकार को बेपर्दा करना चाहते हैं? या उनका निशाना सीधे मुख्यमंत्री जी खुद हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की किस्मत से जलने वाले पटेल साहब अकेले नेता नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर हों या कैलाश विजयवर्गीय ,या डॉ नरोत्तम मिश्रा या और कोई भी यदि मोहन यादव से जलता हैं तो इसका अर्थ ये नहीं हैकि वो बौरा जाये और आय-बांय बोलने लगे। पटेल को समजझना चाहिए कि ये जनता जनार्दन ही हैं जो उन्हें हार बार चुनाव जिताती हैं। इसलिए जनता भिखारी नहीं बल्कि असली दाता हैं। माफ़ी मांगिये जनता से पटेल साहब ! कांग्रेस, पटेल साहब के बयान की निंदा कर खामोश हो गयी हैं,उसमें इतनी कूबत नहीं कि वो प्रह्लाद सिंह पटेल को माफ़ी मांगने के लिए मजबूर कर सके।

**राकेश अचल**

# दागी नेताओं के चुनाव लड़ने के मामले पर केंद्र का रवैया निराशाजनक

देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सच्चा देशभक्त मानता है। वह राजनीतिए समाज और अर्थव्यवस्था से जुड़ी नीतियों पर बड़े ज्ञानवर्धक विचार प्रकट करता है और देश में फैले भ्रष्टाचारए अनैतिकताए बेईमानी व रिश्वतखोरी पर कठोर आक्रोश व्यक्त करता हैए मानो उससे बड़ा राष्ट्रहितैषी कोई और नहीं। किन्तुए विडंबना यह है कि उसे ये सारी बुराइयाँ केवल दूसरों में ही दिखाई देती हैंए स्वयं में नहीं। वह अपने आपको ईमानदारए सत्यनिष्ठए निष्कलंक और आदर्शवादी मानता हैए जबकि उसके विचार और कर्म प्रायः इसके विपरीत होते हैं। ऐसे व्यक्तित्व के लोग अपने दोहरे मापदंडों के कारण राजनीति में बड़ी सफलता प्राप्त करते हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम जिस नैतिकता की अपेक्षा दूसरों से रखते हैंए उसी को अपने आचरण में अपनाने से कतराते हैं।

हमारे देश का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक हैए जिसकी नींव संविधान और विधि के शासन पर टिकी हुई है। यह प्रणाली नागरिकों को समान अधिकारए स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी देती है। लेकिन जब अपराधी प्रवृत्ति के लोग राजनीति में प्रवेश करते हैं और कानून बनाने की शक्ति प्राप्त कर लेते हैंए तो यह व्यवस्था के मूल्यों पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न लगा देता है। हाल ही मेंए सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की कि दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाने की मांग पर विचार होना चाहिएए जबकि केंद्र सरकार ने इसका विरोध किया। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को जन्म देता हैरूक्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिएघ् या उन्हें संसद और विधानसभाओं में भेजकर कानून बनाने की शक्ति दे देनी चाहिएघ्

लोकतंत्र का आधार श्जनता द्वाराए जनता के लिए और जनता की सरकारश् की अवधारणा पर टिका होता है। इसमें प्रत्येक नागरिक को मताधिकार और अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है। भारतीय संविधान में यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी नागरिकए जब तक वह कानूनी रूप से अयोग्य घोषित नहीं किया गया होए चुनाव लड़ सकता है और जनता का प्रतिनिधित्व कर सकता है। हालांकिए यदि जनता के प्रतिनिधि स्वयं गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त होंए तो क्या वे समाज में कानून और न्याय की स्थापना कर सकते हैंघ् संविधान का उद्देश्य योग्यए ईमानदार और जनसेवा को समर्पित लोगों को शासन में शामिल करना हैए न कि वे लोग जो स्वयं कानून तोड़ते हैं।




आज चुनाव लड़ना गरीब व्यक्ति के लिए एक असंभव सपना बन गया है। गांव की सबसे निचली प्रशासनिक इकाईए पंचायतए में सरपंच बनने के लिए भी प्रत्याशी लाखों रुपये खर्च करते हैंए तो विधायक और सांसद बनने के लिए करोड़ों की जरूरत होती है। धन के अभाव में एक आम नागरिक चाहकर भी चुनावी राजनीति में प्रवेश नहीं कर सकता। इसके विपरीतए अपराधी प्रवृत्ति के लोग भ्रष्टाचार और अवैध साधनों से अर्जित धन के बल पर न केवल चुनाव लड़ते हैंए बल्कि जेल में रहते हुए भी जीत हासिल कर लेते हैं। विडंबना यह है कि गरीब और शोषित वर्गए जो स्वयं व्यवस्था परिवर्तन का इच्छुक होता हैए भय और दबाव में आकर ऐसे दागी प्रत्याशियों को ही अपना नेता चुन लेता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के मूल्यों को क्षीण कर रही है और चुनावी प्रक्रिया को धनबल एवं बाहुबल का खेल बना रही है।

देश में कई ऐसे राजनेता हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप लगे हुए हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में लगभग 43ः सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित थेए जिनमें से कई संगीन अपराधों से जुड़े थेए जैसे हत्याए बलात्कारए अपहरण और भ्रष्टाचार। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाता हैए बल्कि जनता का विश्वास भी कम करता है। यदि कोई आम नागरिक मामूली अपराध में भी दोषी पाया जाता हैए तो उसे सरकारी नौकरी से वंचित कर दिया जाता है। वहींए जिन पर हत्याए दंगा और घोटालों के आरोप हैंए वे चुनाव लड़ सकते हैं और संसद या विधानसभा का हिस्सा बन सकते हैं। यह असमानता एक गंभीर चिंता का विषय है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनावी राजनीति में आपराधिक तत्वों की भागीदारी को रोकने के लिए कठोर नियम बनाए जाने चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि अगर दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाया गयाए तो यह विधायिका को कमजोर कर देगा और कानून निर्माण की प्रक्रिया को प्रभावित करेगा। यह तर्क कुछ गले से नहीं उतरता। क्या अपराधी लोगों को राजनीति में रोकने से राजनीति गंदा होने से नहीं बचेगीघ् अपराधी प्रवृत्ति के लोग किस प्रकार के कानून का समर्थन करेंगेए यह जगजाहिर है।

सत्य यही है कि केंद्र सरकार का यह तर्क लोकतंत्र की भावना के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। संसद और विधानसभा में बैठने वाले प्रतिनिधियों का नैतिक और कानूनी रूप से स्वच्छ होना आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति को गंभीर आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया हैए तो उसे जनता की सेवा करने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। मिल भी कैसे सकता हैए जो स्वयं अपराधी हो वह समाज सेवा कैसे कर सकता है।


आजीवन प्रतिबंध लगाने का विरोध करने वाले यह तर्क देते हैं कि चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकारों का हिस्सा है और किसी भी व्यक्ति को राजनीतिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी सजा पूरी कर चुका हैए तो उसे पुनः समाज में योगदान देने का अवसर मिलना चाहिए। लेकिनए राजनीति कोई साधारण नौकरी नहीं हैय यह देश और समाज की सेवा का एक पवित्र कार्य है। यदि सरकारी सेवाओं में नौकरी करने के लिए किसी व्यक्ति का चरित्र प्रमाणपत्र आवश्यक होता हैए तो विधायिका में प्रवेश के लिए भी नैतिकता और कानूनी स्वच्छता की कसौटी होनी चाहिए।

चुनाव आयोग को और अधिक शक्तियां दी जानी चाहिएए जिससे वह आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों पर सख्त निर्णय ले सके। ऐसे नेताओं पर चलने वाले मामलों को विशेष न्यायालयों में रखा जाएए ताकि फैसले शीघ्रता से हों और दोषी पाए जाने पर उन्हें तुरंत अयोग्य घोषित किया जा सके। नेताओं के लिए शिक्षाए ईमानदारी और नैतिकता को अनिवार्य किया जाए। जो नेता स्वयं ईमानदार और देश और संविधान के प्रति निष्ठावान नहीं होगा तो वह जनता के लिए कैसे और किस प्रकार आदर्श सिद्ध हो सकता है।

चुनाव आयोग और स्वयंसेवी संस्थाएं मतदाताओं को जागरूक करें कि उन्हें बिना किसी लालच में आए स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों को ही चुनना चाहिए। जो भी उम्मीदवार या दल उन्हें किसी प्रकार का लालच या प्रलोभन दें उनकी शिकायत चुनाव आयोग से करें। लोकतंत्र की सफलता उसके नेताओं की स्वच्छता और जनता के विश्वास पर निर्भर करती है। यदि राजनीति अपराधियों का अड्डा बन जाएगीए तो यह पूरे शासन तंत्र को भ्रष्ट कर देगी। इसलिएए यह आवश्यक है कि दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाया जाएए ताकि लोकतंत्र की गरिमा बनी रहे और जनता का विश्वास मजबूत हो।

**बलदेव राज भारतीय**

## धर्मनिरपेक्षता देश की रक्त प्रवाहिका। विभिन्न धार्मिक संस्थाएं भारत की संपदा।



धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं शाश्वत सिद्धांत हैद्य धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व हैद्य जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित हैद्य धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव हैद्य इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग हैद्य भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना हैद्य पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैंद्य धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता हैद्य

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता हैद्य प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई हैद्य भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान हैद्य भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है।

सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करेंद्य भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती हैद्य धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता हैद्य भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता हैद्य हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करेंद्य आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास थाद्य स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैंद्य और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है, इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती हैद्य भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता ही रही है, विविधता में एकता का मूल मंत्र ही धर्मनिरपेक्षता का है। भारत में अल्पसंख्यक भी इसी देश के निवासी हैं और इनको विश्वास दिलाने तथा इनकी रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त धर्मनिरपेक्षता के अस्त्र के रूप में किया गया हैद्य भारत देश निरंतर विकास के सोपान की तरफ अग्रसर है और एक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में प्रशस्त भी है।इन परिस्थितियों में विश्व के समक्ष धर्मनिरपेक्ष था की एकता का आदर्श स्थापित करने की परम आवश्यकता हैद्य भारतीय संविधान की प्रस्तावना के 42 वें संशोधन 1976 के अंतर्गत पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया है, जिसका मतलब राज्य सभी मतों को समान रूप से रक्षा करेगा एवं स्वयं भी किसी मत को राज्य के धर्म के रूप में नहीं अपनाएगा। भारत का संविधान हमें विश्वास दिलाता है कि उसके साथ धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगाद्य भारत का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय जनमानस की व्यक्तिगत, जातिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए ही निर्मित किया गया हैद्य न्यायपालिका तथा कार्यपालिका इस हेतु संपूर्ण रुप से प्रतिबद्ध भी हैं। किंतु भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों पर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ पर राजनीति के लिए मुद्दों को चुनावी हथियार बनाते हैं जिसका शिकार आम जनता को होना पड़ता है । इसके कारण समाज का माहौल बिगड़ जाता हैद्य यह संपूर्ण रूप से एक चिंता का विषय है ।भारत में स्वतंत्रता के बाद से लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत बड़े ही मजबूत रहे हैं और इसकी स्वस्थ परंपरा भी भारत देश में रही है। इसे हमेशा मजबूत एवं शाश्वत बनाने की आवश्यकता वर्तमान में प्रतीत होती है।

**संजीव ठाकुर,**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट में इफको फूलपुर इकाई की टीम ने लगातार तीसरी बार चैम्पियन बना

## मुकाबले में इफको फूलपुर टीम ने इफको पारादीप टीम को 3-1 अंको से हराया, जिसमें मैच प्वांट 25-23,25-20,18-25,25-16 रहा

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** 15वीं इफको अंतर इकाई क्रिकेट - वॉलीबॉल टूर्नामेंट में इफको फूलपुर इकाई की टीम ने लगातार तीसरी बार चैम्पियन बना। फ़ाइनल मुकाबले में इफको फूलपुर टीम ने इफको पारादीप टीम को 3-1 अंको से हराया, जिसमें मैच प्वांट 25-23,25-20,18-25,25-16 रहा। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज इफको फूलपुर इकाई की टीम के सन्नी दयाल गुप्ता रहे, जबकि इफको फूलपुर इकाई की टीम के उप कप्तान सचिन चौधरी को 'बेस्ट स्मैशर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार मिला। फूलपुर इकाई ने टूर्नामेंट टीम के कप्तान एम.ए.ए.




सिद्दकी की अगुवाई में जीता। 15वीं इफको अंतर इकाई क्रिकेट - वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन इफको कांडला गुजरात में 25 फरवरी से 02 मार्च तक चला। अंतर इकाई क्रिकेट - वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2025 का भव्य समापन इफको कांडला, गुजरात में सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्थानीय संस्कृति की झलक के साथ हुआ। इफको फूलपुर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव,संजोयक शैलेश शेरकर ने विजेता टीम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस ऐतिहासिक जीत से इफको फूलपुर की टीम ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और टीम भावना का परिचय दिया, जिससे पूरे संगठन में हर्ष और गर्व का माहौल बना हुआ एलके

# दबंगों ने दलित को पीटा पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, पुलिस अधीक्षक से शिकायत

## आरोपी बताई जा रहे हैं माफिया अतीक के नजदीकी, मामला थाना संदीपन घाट का

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** योगी आदित्यनाथ की सरकार जहां माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है वहीं जिले के ऐसे भी थानेदार हैं जो मोटानवा के चक्कर में सरकार की नीतियों को पलीता लगाने से नहीं चूक रहे हैं। ताजा मामला जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां कबूतर बाजी में पैसा मांगने पहुंचे दलित को दबंगों ने पीट दिया। मामले में शिकायत के बाद भी पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई। मामले ने पीड़ित ने बताया कि दबंग माफिया आती के नजदीकी है जिसके चलते इलाके पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई से बचती है।मामले में पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं। मामले में शिकायत करते हुए पीड़ित मनोज कुमार सरोज पुत्र सूरज दिन निवासी दानपुर तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी का रहने वाला है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी के रहने वाले जीशान पुत्र अख्तर निवासी जलालपुर बोरियों ने मुझे विदेश भेजने के नाम पर दो लाख सत्तर हजार लिए थे। कल दिन रविवार दिनांक 2 मार्च 2025 को मैं उनके घर पैसा लेने के लिए गया था पूर्व में थाना पुलिस ने मुझे कहा था कि वहां जाकर उनके घर से अपना पैसा लेकर आओ जब मैं उनके घर पहुंचा तो जीशान, जीशान की मां, जीशान की बहन, जीशान का चाचा शेरे, वाशिल अहमद निवासी खागा, ग्राम जलालपुर बोरियों के प्रधान के साथ चार-पांच आए और बुरी तरह से गाली देते हुए कहने लगे भाग जाओ साले पासी नहीं काट डालेंगे। इस दौरान दबंगों ने उसकी पत्नी के साथ अश्लीलता की वह अश्लील शब्द कहे जिससे वह समझ में बुरी तरह लज्जित हुई। मामले में जब पीड़ित दलित ने बताया कि थाना संदीपनघाट पुलिस से किया लेकिन थाना पुलिस उल्टा इन लोगों के दबाव में मुझे डांट कर भगा देती है। साहब यह लोग कहते हैं कि यह अतीक अहमद के साथ काम कर चुके हैं और यह बड़े खतरनाक लोग हैं यह मुझे नहीं पैसा देंगे और मेरी हत्या भी करवा देंगे तीनों ने कहा है कि उनकी ऊंची पकड़ है। मामले में पीड़ित ने रोते हुए बताया कि दबंग की खान के आगे इलाकाई पुलिस उनके पीछे दुम खिलाती नजर आती है। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई के आदेश दे दिये हैं।

# जिलाधिकारी ने की राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं ऑगनबाड़ी भवन केन्द्र निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में राष्ट्रीय पोषण मिशन, ईकेवाईसी बेरीफिकेशन,आधार बेरीफिकेशन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, होम विजिट, आईजीआरएस, बीएचएसएनडी, उपस्थिति एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन ऑगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यो के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की, समीक्षा के दौरान ऑगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को माह-मार्च में पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की, जिस पर बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर उन्होंने



सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों को कड़ी फटकार लगाते हुए बच्चों की उपस्थिति 80 प्रतिशत तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ऑगनबाड़ी केन्द्रों में समय से पहुँचकर केन्द्रो को खोलने के निर्देश दिये। उन्होने ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को घर-घर जाकर ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चो की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम बच्चों को चिहिन्त कर मैम/सासान्य श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। उन्होने सभी सुपरवाइजरों एवं सीडीपीओ को घर-घर जाकर सैम बच्चों को चिहिन्त कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में मातृ शिशु मृत्यु दर कम से कम करने के लिए आरबीएसके की टीम एवं ऑगनबाड़ी सुपरवाइजरों की एक टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने आरबीएसके की टीम को गॉव-गॉव भ्रमण कर ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पोषण ट्रैकर को चेक करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं जिलापूर्ति अधिकारी मंगेश मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा,जिला पंचायत अधिकारी अनिल कुमार सिंह,अश्वनी कुमार सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हर्ष व ऋतुराज की आतिशी पारी से मेरठ सेमीफाइनल में

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने रिजवी कप के लिए आयोजित 15वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन को एकतरफा मुकाबले में आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं, जहाँ उसका मुकाबला मंगलवार को मेजबान डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन कौशाम्बी से होगा। विजेता टीम के हर्ष त्यागी (89 रन, 77 गेंद, नौ चौके व पांच छक्के) व ऋतुराज शर्मा (75 रन, 53 गेंद, चार चौके व छह छक्के) की अतिशी पारियों से टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सोमवार को करारी स्थित रिजवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की टीम 39.2 ओवर में 196 रन (कार्तिक गोयल 47, प्रियांश चौधरी 44, निशांत ठाकुर 24, काव्य 21 रन, विकास सिंह 7.2 ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट, सत्यम सांगू छह ओवर में 41 रन देकर दो विकेट, कार्तिक सिंह आठ ओवर में 53 रन देकर दो विकेट, विजय कुमार व शुभम मिश्रा एक-एक विकेट) पर सीमित हो गई। जवाब में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने 23.4 ओवर में अपने दो




विकेट गवांकर 200 रन (हर्ष त्यागी 89 नाबाद, ऋतुराज शर्मा 75 एवं समीर चौधरी नाबाद 19 रन) बना लिए। गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से गेंदबाजी करते हुए सक्षम राय ने एक ओवर में छह रन खर्च करके एक सफलता हासिल किए जबकि सचिन यादव ने चार ओवर की गेंदबाजी कर 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया। मैच के बाद डॉ एएच रिजवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश सक्सेना ने हर्ष त्यागी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में आसिफ रजा व विभोर दुबे ने अंपायरिंग की जबकि अनूप कुमार शर्मा ऑफिसियल स्कोरर एवं प्रितेश सोनकर ऑनलाइन व मीडिया स्कोरर की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन कौशाम्बी व मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के बीच पहला सेमीफाइनल मैच प्रातः साढ़े नौ बजे से खेला जायेगा।

# जिलाधिकारी ने अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा वर्ष-2025 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पूरी सतर्कता बरतते हुए अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा-2025 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाय, किसी भी दशा में परीक्षा की सुचिता प्रभावित न होने पाये, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए प्रवेश परीक्षा निर्भीकतापूर्वक सम्पन्न करायी जाय। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट से कहा कि कोई भी समस्या आती है तो तत्काल कन्ट्रोल रूम या सम्बन्धित अधिकारी को अवगत करायें। उन्होंने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा केन्द्रों में सभी आधारभूत सुविधाओं के साथ ही सभी परीक्षा कक्ष में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट को समय से परीक्षा केन्द्रों पर पहॅुचने के निर्देश दिये। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 सच्चिदानन्द यादव ने बताया कि अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा 09 मार्च 2025 को दोपरहर 12 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक आयोजित की जायेंगी। अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा में जनपद में कुल 2940 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे तथा इसके लिए कुल 11 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 11 केन्द्र व्यवस्थापक, 11 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 06 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं।

# पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय स्थित सरस हाल में सोमवार को मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाददाता समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष रामबदन भार्गव ने कहा कि संगठन की मजबूती ही मान्यता प्राप्त पत्रकारों को शासन से मिलने वाली सुविधाओं का रास्ता प्रशस्त करती है संगठन की ही देन है कि प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत कार्ड उपलब्ध हो रहा है। इसमें पत्रकारों को पांच लाख की सुविधा से बड़ी राहत मिलेगी मान्यता प्राप्त पत्रकारों के पेंशन देने की सरकार द्वारा देने की स्थिति अभी साफ नहीं है। जिसके लिए संगठन लगातार संघर्ष जारी रखेगा जिला स्तरीय पत्रकारों को जिला मुख्यालय में रियायती कीमत पर आवासीय भूखण्ड दिया जाये। दो पत्रकारों के असमय मृत्यु होने पर उनके घर की अच्छी स्थिति न होने पर आश्रितो को पच्चीस लाख रुपए दिया जाये,संगठन इस



मांग को भी मुख्यमंत्री जी से की जायेगी। इसके बावत उन्होंने कहा कि जिले में प्रेस जिला स्थाई समिति का गठन कई माह से नही किया गया है पत्रकारों के हित में समिति का शीघ्र गठन किया जाना आवश्यक है। पत्रकारों के साथ किसी स्तर से होने वाले उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पत्रकारों के सम्मान के सुरक्षा के लिए मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाददाता समिति हर समय सचेष्ट है।बैठक में , सच्चिदानन्द मिश्र, महेन्द्र मिश्र, अंजनी पाण्डेय, रमेशचन्द्र तिवारी,अनुराग शुक्ल, कृष्णमणि मिश्र, , शोभित बाजपेई, मो. मुअज्जम जमशेद खान,मोहम्मद अलीम, डॉ. अतहर हुसैन रिजवी, ,सचज्ञानचन्द्र द्विवेदी, आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद मंझनपुर की टेण्डर प्रकिया में झोल ही झोल चौकसी पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के नगर पालिका परिषद मंझनपुर में चल रही टेण्डर प्रक्रिया ने एक बार फिर भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित किये गये हैं। हाल ही में ठेकेदारों द्वारा लगाई गई फर्जी एफडीआर (फिक्स डिपॉजिट रसीद) क्लोन कापी की जांच से यह मामला उजागर हुआ है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने फर्जीवाड़े की इस खबर को गम्भीरतापूर्वक से लेते हुए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रतिभा सिंह को जांच के आदेश दिये हैं। जांच में पाया गया कि के ठेकेदारों ने फर्जी एफडीआर का इस्तेमाल कर टेण्डर प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की गयी है। जानकारी के अनुसार, इससे पहले भी टेण्डर प्रक्रिया सवालों के घेरे में रही है, लेकिन इस बार हालात बेहद गम्भीर हैं। ठेकेदारों ने क्लोन एफडीआर का सहारा लेकर टेण्डर हथियाने की कोशिश की है। अब सवाल यह उठता है कि क्या इस मामले में ठोस कार्रवाई होगी या फिर कमीशन खोरी की चक्रव्यूह में सब कुछ छोड़ दिया जायेगा। जनता और पत्रकारों की नज़र अब इस मामले पर है, और सभी की ओर से यही अपेक्षा की जा रही है कि सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाया जाये। और नगर पालिका परिषद में चल रहे इस फर्ज़ीवाड़े खेल के पीछे की सच्चाई जल्द ही सबके सामने आनी चाहिये।

# अंतर रेलवे सांस्कृतिक नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** इस प्रतियोगिता में भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलवे व इकाईयों की नाट्य टीम द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जायेगी । प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती चेतना जोशी, अध्यक्षा, उमरे महिला कल्याण संगठन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलवे व इकाईयों से लगभग 300 प्रतिभागियों के उक्त नाट्य महोत्सव में भाग लेने की संभावना है ढ्ढ उक्त प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में किया जा रहा है प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु आये हुए सभी क्षेत्रीय रेलवे व इकाईयों की नाट्य टीमों के ठहरने एवं खान -पान की व्यवस्था उत्तर मध्य रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है । उक्त सभी टीमो को परिवहन सुविधा भी उत्तर मध्य रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। दिनांक 04.03.2025 को 09¬45 से उदघाटन समारोह होगा। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के स्वागत अभिभाषण के पश्चात सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जाएगी । महाप्रबंधक के सम्बोधन एवं प्रतियोगिता से सम्बंधित दिशा - निर्देश उपरांत कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा ढ्ढ प्रतियोगिता में विजेताओं का निर्णय प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया जायेगा । प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर मध्य रेलवे द्वारा संपन्न कराया जा रहा है ढ्ढ उक्त नाट्य प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 06.03.2025 को आयोजित किया जाना है । जिसमे उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक एवं अध्यक्षा, उमरे महिला कल्याण संगठन द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा ।

# महाकुम्भ मे सराहनीय कार्य के लिये स्वच्छता जागरुकता सम्मान दुकानजी को

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** महाकुम्भ मे लगातार घूम घूम कर पुरे मेला छेत्र मे स्वच्छता के प्रति उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री के महाकुम्भ पॉलिथिन मुक्त के प्रति प्रयागराज के नगर निगम के सृष्टि बेस्ट मैनेजमेंट के स्व्च्छता ब्राण्ड एम्बेसेडर राजेंद्र कुमार तिवारी दुकानजी को उनके अनोखे अंदाज मे स्लोगन लिखे परिधान पहनकर जागरुक करते रहे दुकानजी को हनुमत संग समिति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया




# जिलाधिकारी ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति,आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति/आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान सभी ई0ओ0 एवं खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 19 पैरामीटर के तहत प्राथमिक, कम्पोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कराये जा रहें मरम्मत कार्यो का निरीक्षण करते हुए कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण करायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में चल रहें निर्माण कार्य को माह-मार्च तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित करते हुए विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं का अपार आईडी अवश्य बनवायें। उन्होंने 01 अप्रैल से पहले सभी विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र के लिए पुस्तक पहुंच जाय, इसकी रैंडम चेकिंग किया जाएगा और कोई भी ऐसा विद्यालय ना मिले जहां पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में शैक्षिक सत्र की पुस्तक बच्चों को न प्राप्त हो, इसलिए इसको गम्भीरता से लेते हुए पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की डिजिटल उपस्थिति व एमडीएम समय से देना सुनिश्चित




करें, अक्सर कई विद्यालयों में देखने में आ रहा है कि डिजिटल उपस्थिति दोपहर में 12 बजे, 01 बजे 02 बजे के आसपास दी जा रही है, इसलिए किसी भी हालत में इसे 11:00 से पूर्व देना सुनिश्चित करें एवं एमडीएम की सूचना भी डिजिटल माध्यम से 1:00 बजे तक अवश्य दें। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में दोनों टैबलेट का प्रयोग किया जा रहा है या नहीं, बच्चों को दीक्षा के कंटेंट्स दिखाए जा रहे हैं या नहीं, डिजिटल रजिस्टर के लिए प्रयोग किया जा रहा तो फंक्शनिंग में दोनों टैबलेट होने चाहिए एवं विद्यालय में मौजूद रहने चाहिए तथा इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। बच्चों के हित को ध्यान में रखकर कार्य करें, बच्चों का हित सर्वोपरि है, बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ न करें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं खण्ड शिक्षाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं का अपार आईडी बनवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय के रजिस्टर को डिजिटल मेनटेन किया जाय, निरीक्षण के दौरान रजिस्टर डिजिटल मेनटेन न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, डायट प्राचार्य निधि शुक्ला एवं बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बघौली चीनी मिल क्षेत्र के किसानों का जत्था भ्रमण हेतु गोला चीनी मिल को रवाना

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** बघौली चीनी मिल से किसानों का गोला चीनी मिल क्षेत्र भ्रमण के लिए प्रस्थान का छडवा दिन सोमवार को बघौली चीनी मिल से क्षेत्र के किसानों को गोला चीनी मिल क्षेत्र के भ्रमण के लिए सीनियर मैनेजर विकाश तोमर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रवाना करते समय उप महा प्रबंधक ( गन्ना) विनयसिंह चौहान ने कृषकों को भ्रमण की अग्रिम बधाई दी। इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य किसानों को गन्ना उत्पादन, नवीनतम कृषि तकनीकों और चीनी मिल की कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान करना है। इस दौरान किसान गोला चीनी मिल में गन्ने की पेराई प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और उन्नत कृषि पद्धतियों को समझने का अवसर प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (गन्ना) ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के भ्रमण से किसानों को नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिलेगी, जिससे उनकी उपज एवं आय में वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों को अधिक उत्पादन के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का सुझाव भी दिया। इस कार्यक्रम में चीनी मिल के अन्य अधिकारी, क्षेत्रीय गन्ना अधिकारी एवं कई किसान उपस्थित रहे। सभी किसानों ने इस पहल की सराहना की और इसे अपने ज्ञानवर्धन के लिए उपयोगी हैं

# नैमिषारण्य की 84 कोसी परिक्रमा में इस बार आकर्षण का केंद्र बने रथ



स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/(हरदोई)।** पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य की चौरासी कोशीय परिक्रमा के तीसरे पड़ाव स्थल नगवा कोथावां में पहुंचे रामादल में शामिल संत महात्माओं का प्रवेश द्वार पर पुष्प मालाओं से ईओ संडीला/बेनीगंज विजेता गुप्ता, नायब तहसीलदार बेहदर संतोष कुमार ,कोथावां के रामकृष्ण श्रीवास्तव, कानूनगो,राघवेंद्र मिश्रा,ज्ञानेंद्र गुप्ता ,लेखपाल मनोज कुमार आदि ने स्वागत किया। परिक्रमा समिति के अध्यक्ष पहला आश्रम के महंत नारायण दास एवं मंत्री बनगढ़ आश्रम के महंत संतोष दास खाकी ने इस बार प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए जिला प्रशासन की तारीफ की। पहली बार परिक्रमा कर रहे व्यास पीठाधीश्वर अनिल शास्त्री के साथ आधुनिक तकनीक पर बने तीन रथ आकषर्ण का केंद्र रहे । इनमें से एक रथ पर महर्षि दधीचि की प्रतिमा दूसरे रथ पर महर्षि वेद व्यास तथा तीसरे रथ पर राम दरबार के साथ रथों पर परिक्रमा कर रहे लोग चल रहे थे । इन्हीं में एक रथ पर व्यास पीठाधीस अनिल शास्त्री चल रहे थे । इसी के साथ संगीत के साथ भजनों की स्वर लहरी गूंजने से माहौल भक्ति मय रहा।

अनिल शास्त्री ने बताया उनके साथ करीब एक हजार लोग परिक्रमा में चल रहे है। गुजरात ,महाराष्ट्र के साथ स्थानीय लोग चल रहे है । विदेश से आए लोग आश्रम पर ही ठहरे है। उन्होंने बताया पड़ाव स्थलों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण पड़ाव डालने के स्थानों का अभाव होता जा रहा है । वहीं भक्ति एवं श्रद्धा भाव से जुड़े शहरों में रह रहे आधुनिक परिवेश में रहने वाले श्रद्धालुओं के अनुरूप पड़ाव स्थलों पर व्यवस्थाओं का न हो पाने के कारण इन्हें जोड़ना कठिन होता है । फ़िलहाल अपने साथ व्यवस्था बना कर चल रहे है । परिक्रमा को राष्ट्रव्यापी विस्तार देने के प्रयास उनके स्तर से किए जा रहे ।यह परिक्रमा अतिप्राचीन परिक्रमा आदि काल से माया मोह से विरक्त होकर मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रति वर्ष फाल्गुन माह में होती है। उन्होंने परिक्रमा क्षेत्र में विलुप्त हो चुके परिक्रमा क्षेत्र में पड़ने वाले तीर्थों के पुनर्स्थापन एवं विकास की मांग जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से की है । परिक्रमा में क्षेत्रीय विधायक राम पाल वर्मा ने कुबेर पब्लिक स्कूल पर साधु संतों महात्माओं को प्रसाद विस्तृत कर आशीर्वाद की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है इस बार परिक्रमा करने वाले साधु संत महात्माओं एवं गृहस्थों की संख्या में कमी दर्ज की जा रही है । इस बार परिक्रमा में बड़ी संख्या में पुलिस बल जगह-जगह मुस्तेद रहा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का द्वितीय चरण 1 मार्च से 18 मार्च 2025 तक


**चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के अंतर्गत राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का द्वितीय चरण 1 मार्च से 18 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत 1 मार्च से हो चुकी है और यह 12 मार्च 2025 तक चलेगा, इसके बाद 13, 14, 15 और 16 मार्च को अवकाश रहेगा। इसके बाद, 17 और 18 मार्च को घर-घर जाकर यह अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी की अध्यक्षता में इस अभियान को लेकर एक ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर और एन. एम. एस. समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। बैठक में डॉ. भूपेश द्विवेदी ने अभियान के उद्देश्य और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 855 टीमें और 43 पर्यवेक्षक इस अभियान में कार्य करेंगे। अभियान के दौरान प्रत्येक घर में महिला और पुरुष की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने कुष्ठ रोग के लक्षणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं- त्वचा पर हल्के या गहरे रंग के दाग-धब्बे,दाग-धब्बों के स्थान पर सुन्नपन महसूस होना,हाथ और पैरों में झुनझुनी या दर्द होना,नशों में दर्द और मोटापा,चेहरे और कानों में गांठें होना। यदि किसी व्यक्ति में ये लक्षण दिखाई दें, तो उन्हें कुष्ठ रोग हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कुष्ठ रोग का उपचार सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क किया जाता है। इस अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कुष्ठ रोग के मरीजों की पहचान जल्द से जल्द हो सके और उनका समय पर इलाज हो सके, ताकि इस गंभीर रोग के उन्मूलन की दिशा में और प्रभावी कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से कुष्ठ रोग के उन्मूलन में मिलेगी मदद डॉ. भूपेश द्विवेदी ने कहा कि यह अभियान समुदाय स्तर पर जागरूकता फैलाने और कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। इस अभियान के सफल संचालन से जिले में कुष्ठ रोग के मामलों की पहचान जल्दी हो सकेगी, जिससे इलाज में तेजी आएगी और रोग के प्रसार को रोका जा सकेगा।

### नवागत सी.एम.ओ. पूजा बुनकर धनपुरी नगर पालिका में पदस्थ होने पर बंधाई

**शहडोल।** संभाग की चर्चित बड़ी नगर पालिका कोयलांचल क्षेत्र धनपुरी में राज्य सरकार द्वारा कई सी.एम.ओ. को पूर्व में पदस्थ जगह से अन्यत्र स्थानांतरण करने की लंबी सूची में योग्य अनुभवी नगर विकास में रूचि रखने स्वच्छ छवि व सारा कार्य आफिस में सुचारू रूप से निप्टाने में माहिर नवागत मुख्य नगर पालिका के पद पर सुश्री पूजा बुनकर की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने पर जन परिषद के संभागीय अध्यक्ष अधिवक्ता सुखदीप खरे संभागीय मीडिया प्रभारी वरिष्ठ समाज सेवी बी.पी.तिवारी समयलाल गुप्ता वार्ड क्र.2 पार्षद विजय कुमार यादव, कमलेष गुप्ता, अषोक तिवारी, देवेन्द्र शर्मा दिनेष मिश्रा, के साथ नगर पालिका धनपुरी क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवियों ने बंधाई दी है।

### एमडीएम शेड का बीडीओ ने किया उद्घाटन किया

**सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बजहा के प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित एमडीएम शेड का सोमवार को खण्ड विकास अधिकारी



विजय सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया । इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी विजय सिंह ने कहा कि जहां पहले एमडीएम शेड न बनने से बच्चों द्वारा जमीन पर बैठकर मध्यान भोजन खाया जाता है। अब एमडीएम शेड निर्माण के बाद स्कूल के बच्चों को बेंच पर स्वच्छता के साथ भोजन खाने में सुविधा होगी। कार्यकम को संबोधित करते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेश्वर पांडेय ने कहा कि एमडीएम शेड को बहुउद्देशीय भवन की तरह उपयोग करने का सुझाव दिया । इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अज़हर, प्रधानाध्यापक , एवं शिक्षक तथा विद्यालय के छात्र- छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दिए निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट स्थित अपने चैंबर में जिलाधिकारी शिवशणप्पा जी0एन0 ने जनसुनवाई के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उन्हें निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से जमीन से संबंधित समस्याओं पर जोर देते हुए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को निर्देशित किया कि वे इन समस्याओं का मौके पर जाकर त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता है कि किसी भी शिकायत का समाधान सही तरीके से और समयबद्ध तरीके से हो। लाभार्थियों को निस्तारण के बाद संतुष्टि मिलनी चाहिए। शिवशणप्पा जी0एन0 ने अधिकारियों से यह भी कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी समस्याएं सामने आ रही हैं, उनका गुणवत्तापूर्ण और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जन सामान्य की परेशानियों का समाधान ही प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसे किसी भी हालत में नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारियों में अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान और अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक भी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई और प्रशासन ने इस पर त्वरित कार्रवाई के संकेत दिए। यह जनसुनवाई प्रशासन की पारदर्शिता और नागरिकों के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करती है, जहां अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए सक्रिय रूप से निर्देशित किया जा रहा है।

# क्यूआर कोडः बरसाना आ रहे हैं तो न भटकेंगे, न अटकेंगे बस करना होगा यह काम

स्वतंत्र प्रभात

BARSANA HOLI 2025

**मथुरा।** आप बरसाना की लठामार होली देखने का मोह नहीं छोड पा रहे हैं और बरसाना आने का मन बना ही लिया है तो आप को बस एक काम करना होगा इसके बाद न आप कहीं भटकेंगे और नहीं कहीं अटकेंगे। साल दर साल श्रद्धालुओं की भीड बढने से प्रशासन को भी व्यवस्थाओं का विस्तार करना पड रहा है। इससे पार्किंग स्थलो से लेकर बैरिकेडिंग तक सब गुणात्मक मात्रा में बढ़ाई गयी हैं। भीड का दबाव भी पहले से अधिक रहने की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं के फंस जाने और भटक जाने की संभावना भी बढ जाती है। इससे निपटने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार कुछ अलग और नया करने की कोशिश करता रहता है, जिससे कि व्यवस्थाओं का बहतर संचालन हो सके और तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग कर मानव संसाधन की खपत को कम किया जा सके। इस बार बरसाने की होली को लेकर पुलिस प्रशासन ने क्यूआर कोड तैयार किया है। इस जगह जगह चस्पा किया जा रहा है। भटके श्रद्धालुओं को अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पुलिस विभाग ने क्यूआर कोड बनाया है। जिसको मोबाइल में स्कैन करने पर बरसाना का नक्शा खुल जाएगा। नक्शे के आधार पर श्रद्धालु अपने पार्किंग स्थल व धर्मशाला, गेस्ट हाउस तक आसानी से पहुंचन सकेंगे। बरसाना की लठामार होली में देश विदेश से लाखों श्रद्धालु श्रीजी के धाम बरसाना में आते हैं। जिनको वाहनों को विभिन्न पार्किंग स्थलों पर रो दिया जाता है। जिसके कारण श्रद्धालु राह भटक जाते हैं। भटके श्रद्धालुओं को सही रास्ता दिखलाने के लिए पुलिस विभाग ने बरसाना होली 2025 के नाम से कोड बनाया जिसको विभिन्न मार्गो व प्रमुख जगहों पर लगा दिया जाएगा। जो श्रद्धालु रास्ता भटक कर दूसरी जगह पहुंच जाते हैं उनको अपने मोबाइल पर इस कोड को स्क्रेन करते ही बरसाना का नक्शा खुल जायेगा। श्रद्धालु उक्त नक्शे के आधार पर अपने गंतव्य तक पहुंच कर अपनो से मिल लेगा। पुलिस की इस पहल को कस्बा वासियों ने सरहाया गया।

# बीएसए ने सात शिक्षक, दो शिक्षा मित्रो का वेतन रोका

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा सुनील दत्त ने छाता विकास खंड के कई स्कूलों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षा मित्र व सेवक अनुपस्थित मिला। वहीं लापरवाही पर सात शिक्षकों व दो शिक्षा मित्रों का वेतन रोके जाने की बात कही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त गत दिवस सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय पैगाँव के निरीक्षण में विद्यालय में नामांकित 104 छात्र, छात्राओं के सापेक्ष 90 छात्र विद्यालय में उपस्थित मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय पैगांव के निरीक्षण में शहनाज परवीन शिक्षा मित्र व हिमांशु रावत सेवक अनुपस्थित पाये मिले। हस्ताक्षर के कॉलम में अनुपस्थित अंकित न कर खाली पाया गया। विद्यालय में कुल नामांकित छात्रों के सापेक्ष उपस्थिति कम होने, मिड डे मील पंजिका में वास्तविक उपस्थिति से अधिक छात्र संख्या अंकित कर वित्तीय अनियमितता करने व विद्यालय परिसर में साफ-सफाई न होने के सम्बन्ध में इंचार्ज प्रधानाध्यापक मुकुल कुमार सिंह, सहायक अध्यापक मनोज कुमार, अपर्णा मिश्रा व शिक्षा मित्र हरी शंकर शर्मा का वेतन, मानदेय अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।निरीक्षण के समय विद्यालय में कुल नामांकित 233 छात्र छात्राओं के सापेक्ष 80 छात्र उपस्थित मिले। एमडीएम पंजिका में वास्तविक उपस्थिति से अधिक छात्र संख्या अंकित मिले। खण्ड शिक्षा अधिकारी छाता द्वारा भी कई बार औचक निरीक्षण कर छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए कहा गया परन्तु प्रधानाध्यापक सहित समस्त शैक्षिक स्टाफ ने अनसुना कर शिक्षण व्यवस्था को खराब करने की लापरवाही की जा रही है। इस पर प्रधानाध्यापक आशा कुमारी, सहायक अध्यापक मधू कुमारी, नारायन सिंह, अनुराधा शर्मा व शिक्षा मित्र नाहिद अख्तर का वेतन, मानदेय अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध कर दिया है। वहीं प्राथमिक विद्यालय छाता देहात का निरीक्षण 2.50 बजे किया। निरीक्षण के समय स्टाफ द्वारा बच्चों की छुट्टी कर दी गई थी।इस पर नाराजगी जताते हुए समस्त स्टाफ का वेतन रोकने के आदेश किए हैं।

# समता सैनिक दल ने फरह पंचायत को दिया 15 दिन का अल्टीमेट

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** फरह कस्वा में बढ़ती जन समस्या को लेकर नगर पंचायत के विरुद्ध समता सैनिक दल ने पथवारी चोक पर बैठकर चेतावनी दी निदान न होने पर आंदोलन करने की घोसड़ा की। समता सैनिक दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ,पी एस,वरुण व जिला अध्यक्ष रामचंद्र कर्दम का बताया कि कस्वा में दर्जनों समस्याएं है लेकिन किसी का धयान नही है कस्वे में करोड़ो रूपये से बस स्टैंड बना हुआ है लेकिन रोडवेज बसें नही रुकती है, हाइवे से सीधी निकल जाती हैं । फरह अंडर पास के नजदीक शौचालय की वयवस्था न होने के लोग अंडर पास की दीवारों पर खुले में पेशाब करते नजर आते हैं जब कि मुख्य चौराहा होने के कारण दिन भर महिलाएं और छात्राएं वहां से होकर निकलती हैं ,उन्हें भी शर्मसार होना पड़ता है। राधिका बिहार में जगह-जगह घुटनों तक पानी अभी भी हिलोरे मार रहा है निकालने के रास्ते भी अवरुध हो गए पानी के कारण कई मकानों की दीवारें चटक गई हैं शिकायत के बाद भी नगर पंचायत ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। वहीं कस्बे में जगह जगह खड़े आवारा गाय और सांड लोगों की मुसीबत बने हुए हैं इन सब समस्याओं के लिए आज समता सैनिक दल भारत ने नगर पंचायत को 15 दिन का चेतावनी देते हुए कहा है यदि समय पर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे बहुत जल्द आंदोलन करेंगे।

# विशाल पाराशर ने किया मनकामेश्वरी देवी मेला समिति का विस्तार



**मथुरा।** राया में चौत्र नवरात्रि मेला का शुभारंभ 30 मार्च से माता मनकामेश्वरी की शोभायात्रा के साथ होगा जिसको लेकर मेला अध्यक्ष विशाल पाराशर ने अपनी टीम का विस्तार कर मेला को भव्यता प्रदान करने के लिये नयी कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत कर जिम्मेदारी सौपी गयी। समिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री ललित मोहन गुप्ता, कोषाध्यक्ष कालीचरन अग्रवाल, मेला संचालक एवं सेवायत मनोज नागर, उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी, चंद्रपाल सिंह, राजकुमार उपमन्यु, दीपक चौधरी, शिवम शर्मा, हाकिम सिंह, गिर्राज सिंह, देवेंद्र सिंह, कपिल उपमन्यु, अंकुर देवा, प्रधान उपमंत्री सत्येंद्र रावत, शिवकांत सारस्वत, पुनीत चौबे, योगेश, चंदन, पीयूष, कृष्ण कुमार, सचिन, हेमेंद्र, अक्षत शर्मा, सरदार गुरुप्रीत सिंह, प्रचार मंत्री रंजीत शर्मा, सरवन, अहमद, प्रहलाद वर्मा, मोहित उपाध्याय, सोनू गोस्वामी, नीतेश पाठक, कुलदीप, अजय भट्ट, भगवती वर्मा, संगठन मंत्री सोनू सिरोही, प्रदीप अग्रवाल, हरिमोहन उपमन्यु, जितेंद्र गर्ग, कृष्णा उपमन्यु, दिनेशचंद्र, जगदीश गौड, रोहित शर्मा, राकेश रावत, मीडिया प्रभारी मनोज वार्ष्णेय, सयोजक मण्डल में सरोज देवी, नीरज अग्रवाल, विवेक सिंघल, कृष्णेन्द्र उपमन्यु, राम अग्रवाल, मार्गदर्शक मण्डल में चौधरी जवाहर सिंह, डॉ शक्तिपाल शर्मा, शिवचरन काका, शिवचरन, कर्णावत, बाबूलाल, बलवीर सिंह, विनोद गर्ग, सत्यप्रकाश भट्ट आदि कमेटी में पदाधिकारी बनाये गए।

# चार की गलती की सजा भुगत रहा पूरा गांव, गजब है सरकारी महकमे का ये नियम, जानें पूरा मामला

स्वतंत्र प्रभात



**शहडोल।** ब्यौहारी के पपरेड़ी गांव में बोर्ड एग्जाम के समय बिना सूचना के बिजली काट दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली न आने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं बिजली के अभाव में खेतों में भी काफी असर पड़ा है। सिंचाई के लिए किसानों को पानी भी नहीं मिल पा रहा है। परेशान होकर ग्रामीण अब गांव की सड़क पर धरने में बैठ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ब्यौहारी के पपरेड़ी गांव में तीन दिन पहले अचानक बिजली कट गई। गांव के लोगों को लगा कि कुछ दिक्कत की वजह से लाइट चली गई है, जल्द ही आ जाएगी। पूरी रात गुजर गई। तीन दिन होने के बाद ग्रामीणों ने जब बिजली विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली तो विभाग ने बताया कि आपके गांव का कनेक्शन काट दिया गया है। ग्रामीण अजय सिंह ने बताया कि जब गांव की बिजली तीन दिन से नहीं आई तो हमने बिजली विभाग के जेई रमेश यादव से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि गांव के चार घरों का बिजली बिल बकाया है, जिसकी वजह से गांव का कनेक्शन काट दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगभग 50 घर हैं। चार घरों का बिजली बिल अगर बकाया है तो गांव की बिजली विभाग ने क्यों काटी है। चार घरों के कारण पूरे गांव का बिजली विभाग ने कनेक्शन ही काट दिया है, जिससे अब एग्जाम दे रहे बोर्ड के छात्रों को एक बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सुरेंद्र सिंह का कहना है कि बच्चों को लालटेन जलाकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। कनेक्शन कटने की वजह से मोबाइल फोन भी चार्ज नहीं हो पा रहा है। अब बिना ओटीपी के राशन भी हमें नहीं दिया जा रहा है। आशीष सिंह ग्रामीण से जब हमने बात की तो उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए खेतों में पानी भी बिजली न होने से नहीं मिल पा रहा है, जिससे अब फसले भी सूख सकती हैं। चार घरों की गलतियां पूरा गांव झेल रहा है। नाराज ग्रामीणों ने गांव की सड़क पर ही बैठकर धरना दे दिया है। लोग का कहना है कि चार घरों की गलतियों की वजह से पूरे गांव में बिजली काट गई है। अब खेती किसानी के साथ छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में भी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है की जल्द से जल्द अगर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो वह बिजली विभाग के सामने जाकर धरने में बैठेंगे।

# ब्रज में सिर चढ़ा होली का खुमार रमणरेती में रंग बरसे बेशुमार

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** ब्रज में होली का खुमार सिर चढने लगा है। होली की मस्ती में ब्रजवासी और दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु सराबोर हो रहे हैं। आधत्मिक होली की अनूठी ठिठोली को देख कर भीड सुधबुध से खो बैठी। द्वापर कालीन दृश्य मन चित्र में साकार हो उठे। गोकुल रमणेती के उदासीन कार्ष्णि रमणरेती आश्रम में गोपाल जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को होली खेली गई। इसमें पीठाधीश्वर कार्ष्णि गुरुशरणानंद महाराज ने राधाकृष्ण स्वरुपों की आरती उतारकर होली का शुभारंभ किया। रमणरेती में उड़ा गुलाल, ठाकुर जी संग भक्तों ने खेली फूलों की होली; रसिया गीतों पर झूमे श्रद्धालु, गुलाल की होली, फूलों की होली, लठमार होली और लड्डू होली का श्रद्धालुओ ने आनंद लिया, राधाकृष्ण स्वरुपों ने ग्वाल वालों से लठामार होली खेली पीठाधीश्वर कार्ष्णि गुरु शरणानंद महाराज द्वारा राधाकृष्ण स्वरुपों को गुलाल लगा कर होली खेली गई। लड्डूओं से होली खेली गयी भक्तों को लडडू लुटाएं गए। ग्यारह हजार लीटर पानी में टेसू के रंग घोलकर रंग बनाया गया। भक्तों पर इसकी बौछार की गई। भक्त भी ठाकुरजी के रंग की एक-एक बूंद अपने ऊपर पाने के लिए लालायित दिखे। ठाकुरजी के साथ पीठाधीश्वर कार्ष्णि गुरुशरणानंद महाराज फूलों की होली खेली। इससे पूर्व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आयौ री बिहारी जमुना तट पै, मत जइयौ अकेली पनया घट पैश्, श्बांके बिहारी की बांकी मरोड़ चित लीनौ है चोर, राधे अलबेली सरकार भजैं जा राधे राधेश्, श्होरी खेलन आयो श्याम आज जाए रंग में घोरो रीश्, श्मेरौ खोयगो बाजू बंध रसिया होरी मेंश् आदि रसिया गायन पर श्रृद्धालुओं ने नृत्य करते आंनद लिया।

# धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** लोक सभा स्पीकर ओम बिरला एक दिवसीय मथुरा दौरे पर है। सोमवार को वह सर्वप्रथम अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सह परिवार वृंदावन के केसी घाट पर पहुंचे। जहां उन्होंने वेदपाठी विप्रों के सानिध्य में कालिंदी का पूजा अर्चना कर आरती उतारी। जिसके चलते संपूर्ण परिसर मां यमुना महारानी के जयकारों से गुंजायमान हो गया। वही लोकसभा स्पीकर ओम बिरला जग प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर परिसर पहुंचे। जहां पर उनको मंदिर के सेवायतों ने प्रसादी पटका और माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही ओम बिरला ने ठाकुर बांके बिहारी लाल का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया। पत्रकारों से रूबरू हुए श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने पवित्र धरा पर आकर मां यमुना महारानी का पूजन अर्चन किया है। यमुना की स्वच्छता के लिए व्यापक अभियान चल रहा है, जल्द ही यमुना साफ होगी। इसके बाद श्री बिरला अपने काफिले के साथ बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। जहां सह परिवार ठाकुर बांके बिहारी का पूजन अर्चन किया। इस दौरान सेवायत गोस्वामियों ने उन्हें ठाकुर जी की प्रसादी भेंट की। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं श्री बिरला का वृंदावन पहुंचने पर जोशीला स्वागत किया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजाम रहे। स्वागत करने वालो में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र वार्ष्णेय, भाजपा नेता विनीत शर्मा, पार्षद शशांक शर्मा, श्याम सुंदर गौतम, भाजपा नेता मुकेश गौतम, राघव भारद्वाज, अजय शर्मा, सिद्धार्थ शुक्ला, आशु बृजवासी आदि के अलावा दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण कृपा धाम में द्विदिवसीय वार्षिक पाटोत्सव कल

**मथुरा।** वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्री कृष्ण कृपा धाम में ठाकुर कृपा बिहारी महाराज का द्विदिवसीय वार्षिक पाटोत्सव महामंडलेश्वर, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद



महाराज के पावन सानिध्य में चार और पांच मार्च को अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि पाटोत्सव के अंतर्गत चार मार्च को अपराह्न 02.30 बजे से देश विदेश से आए सैकड़ों भक्तों श्रद्धालुओं के द्वारा गिरिराज गोवर्धन की सप्त कोसी परिक्रमा की जाएगी।जिसका शुभारंभ राधाकुंड से होगा। पांच मार्च को प्रातः छह बजे ठाकुर श्रीकृपा बिहारी महाराज का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात 08 बजे गीता पाठ और सत्संग आदि के कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। संत शक्ति स्वरूप ब्रह्मचारी और वासुदेव शरण महाराज ने सभी भक्तों श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

